THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

वर्ष-29 अंक : 212 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) कार्तिक कृ.8 2081 गुरुवार, 24 अक्टूबर-2024

प्रधान संपादक – डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ※ पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये

KEDIA सेजस्थान

महा दिवाली

Important Notice

आज पुष्य नक्षत्र पर

15 लाख के महा-लाभ का महायोग

FIXED PRICE GUARANTEED

दिवाली पर 15 लाख रेट बढ़ेगी !

NO MIDDLE-MEN

दिवाली बाद करोड़ों में मिलेगी कोठी !

गिनती की कुछ ही कोठी बची हैं।

FIXED PRICE & RENTAL

| PRODUCT TYPE | UNIT TYPE | SIZE | FIXED PRICE | PROPOSED RENTAL (AFTER POSSESSION) |
|---|---|---|---|---|
| WALK-UP APARTMENT | 2 BHK (GF) | 1350 Sq Ft | 63.45 LACS | 22,000 |
| | 3 BHK (SF) | 1900 Sq Ft | 70.50 LACS | 25,000 |
| | 3 BHK (FF) | 1900 Sq Ft | 77.55 LACS | 28,000 |
| KOTHI | 3 BHK BIG | 2000 Sq Ft | 84.60 LACS | 30,000 |
| | 4 BHK BIGGER | 2325 Sq Ft | 98.70 LACS | 40,000 |
| | 4 BHK BIGGEST | 3200 Sq Ft | 1.41 CRORE | 50,000 |



KEDIA सेजस्थान

KOTHI & WALK-UP APARTMENT

अजमेर रोड़, जयपुर

POSSESSION: DEC. 2025

बड़ी-बड़ी कोठी, बड़े-बड़े फ्लैट

KEDIA®

1800-120-2323

78770-72737

info@kedia.com

www.kedia.com

www.rera.rajasthan.gov.in

RERA No. RAJ/P/2023/2387

SCAN QR FOR
- LOCATION
- ROUTE MAP
- SITE 360 TOUR
- E-BROCHURE
- WALKTHROUGH

*T&C Apply

# भोपाल में काले हिरण का शिकार

## पोस्टमार्टम में मिले गोली के घाव, जांच में जुटा वन विभाग



भोपाल, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में काले हिरण के शिकार का सनसनीखेज मामला सामने आया है। राजधानी भोपाल के बरखेड़ा सालम गांव के ग्रामीण ने वन विभाग को गांव में काले हिरण का शव पड़े होने की सूचना दी, जिसके बाद गांव पहुंचकर वन विभाग की टीम ने काले हिरण के शव को कब्जे में लिया। वन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक काले हिरण की उम्र करीब पांच साल थी। उसकी गर्दन के पास गहरा घाव था, इसके अलावा हिरण के शरीर में कहीं पर भी चोट के निशान नहीं थे।

इससे आशंका जताई जा रही है कि गोली मारकर काले हिरण का शिकार किया गया होगा। भोपाल के जेल पहाड़ी स्थित पशु अस्पताल में काले हिरण के शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। बताया जा रहा है कि गांव वालों के जाग जाने के कारण शिकारी शव को अपने साथ नहीं ले जा पाए। वन विभाग ने फिलहाल अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर पूरे मामले की छानबीन शुरू कर दी है। वन अधिकारियों के मुताबिक पोस्टमार्टम की विस्तृत रिपोर्ट मिलने के बाद ही काले हिरण की मौत का सही कारण पता चल सकेगा। इसके बाद रिपोर्ट के आधार पर वन अपराध प्रकरण दर्ज कर जांच कमेटी बनाई जाएगी।

# गैंगस्टर छोटा राजन को बड़ी राहत

## जया शेट्टी हत्याकांड में बॉम्बे हाई कोर्ट ने दी जमानत



मुंबई, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। बॉम्बे हाई कोर्ट ने 2001 के जया शेट्टी हत्याकांड में गैंगस्टर छोटा राजन को जमानत दे दी है। इस मामले में उसे इस साल की शुरुआत में दोषी ठहराया गया था और आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। जस्टिस रेवती मोहिते डेरे और जस्टिस पृथ्वीराज चव्हाण की खंडपीठ ने उसे 1 लाख रुपये के मुचलके पर जमानत दी है।

**तिहाड़ में बंद है छोटा राजन**

छोटा राजन के खिलाफ जबरन वसूली और संबंधित अपराधों के लिए कई मामले दर्ज किए गए हैं, इसलिए होटल व्यवसायी की हत्या के मामले में उसके और अन्य आरोपियों के खिलाफ मकोका के तहत भी आरोप जोड़े गए। पिछले दो अलग-अलग मुकदमों में हत्या के मामले में तीन अन्य आरोपियों को दोषी ठहराया गया था तथा एक को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया गया था।

राजन 2011 में पत्रकार जे डे की हत्या के मामले में पहले से ही आजीवन कारावास की सजा काट रहा है और वर्तमान में दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद है।

**कैसे हुआ था गिरफ्तार?**

छोटा राजन जो हर बार किसी न किसी पैंतरे से बच जाता था, फंसा भी तो एक फोन कॉल से। छोटा राजन हमेशा वीओआईपी नंबर के जरिए कॉल करता था, लेकिन उस दिन उसने वाट्सऐप के जरिए अपने एक नजदीकी का हालचाल जानने के लिए कॉल किया। इसी कॉल को सुरक्षा एंजेंसियों ने टैप कर लिया और अलर्ट हो गईं। फोन पर राजन ने कहा था कि वह आस्ट्रेलिया में सेफ नहीं है, इसीलिए जल्द ही यहां से वह निकल जाएगा।

इसके बाद एंजेंसियों ने इंटरपोल से संपर्क किया जिसके बाद वह भी अलर्ट हो गईं। 25 अक्टूबर 2015 को ऑस्ट्रेलियन फेडरल पुलिस को पता चला कि एक इंडियन शख्स बाली जा रहा है, फेडरल पुलिस ने इंटरपोल के जरिए बाली इमिग्रेशन डिपार्टमेंट को जानकारी दी और छोटा राजन का प्लेन जैसे ही बाली पहुंचा, उसे पकड़ लिया गया। फिर उसे इंडिया लाया गया। गिरफ्तारी के समय राजन काफी डरा हुआ था, उसने खुद की जान को लेकर खतरा बताया था, उसने कहा था कि डी कंपनी उसकी जान के पीछे पड़ी हुई है। इसके बाद राजन को तिहाड़ जेल भेज दिया गया।

# अन्नाद्रमुक के पूर्व मंत्री के ठिकानों पर ईडी का छापा

## मनी लॉन्ड्रिंग मामले को लेकर की बड़ी कार्रवाई

चेन्नई, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धन शोधन से संबंधित एक मामले की जांच के सिलसिले में बुधवार को अन्नाद्रमुक के पूर्व मंत्री वैथिलिंगम एवं कुछ अन्य लोगों से जुड़े परिसरों पर छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। छापेमारी की ये कार्रवाई धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत चेन्नई सहित राज्य के चार शहरों में की जा रही है। ईडी की यह जांच तमिलनाडु आवास विकास मंत्री के रूप में वैथिलिंगम के कार्यकाल के दौरान चेन्नई मेट्रोपॉलिटन विकास प्राधिकरण के कार्यों के लिए मंजूरी देने में कथित लेन-देन से संबंधित है। पूर्व मुख्यमंत्री ओ। पनीरसेल्वम के करीबी माने जाने वाले वैथिलिंगम को 2022 में पूर्व मुख्यमंत्री एवं मौजूदा पार्टी प्रमुख एडाप्पडी के। पलानीस्वामी के बीच नेतृत्व के मुद्दे के दौरान पनीरसेल्वम के साथ अन्नाद्रमुक से निष्कासित कर दिया गया था। ईडी की यह जांच तमिलनाडु आवास विकास मंत्री के रूप में वैथियलिंगम के कार्यकाल के दौरान चेन्नई मेट्रोपॉलिटन विकास प्राधिकरण के कार्यो के लिए मंजूरी देने में कथित लेन-देन से संबंधित है। उन्हें 2022 में पूर्व सीएम एडाप्पडी के। पलानीस्वामी के नेतृत्व में परीनसेल्वम के साथ पार्टी से निष्काषित कर दिया गया था। सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक निदेशालय ने पिछले महीने वैथियलिंगम और उनके बड़े बेटे वी। प्रभु के खिलाफ भ्रष्टाचार में शामिल होने के आरोप में मामला दर्ज किया था।

## भारत और पाकिस्तान ने श्री करतारपुर साहिब कॉरिडोर पर समझौते को पांच साल के लिए बढ़ाया

करतारपुर, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारत और पाकिस्तान ने श्री करतारपुर साहिब कॉरिडोर पर समझौते को अगले पांच साल के लिए और बढ़ा दिया है। विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा 'भारत और पाकिस्तान ने श्री करतारपुर साहिब कॉरिडोर पर समझौते को अगले पांच साल के लिए नवीनीकृत किया है।' विदेश मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार 'हमारे सिख समुदाय को उनके पवित्र स्थलों तक पहुंच की सुविधा प्रदान करना जारी रखेगी।' पाकिस्तान द्वारा प्रति तीर्थयात्री प्रति यात्रा 20 अमेरिकी डॉलर का सेवा शुल्क लगाए जाने को हटाने के संबंध में तीर्थयात्रियों के निरंतर अनुरोध के मद्देनजर भारत ने एक बार फिर पाकिस्तान से तीर्थयात्रियों पर कोई शुल्क या प्रभार नहीं लगाने का आग्रह किया है। केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने करतारपुर कॉरिडोर समझौते की अवधि बढ़ाई जाने पर कहा, 'सिख संगत के लिए बड़ी खुशी की खबर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की दूरदर्शिता और सिख संगत के सदस्यों के प्रति उनके अपार स्नेह और हमारी धार्मिक भावनाओं के प्रति सम्मान से प्रेरित होकर भारत से तीर्थयात्रियों को श्री करतारपुर साहिब कॉरिडोर के रास्ते से ऐतिहासिक गुरुद्वारा दरबार साहिब करतारपुर की यात्रा की सुविधा प्रदान करने के लिए समझौते की वैधता को पांच साल के लिए और बढ़ा दिया गया है।'

## उपचुनाव से पहले भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुए योगीश्वर, चन्नपटना से हो सकते हैं उम्मीदवार



बंगलूरू, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। हाल में विधान परिषद की सदस्यता से इस्तीफा देने वाले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता सीपी योगीश्वर बुधवार को कांग्रेस में शामिल हो गए। पार्टी सूत्रों ने बताया कि उन्हें 13 नवंबर को चन्नपटना विधानसभा सीट से उपचुनाव के लिए कांग्रेस उम्मीदवार के तौर पर मैदान में उतारे जाने की संभावना है। पूर्व मंत्री ने भाजपा की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देने के बाद दिन में मुख्यमंत्री सिद्धरमैया और उपमुख्यमंत्री डी। के। शिवकुमार से मुलाकात की। योगीश्वर ने सोमवार को विधान परिषद की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने हुबली में विधान परिषद के सभापति बसवराज होरट्टी को अपना इस्तीफा सौंपते हुए स्पष्ट कर दिया कि वह उपचुनाव लड़ेंगे।

कर्नाटक की संदूर और शिग्गांव विधानसभा सीटों के साथ चन्नपटना में भी उपचुनाव होंगे। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 25 अक्टूबर है और नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर है। जनता दल (एस) के प्रदेश अध्यक्ष और वर्तमान में केंद्रीय मंत्री एच। डी। कुमारस्वामी के मांड्या संसदीय क्षेत्र से लोकसभा के लिए निर्वाचित होने के बाद चन्नपटना सीट खाली हुई है, जिसके चलते वहां उपचुनाव हो रहा है। भाजपा द्वारा चन्नपटना सीट गठबंधन सहयोगी जद (एस) को दिए जाने के बाद अभिनेता से नेता बने योगीश्वर ने गठबंधन नेताओं से भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ने के संबंध में विचार करने की अपील की थी। उन्होंने यह भी कहा था कि टिकट नहीं मिलने पर वे निर्दलीय चुनाव लड़ने की योजना बना रहे हैं। योगीश्वर को जद (एस) के टिकट पर मैदान में उतारने की योजना थी, लेकिन वह इसमें रुचि नहीं ले रहे थे। इसके बजाय वह चाहते थे कि कुमारस्वामी उन्हें भाजपा उम्मीदवार के रूप में समर्थन दें, जो कुमारस्वामी और उनकी पार्टी को स्वीकार्य नहीं था।

# बायजू के खिलाफ दिवालियापन की कार्यवाही रोकने का एनसीएलएटी का फैसला खारिज

## सुप्रीम कोर्ट ने यह कहा

नई दिल्ली, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने एड-टेक कंपनी बायजू के खिलाफ दिवालियेपन की कार्यवाही बंद करने के राष्ट्रीय कंपनी कानून अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) के फैसले को खारिज कर दिया है। न्यायाधिकरण ने बायजू और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के बीच करीब 158 करोड़ रुपये के समझौते को भी स्वीकार कर लिया था, अदालत ने उस फैसले को भी पलट दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि 158 करोड़ रुपये की राशि लेनदारों की समिति के एस्क्रो खाते में जमा की जाएगी और इसे लेनदारों की ओर से नियंत्रित किया जाएगा। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने एनसीएलएटी के आदेश के खिलाफ अमेरिकी कंपनी ग्लास ट्रस्ट कंपनी एलएलसी की याचिका पर अपना फैसला सुनाया। न्यायालय ने कहा कि एनसीएलएटी ने शिक्षा क्षेत्र की प्रौद्योगिकी कंपनी के खिलाफ दिवाला कार्यवाही बंद करते समय विवेक का इस्तेमाल नहीं किया और मामले में नए सिरे से निर्णय लेने का आदेश दिया। एनसीएलएटी ने दो अगस्त को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के साथ 158.9 करोड़ रुपये के बकाया निपटान को मंजूरी देने के बाद बायजू के खिलाफ दिवाला कार्यवाही को बंद करने का आदेश दिया था। यह फैसला बायजू के लिए बड़ी राहत लेकर आया, क्योंकि इसने प्रभावी रूप से इसके संस्थापक बायजू रवींद्रन को फिर से कंपनी का नियंत्रण दे दिया था।

हालांकि, यह राहत थोड़े समय की रही क्योंकि बायजू को झटका देते हुए शीर्ष अदालत ने 14 अगस्त को एनसीएलएटी के फैसले पर रोक लगा दी थी। मामला बीसीसीआई के साथ एक प्रायोजन सौदे से संबंधित 158.9 करोड़ रुपये के भुगतान में बायजू की चूक से जुड़ा है।

# कोई गंभीरता नहीं

## हरियाणा और पंजाब सरकार को पराली मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट ने जम कर फटकारा



नई दिल्ली, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। दिल्ली-एनसीआर की आबोहवा और पराली जलाए जाने के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट में आज (बुधवार) सुनवाई हुई। इस दौरान कोर्ट ने पंजाब-हरियाणा को फटकार लगाई है। सर्वोच्च अदालत ने कहा कि पराली जलाने को लेकर आप सिर्फ कारण बताओ नोटिस कर रहे हैं। यह आपका रवैया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कानून के तहत कार्रवाई करने में दोनों सरकारें पूरी तरह से नाकाम साबित हुई हैं। पराली जलाने के खिलाफ कदम उठाने को लेकर कोई गंभीरता नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अदालत में गलत बयानी की जा रही है। हम अवमानना नोटिस जारी करेंगे, अन्यथा हमें हकीकत बताएं।

**हरियाणा सरकार ने 24 अधिकारियों को किया निलंबित**

वहीं, हरियाणा सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण विभाग ने अपने-अपने क्षेत्रों में पराली जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए पर्याप्त कदम उठाने में कथित विफलता को लेकर 24 अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। इस संबंध में 20 अक्टूबर को आदेश जारी किया गया था। आदेश में उल्लेख किया गया है कि अधिकारियों को प्रशासनिक आधार पर निलंबित किया गया है। उच्चतम न्यायालय ने पराली जलाने के दोषी लोगों पर मुकदमा न चलाने को लेकर पंजाब और हरियाणा सरकारों की खिंचाई की थी, जबकि राज्य के मुख्य सचिवों को स्पष्टीकरण के लिए 23 अक्टूबर को पेश होने के लिए कहा था।

राजधानी दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण का एक बड़ा कारक पराली का जलाया जाना है। उधर, दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान के परिवहन मंत्रियों को पत्र लिखकर आग्रह किया कि वे यह सुनिश्चित करें कि जीआरएपी के दूसरे चरण के प्रतिबंधों के मद्देनजर उनके राज्यों से कोई भी डीजल बस राष्ट्रीय राजधानी में न आए।

## हिंदू नाम बताकर लड़की से दोस्ती, फिर की छेड़छाड़, पुलिस ने ऐसे सिखाया सबक

नई दिल्ली, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। सोशल मीडिया पर एक वीडियो बड़ी तेजी से वायरल हो रहा है जिसमें साफ देखा जा सकता है कि एक लड़के को कुछ पुलिस वाले पकड़कर पीसीआर वैन में बैठा रहे हैं। दरअसल, ये वीडियो दिल्ली के दीन दयाल उपाध्याय मार्ग का है। लड़के पर आरोप है कि वो वीडियो में दिख रही लड़की से बदसलूकी कर रहा है। जैसे ही पुलिस को इस बारे में जानकारी मिली तो पुलिसकर्मियों ने आरोपी लड़के को पकड़ा और अपने साथ पीसीआर वैन में बैठकर थाने ले जाना चाहा तो आरोपी लड़का थाने चलने को तैयार नहीं हुआ। हालांकि पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए वीडियो में दिखाई दे रही 17 वर्षीय पीड़ित लड़की से पुलिस ने संपर्क किया तो पता चला कि पीड़िता आरोपी को 2 साल से जानती है। आरोपी का नाम समद अंसारी उर्फ याहया कमाल है और उसकी उम्र 18 साल है।

# बाबा सिद्दीकी हत्याकांड

## लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल के संपर्क में थे शूटर, आरोपियों से पूछताछ में खुलासा



मुंबई, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। बाबा सिद्दीकी की हत्या मामले की जांच कर रही मुंबई क्राइम ब्रांच ने खुलासा किया है कि शूटर्स लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोन बिश्नोई के सीधे संपर्क में थे। क्राइम ब्रांच के मुताबिक, आरोपियों से पूछताछ में पता चला है कि शूटर लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल बिश्नोई के सीधे संपर्क में थे। हालांकि पूछताछ में हत्या का कारण पता नहीं चला है।

**क्राइम ब्रांच को मिला लिंक**

मुम्बई क्राइम ब्रांच को एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी हत्या मामले की जांच के दौरान पहली बार लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल बिश्नोई का शूटर्स से सीधा लिंक मिल गया है। सामने आया है कि, हत्या करने वाले संदिग्ध तीन शूटर्स ने हत्या से पहले एक इंस्टेंट मैसेजिंग ऐप (स्नैपचैट) के जरिए जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल बिश्नोई से बातचीत की थी। अनमोल बिश्नोई भी एक शूटर और साजिशकर्ता प्रवीण लोनकर के संपर्क में था। अनमोल कनाडा और अमेरिका से आरोपियो के संपर्क में था। आरोपियों के पास से चार मोबाइल फोन भी जब्त किए गए हैं।

**10 आरोपी अब तक हुए गिरफ्तार**

क्राइम ब्रांच ने बाबा सिद्दीकी हत्या मामले में अब तक 10 आरोपियो को गिरफ्तार किया है, जिनमें दो शूटर और हथियार सप्लायर भी शामिल हैं। बाबा सिद्दीकी हत्या मामले में शूटर शिवकुमार गौतम और कई आरोपी जिसे पुलिस ने आरोपी बताया है वो फरार है। आरोपी स्नैपचैट के ज़रिए एक-दूसरे से संपर्क में थे और मैसेज के माध्यम से निर्देश मिलने के बाद उसे तुरंत डिलीट कर देते थे। ऐसे ही जब गिरफ्तार आरोपियों के स्नैपचैट को बारीकी से खंगाला गया तब पता चला कि शूटर्स और प्रवीण लोनकर सीधे-सीधे अनमोल बिश्नोई के संपर्क में थे। इस मामले में अब क्राइम ब्रांच जल्द ही मकोका की संबंधित धाराएं जोड़ने की तैयारी में है। जांच के दौरान क्राइम ब्रांच को कई स्नैपचैट अकाउंट्स की जानकारी मिली जिसका इस्तेमाल कर आरोपी एक-दूसरे के संपर्क में थे।

## पीछा कर नाबालिग लड़की से छेड़छाड़

### 24 घंटे में दबोचा आरोपी पोक्सो एक्ट के तहत एफआईआर

नई दिल्ली, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। आउटर दिल्ली के स्वरूप नगर में एक नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, डीसीपी आउटर-नॉर्थ डिस्ट्रिक्ट ने बताया कि बीती 21 अक्टूबर को थाना स्वरूप नगर में नाबालिग लड़की के साथ छेड़छाड़ और पीछा करने के संबंध में सूचना मिली था। सूचना मिलने के बाद एसआई नीलम अपने स्टाफ के साथ बिना देरी किए मौके पर पहुंची और नाबालिग लड़की का बयान दर्ज किया। पीड़िता के बयान के अनुसार, थाना स्वरूप नगर में एफआईआर दर्ज की गई।

## कार सवार एलएलएम छात्र को बाइक सवारों ने मारी गोली, साथी डॉक्टर हमले में बाल-बाल बचा

जबलपुर, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। जबलपुर-भोपाल हाईवे रोड रोड पर ग्राम कुडन के समीप कार सवार युवक को बाइक सवार तीन युवकों ने गोली मार दी। कंधे में गोली लगने के कारण घायल युवक को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एक गोली कार के बोनट में भी लगी है। पुलिस ने हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है। सीएसपी बरगी के अनुसार छिंदवाड़ा निवासी दीनू डोंगरे एलएलएम की परीक्षा देने जबलपुर आया था।

युवक ने कुछ समय पूर्व नई कार खरीदी थी। वह अपने दोस्त डॉ। रविशंकर उइके के साथ कार की ट्रायल लेने जबलपुर-भोपाल हाईवे पर आए थे। कुडन के समीप उन्होने अपनी कार सर्विस रोड पर खड़ी कर दी थी। इसी दौरान बाइक सवार तीन युवक आए और कार में बैठे दीनू पर फायरिंग कर दी। इस घटना में एक गोली दीनू के कंधे में तथा दूसरी गोली कार के बोनट में लगी है।

## राजनीति में चेहरे बदलते हैं, लेकिन उम्मीद कायम रहती है, ममता ने बांग्लादेश से की ये अपील



कोलकाता, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बांग्लादेश सरकार से अनुरोध किया कि वह राज्य के 84 मछुआरों को रिहा करे, जिन्हें हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय सीमा पार करने के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। राज्य सचिवालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा, भारत का बांग्लादेश के साथ बहुत अच्छी मित्रता है, हाल ही में दो मछली पकड़ने वाले ट्रॉलर बांग्लादेश की सीमा में प्रवेश कर गए, जिसके कारण 36 मछुआरों को गिरफ्तार किया गया। इसके बाद तीन और ट्रॉलर 48 मछुआरों के साथ गलती से सीमा पार कर गए, जिससे उन्हें भी गिरफ्तार कर जेल में डाल दिया गया। ममता ने दो देशों के बीच मजबूत दोस्ती और सहयोग का मामला बताया। उन्होंने कहा बांग्लादेश हमारा दोस्त है, एक ही भाषा बोलते हैं, एक ही खाना खाते हैं और एक ही तरही का पहनावा पहनते हैं।

**पता लगाना जरूरी, क्या है सीमा पार की असली वजह- सीएम**

उन्होंने बांग्लादेश सरकार से भारतीय मछुआरों के बारे में सोचने का अनुरोध किया। साथ ही बनर्जी ने यह भी कहा कि हो सकता है, मछुआरों ने अनजाने में सीमा पार की हो या इसके पीछे कोई दूसरा कारण हों। उन्होंने कहा, "हमें यह पता लगाना होगा कि वे गलती से गए थे या इसके पीछे कुछ और कारण हैं। अपनी सहानुभूति दिखाते हुए उन्होंने कहा हम कानूनी रूप से जो भी किया जा सकता है, वह कर रहे हैं। बता दें ममता ने मछुआरों को पहले भी पड़ोसी देशों के जलक्षेत्र में न जाने की चेतावनी दी थी और कहा था कि वर्तमान राजनीतिक स्थिति को देखते हुए सतर्कता बरतनी चाहिए।

**'राजनीतिक चेहरे बदले हैं, लेकिन हालात फिर सुधरेंगे'**

मुख्यमंत्री ने यह भी उल्लेख किया कि तीन दिन पहले एक बांग्लादेशी ट्रॉलर बंगाल की जल सीमा में पलट गया था, जिसके चार मछुआरों को भारतीय तटरक्षक बल ने बचाया था। ममता ने कहा कि बांग्लादेशी मछुआरों को रिहा कर दिया गया क्योंकि उनके पास वैध दस्तावेज थे। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच अच्छे रिश्ते बनाए रखना जरूरी है, क्योंकि इससे कई मुद्दों का समाधान जल्दी और आसानी से हो सकता है। आगे उन्होंने कहा "राजनीति में चेहरे बदलते हैं, लेकिन हमें उम्मीद है कि हालात फिर से सुधरेंगे और हमारे संबंध और मजबूत होंगे।"

## शराब के लिए पैसे नहीं देने पर ससुर के घर में लगाई आग, इस मामले में जा चुका है जेल

ठाणे, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के ठाणे जिले से एक घर में आग लगाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। दरअसल, ठाणे के भिवंडी कस्बे में शराब खरीदने के लिए रुपये नहीं मिलने पर 22 वर्षीय व्यक्ति ने अपने ससुर के घर में कथित तौर पर आग लगा दी। पुलिस अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि शिकायत मिलने पर अहमद दिलावर खान नाम के व्यक्ति के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज किया गया है। घटना से एक दिन पहले ही दिलावर खान को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया था। लेकिन, स्थानीय अदालत ने उसे जमानत दे दी थी। निजामपुरा पुलिस स्टेशन के अधिकारी ने बताया कि घर जलाने के मामले की जांच चल रही है। उन्होंने कहा कि नदीनाका इलाके के रहने वाले अहमद दिलावर खान ने शराब खरीदने के लिए अपनी पत्नी और उसके परिवार से 1,000 रुपये मांगे। जब उन्होंने उसे पैसे देने से इनकार कर दिया, तो वह नाराज हो गया और सुबह करीब 5 बजे अपने ससुर के घर पर पेट्रोल फेंककर आग लगा दी।

# क्या कश्मीर से वापस भेजे जा रहे प्रवासी मजदूर

## महबूबा के दावे को अधिकारियों ने निराधार कहा



जम्मू, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। कश्मीर में अधिकारियों ने पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती के उस दावे को 'निराधार अफवाह' बताकर मंगलवार को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने कहा था कि गगनगीर निर्माण स्थल पर आतंकवादी हमले के मद्देनजर गैर-स्थानीय श्रमिकों को घाटी छोड़ने के लिए कहा जा रहा है। इस हमले में सात लोगों की मौत हो गई थी। महबूबा मुफ्ती ने उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से घाटी से गैर-स्थानीय मजदूरों के पलायन को रोकने को कहा था। मुफ्ती ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, सोनमर्ग में हुए बर्बर हमले के बाद ऐसी खबरें हैं कि स्थानीय प्रशासन गैर स्थानीय मजदूरों पर तत्काल घाटी छोड़ने का दबाव बना रहा है। हालांकि मैं उनके डर को समझ सकती हूं, लेकिन उन्हें इस तरह से घाटी छोड़ने के लिए कहना कोई समाधान नहीं है। पुलिस और नागरिक प्रशासन ने हालांकि इस दावे को 'निराधारट बताते हुए खारिज कर दिया और लोगों से सोशल मीडिया पर ऐसी झूठी खबरों पर ध्यान न देने का आग्रह किया।

**'इनमें कोई दम नहीं'**

एक आधिकारिक प्रवक्ता ने यहां कहा कि प्रशासन की ओर से गैर-स्थानीय श्रमिकों को कश्मीर छोड़ने के लिए मजबूर करने संबंधी खबरें 'निराधार' हैं, इनमें कोई दम नहीं है। प्रवक्ता ने कहा, "संभागीय प्रशासन ने घाटी में गैर-स्थानीय श्रमिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी जरूरी उपाय किए हैं। प्रशासन की ओर से गैर-स्थानीय श्रमिकों पर घाटी छोड़ने का दबाव डालने के बारे में सोशल मीडिया मंच पर कहीं गई बातें कोरी अफवाहें हैं। प्रशासन ने लोगों से बेबुनियाद अफवाहों को बढ़ावा देने से बचने का आग्रह किया और घाटी में शांति को बाधित करने की मंशा रखने वाले निहित स्वार्थ वाले व्यक्तियों के एजेंडे को विफल करने के लिए स्थानीय लोगों से सहयोग मांगा।

**देश में नकारात्मक संदेश जाएगा- मुफ्ती**

पूर्व मुख्यमंत्री मुफ्ती ने कहा कि श्रमिकों के चले जाने से और अधिक कठिनाइयां पैदा होंगी और देश में नकारात्मक संदेश जाएगा। उन्होंने कहा, "जम्मू कश्मीर में हाल ही में शांतिपूर्ण, आतंक मुक्त चुनाव संपन्न हुए हैं और यह जल्दबाजी में लिया गया निर्णय कुछ और ही साबित करेगा। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष ने कहा कि इस कदम से देश के अन्य हिस्सों में काम करने या पढ़ाई करने वाले कश्मीरियों के खिलाफ आक्रोश पैदा हो सकता है। उन्होंने कहा, "मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से अनुरोध है कि वे हस्तक्षेप करें और कम से कम उन्हें पर्याप्त समय दें। रविवार शाम श्रीनगर-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक सुरंग निर्माण स्थल पर आतंकवादियों ने एक डॉक्टर और छह मजदूरों की गोली मारकर हत्या कर दी थी। कश्मीर जोन पुलिस ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि गैर-स्थानीय मजदूरों को घाटी से जाने के लिए कहने के दावे झूठे हैं।





THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता


epaper.vaartha.com

वर्ष-29 अंक : 212 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) कार्तिक कृ.8 2081 गुरुवार, 24 अक्टूबर-2024

प्रधान संपादक – डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ❊ पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये

### आज शक्तिशाली चक्रवात 'दाना' में तब्दील होगा

कोलकाता, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल में चक्रवाती तूफान दाना का असर दिखने लगा है। बुधवार सुबह हल्की बारिश हुई। दोपहर होते-होते कोलकाता और आसपास के इलाकों में बारिश शुरू हो गई है। बारिश के कारण कई जगह जाम की स्थिति बनने लगी है। पश्चिम बंगाल सरकार ने तूफान के मद्देनजर आज से शनिवार तक नौ जिलों में सभी स्कूल बंद कर दिए है। उल्लेखनीय है कि बंगाल की खाड़ी में मंगलवार को गहरा निम्न दबाव बना था। बुधवार को चक्रवात 'दाना' परिवर्तिन हो गया है। अब मौसम विभाग ने बताया है कि 24 तारीख की सुबह यह उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी में तीव्र चक्रवात में बदल जाएगा।



# 'आपसी विश्वास और सम्मान जरूरी'

## पीएम मोदी और शी जिंनपिंग ने 50 मिनट चर्चा की

कजान (रूस), 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को यहां ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से इतर चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ द्विपक्षीय वार्ता की, जो मई 2020 में पूर्वी लद्दाख सीमा विवाद पैदा होने के बाद दोनों देशों के बीच शीर्ष स्तर पर पहली बैठक है। यह वार्ता ऐसे समय में हुई है, जब हाल ही में भारत और चीन ने पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर अपनी सेनाओं द्वारा गश्त करने के समझौते पर सहमति जताई थी। चार साल से चल रहे गतिरोध को समाप्त करने की दिशा में इसे एक बड़ी सफलता माना जा रहा है।

नवंबर 2022 में मोदी और शी ने इंडोनेशियाई राष्ट्रपति द्वारा जी-20 नेताओं के लिए आयोजित रात्रिभोज में एक-दूसरे का अभिवादन किया और संक्षिप्त बातचीत की थी। पिछले वर्ष अगस्त में भी भारतीय प्रधानमंत्री और चीनी राष्ट्रपति ने ब्रिक्स (ब्राजील-रूस-भारत-चीन-दक्षिण अफ्रीका) शिखर सम्मेलन के दौरान जोहानिसबर्ग में एक संक्षिप्त और अनौपचारिक बातचीत की थी। द्विपक्षीय मुलाकात के दौरान चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग ने



पीएम मोदी से कहा, कजान में आपसे मिलना मेरे लिए बहुत खुशी की बात है। पिछले पांच वर्षों में यह हमारी पहली औपचारिक मुलाकात है। हमारे दोनों देशों के लोग और अंतरराष्ट्रीय समुदाय हमारी बैठक पर बहुत ध्यान दे रहे हैं। चीन और भारत दोनों प्राचीन सभ्यताएं, प्रमुख विकासशील देश और वैश्विक दक्षिण के महत्वपूर्ण सदस्य हैं। हम दोनों अपने-अपने आधुनिकीकरण के प्रयासों के एक महत्वपूर्ण चरण में हैं। यह हमारे दोनों देशों और लोगों के मूल हितों की सर्वोत्तम सेवा है।

जिनपिंग ने कहा, अधिक संवाद और सहयोग करना दोनों पक्षों के लिए महत्वपूर्ण है। हमें अपनी भिन्नताओं और असहमतियों को सही तरीके से संभालना चाहिए और एक दूसरे के विकास की आकांक्षाओं को आगे बढ़ाने में मदद करनी चाहिए। दोनों पक्षों का अपनी अंतरराष्ट्रीय जिम्मेदारियों को निभाने, विकासशील देशों की ताकत और एकता को बढ़ाने के लिए उदाहरण पेश करने और अंतरराष्ट्रीय संबंधों में बहुध्रुवीयता और लोकतंत्र को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण योगदान है।

**सीमा पर शांति-स्थिरता बनाए रखना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए: पीएम मोदी**

वहीं, पीएम मोदी ने कहा, हम पांच साल बाद औपचारिक बैठक कर रहे हैं। हमारा मानना है कि भारत-चीन संबंध न केवल हमारे लोगों के लिए बल्कि वैश्विक शांति, स्थिरता और प्रगति के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं।

### दोनों नेताओं की बैठक पर विदेश सचिव ने कहा

इस द्विपक्षीय बैठक पर विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने कहा, पीएम मोदी ने 16वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से इतर राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की। करीब पांच वर्षों में प्रतिनिधिमंडल स्तर पर यह उनकी पहली द्विपक्षीय बैठक थी। आखिरी बैठक 2019 में ब्राजील में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान हुई थी। मिस्री ने कहा, यह बैठक सैनिकों की वापसी और गश्त समझौते और 2020 में भारत-चीन सीमा क्षेत्रों में पैदा हुए मुद्दों के समाधान के ठीक बाद हुई है।

पिछले कई हफ्तों से राजनयिक और सैन्य चैनलों पर निरंतर बातचीत के जरिए दोनों पक्षों के बीच बनी सहमति का दोनों नेताओं ने स्वागत किया। पीएम मोदी ने सीमा से जुड़े मामलों पर हमारे मतभेदों को हमारी सीमाओं पर शांति भंग न करने के महत्व पर जोर दिया।

# जगन ने बहन शर्मिला के खिलाफ एनसीएलटी का खटखटाया दरवाजा

## कहा-अवैध तरीके से शेयर अपने नाम ट्रांसफर किए

हैदराबाद, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) प्रमुख वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने अपनी बहन और आंध्र प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष वाईएस शर्मिला पर बड़ा आरोप लगाया। उन्होंने एनसीएलटी में याचिका दायर कर कहा कि उनके और उनकी पत्नी भारती के स्वामित्व वाली सरस्वती पावर एंड इंडस्ट्रीज के शेयरों को शर्मिला ने अवैध रूप से अपने और अपनी मां विजयम्मा के नाम पर स्थानांतरित कर लिया है।



**कौन हैं वाईएस शर्मिला?**

वाईएस शर्मिला आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री वाईएस राजशेखर रेड्डी की बेटी और वाईएसआरसीपी प्रमुख वाईएस जगन मोहन रेड्डी की छोटी बहन हैं। शर्मिला अपने भाई जगन से एक साल की छोटी हैं और वह 51 साल की हैं।

शर्मिला का विवाह भाई अनिल कुमार से हुआ है, जो आंध्र प्रदेश में अपने धर्म प्रचार के लिए जाने जाते हैं। अनिल कुमार ने वाईएसआर की मृत्यु के बाद अपनी प्रचार गतिविधियों से ब्रेक ले लिया था और 2010 में इसे फिर से शुरू किया। शर्मिला के दो बच्चे हैं, जिनका नाम है राजा रेड्डी और अंजलि रेड्डी। शर्मिला के अपने भाई जगन से राजनीतिक रूप से तल्ख रिश्ते रहे हैं। शर्मिला अपने भाई के साथ ही वाईएसआर कांग्रेस पार्टी का हिस्सा थीं, मगर जुलाई 2021 में उन्होंने अपनी राह अलग कर ली थी।

**नवंबर में होगी सुनवाई**

जगन और शर्मिला के बीच झगड़े ने कानूनी लड़ाई के रूप में एक नया मोड़ ले लिया है, जब पिछले महीने राष्ट्रीय कंपनी कानूनी न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) की हैदराबाद पीठ ने दायर याचिका पर आगे की सुनवाई के लिए नवंबर की तारीख तय की।

याचिका में जगन ने कहा कि उन्होंने शर्मिला के साथ एक सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किया था, जिसमें उन्होंने कहा था कि 'प्यार और स्नेह के कारण' वह सरस्वती पावर एंड इंडस्ट्रीज में अपने और अपनी पत्नी के शेयरों को गिफ्ट डीड के जरिए अपनी अलग हो चुकी बहन को ट्रांसफर कर देंगे, बशर्ते प्रवर्तन निदेशालय द्वारा कुर्की सहित कुछ संपत्तियों के संबंध में मामले लंबित हों।

# प्रियंका ने वायनाड लोकसभा सीट से नामांकन भरा

## बोलीं-35 साल पिता, मां-भाई के लिए कैंपेन किया, पहली बार अपने लिए समर्थन मांग रही



वायनाड, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने रोड शो के बाद वायनाड लोकसभा सीट से नामांकन दाखिल कर दिया है। इस दौरान उनके साथ भाई राहुल गांधी, मां सोनिया गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे भी मौजूद रहे। प्रियंका ने नामांकन से पहले कहा-जब मैं 17 साल की थी, तब मैंने पहली बार पिता के लिए 1989 में कैंपेन किया था। तब से इन 35 साल के दौरान मां, भाई के लिए वोट मांगें। अब पहली बार खुद के लिए समर्थन मांग रही हूं। राहुल गांधी ने कहा कि वायनाड देश का ऐसा क्षेत्र है जहां से 2 सांसद हैं। एक आधिकारिक सांसद और दूसरा अनौपचारिक सांसद। दोनों वायनाड के लिए काम करेंगे।

प्रियंका गांधी पहली बार चुनाव लड़ रही हैं। भाजपा ने उनके खिलाफ नाव्या हरिदास को उतारा है। लोकसभा चुनाव 2024 में राहुल गांधी ने केरल की वायनाड और यूपी की रायबरेली लोकसभा सीट से जीत हासिल की थी। उन्होंने गांधी परिवार की पारंपरिक रायबरेली सीट को चुना और वायनाड छोड़ दी। यहां 13 नवंबर को वोटिंग होगी और 23 नवंबर को नतीजे आएंगे।

### कांग्रेस ने भारत-चीन गश्त समझौते पर खड़े किए सवाल

नई दिल्ली, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारत और चीन मंगलवार को पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर गश्त के लिए एक समझौते पर सहमत हुए थे। अब विपक्षी दल कांग्रेस ने एलएसी पर गश्त को लेकर केंद्र सरकार पर सवाल खड़े किए हैं। इस समझौते को लेकर कांग्रेस ने बुधवार को कहा कि उसे उम्मीद है कि सैनिकों के पीछे हटने से मार्च 2020 जैसी यथास्थिति बहाल हो जाएगी। कांग्रेस ने सरकार से इस मामले में भारत के लोगों को विश्वास में लेने की बात भी कही है। कांग्रेस पार्टी का यह बयान रूस में आयोजित हो रहे ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की द्विपक्षीय वार्ता से पहले आया है।

# उद्धव ने 65 कैंडिडेट की लिस्ट जारी की

## कांग्रेस-शिवसेना उद्धव और शरद 85-85-85 सीटों पर लड़ेंगी, बाकी सीटें अन्य दलों को

नई दिल्ली, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 2024 के लिए शिवसेना उद्धव की पहली लिस्ट जारी हो गई है। उद्धव ठाकरे ने 65 प्रत्याशियों की सूची जारी की, इसमें वरली से उनके बेटे आदित्य ठाकरे को प्रत्याशी बनाया गया है। कोपरी पाचपखाडी से मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के सामने केदार दिघे को टिकट दिया है। शिक्षा मंत्री दीपक केसरकर के खिलाफ ठाकरे गुट ने सावंतवाडी से पूर्व विधायक राजन तेली को टिकट दिया गया है। कैबिनेट मंत्री अब्दुल सत्तार के खिलाफ सिल्लोड से सुरेश बनकर को चुनाव में उतारा गया है। शिवसेना



(यूबीटी) की लिस्ट में 3 महिलाओं को टिकट दिया गया है। पांच सीटें एससी और 3 सीटें एसटी के लिए हैं। महाराष्ट्र महाविकास अघाड़ी में शिवसेना ने सबसे पहले लिस्ट जारी की है। अभी कांग्रेस और एनसीपी की लिस्ट आनी बाकी है। एमवीए ने शीट शेयरिंग का फार्मूला भी बताया है। शिवसेना उद्धव के नेता संजय राउत ने बताया कि कुल 270 सीटों पर बात बन गई हैं। कांग्रेस-शिवसेना और एनसीपी (शरद) 85-85-85 सीटों यानी 255 सीटों पर चुनाव लड़ेंगी। बची हुई 33 सीटें में कुछ सीटें एमवीए के तीनों दलों को मिलेंगी। कुछ सीट इंडिया ब्लॉक के अन्य दलों को दी जाएंगी। अन्य दलों में समाजवादी पार्टी, एसडब्ल्यूपी और सीपीआई(एम) समेत अन्य पार्टियां शामिल हैं। हालांकि, अन्य दलों को कितनी सीटें दी जाएंगी ये अभी नहीं बताया गया है। मुंबई की दहिसर विधानसभा सीट उद्धव के हिस्से आई है। इस सीट को फिलहाल होल्ड पर रखा गया है। क्योंकि उद्धव यहां से अभिषेक घोसालकर की पत्नी तेजस्विनी को चुनाव लड़ना चाहते हैं।

### महाराष्ट्र चुनाव-एनसीपी अजित गुट की पहली लिस्ट

मुंबई, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए बुधवार को एनसीपी अजित पवार गुट ने पहली लिस्ट जारी की। इसमें 38 कैंडिडेट्स के नाम हैं। महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार बारामती से चुनाव लड़ेंगे। यह बारामती लोकसभा सीट के अंतर्गत आती है। बारामती लोकसभा सीट शरद पवार की पारंपरिक सीट रही है। यहां से इस बार उनकी बेटी सुप्रिया सुले जीती थीं। सुप्रिया ने लोकसभा चुनाव में अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार को हराया था। इससे पहले मंगलवार देर रात शिवसेना (शिंदे गुट) ने 45 उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी की। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे कोपड़ी पाचपाखाडी से चुनाव लड़ेंगे। वहीं, मंत्री उदय सामंत को रत्नागिरी से टिकट दिया गया है। महायुति ने अब तक 182 नाम की घोषणा की है। इसमें भाजपा के 99, शिवसेना (शिंदे गुट) के 45 और अजित गुट के 38 कैंडिडेट के नाम शामिल हैं। महाराष्ट्र में 20 नवंबर को वोटिंग और 23 नवंबर को नतीजे आएंगे।

### श्रीकृष्ण जन्मभूमि-ईदगाह केस : हाईकोर्ट से मुस्लिम पक्ष को लगा झटका, रीकॉल अर्जी की खारिज

मथुरा, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के मथुरा स्थित श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद में इलाहाबाद हाईकोर्ट से मुस्लिम पक्ष को झटका लगा है। जस्टिस मयंक कुमार जैन की सिंगल बेंच ने फैसला सुना दिया। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मुस्लिम पक्ष की रीकॉल अर्जी खारिज कर दी है। 11 जनवरी 2024 के आदेश को चुनौती देते हुए मुस्लिम पक्ष ने रीकॉल अर्जी दायर की थी। 15 याचिकाओं को लेकर रिकॉल अर्जी दाखिल हुई थी। 16 अक्टूबर को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मामले में फैसला सुरक्षित रखा था। बुधवार को इस पर फैसला सुना दिया है। श्री कृष्ण जन्मभूमि विवाद के पक्षकार एवं श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्यास के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट ने बताया, न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन की पीठ के समक्ष मंदिर और मस्जिद पक्ष की तरफ से बहस की गई थी।

# केंद्र सरकार 'भारत' ब्रांड के तहत साबुत चना और मसूर दाल भी बेचेगी


## महंगाई से राहत के लिए होगा भाव

नई दिल्ली, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। केंद्र सरकार ने बुधवार को सब्सिडी वाली दाल आम लोगों को उपलब्ध कराने के अपने कार्यक्रम का विस्तार करते हुए 'भारत' ब्रांड के तहत साबूत चना और मसूर दाल को भी शामिल कर लिया। इनकी खुदरा बिक्री आम लोगों को बढ़ती कीमतों से राहत दिलाने के प्रयास के तहत होगी।

खाद्य व उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रहलाद जोशी ने बुधवार को भारत ब्रांड के दूसरे चरण का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि सहकारी नेटवर्क एनसीसीएफ, नेफेड और केन्द्रीय भंडार के माध्यम से साबूत चना 58 रुपये प्रति किलोग्राम और मसूर दाल 89 रुपये प्रति किलोग्राम की दर पर खुदरा रूप में बेची जाएगी। जोशी ने कहा, 'हम मूल्य स्थिरीकरण कोष के अंतर्गत रखे गए अपने बफर स्टॉक को सब्सिडी दरों पर बेच रहे हैं।' सरकार ने सहकारी समितियों को 3 लाख टन चना और 68,000 टन मूंग आवंटित किया है। इस अवसर पर खाद्य व उपभोक्ता मामलों के राज्य मंत्री बीएल वर्मा और निमुबेन जयंतीभाई बांभणिया उपस्थित थे। एनसीसीएफ के प्रबंध निदेशक अनीस चंद्र जोसेफ ने कहा कि वितरण शुरू में दिल्ली, राजस्थान, गुजरात और महाराष्ट्र में शुरू होगा। 10 दिनों के भीतर देशभर में इस योजना के तहत भारत ब्रांड के उत्पादों की खुदरा बिक्री की योजना है। 3

उन्होंने कहा, साबुत चना को सब्सिडी वाले बिक्री कार्यक्रम के तहत शामिल किया गया है, क्योंकि इसकी भारी मांग है। हम पहुंच बढ़ाने के लिए ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म और खुदरा दुकानों के साथ बातचीत कर रहे हैं। इस योजना का पहला चरण अक्टूबर 2023 में शुरू किया गया था। उस दौरान सरकार की ओर से किफायती दरों पर चावल और गेहूं के आटे के साथ-साथ चना दाल, मूंग दाल और साबुत मूंग की खुदरा बिक्री की गई थी।प्रथम चरण के तहत भारत ब्रांड के गेहूं के आटे का भाव वर्तमान में 30 रुपये प्रति किलोग्राम (27.50 रुपये से ऊपर), चावल का 34 रुपये प्रति किलोग्राम (29 रुपये से ऊपर), चना दाल का 70 रुपये प्रति किलोग्राम (60 रुपये से ऊपर) हैं, जबकि मूंग दाल और साबुत मूंग का भाव क्रमशः 107 रुपये प्रति किलोग्राम और 93 रुपये प्रति किलोग्राम है।

## चाय से लेकर खाने की थाली तक सब कुछ महंगा




नई दिल्ली, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। त्योहारी सीजन से पहले जरूरी सामग्रियों की कीमत बढ़ गई है। सितंबर के अंत से नवंबर की शुरुआत तक त्योहारी सीजन चलता है। हालांकि, खाद्य तेल, प्याज और टमाटर जैसी सब्जियों की बढ़ी कीमत ने त्योहारी सीजन में लोगों के लिए किराना खर्च बढ़ा दिया है। कीमत बढ़ने का असर खुदरा मुद्रास्फीति पर भी दिख रहा है, विशेषकर खाद्य पदार्थों के मामले में जो अधिक बनी हुई है।

बीते एक महीने में टमाटर, आलू, प्याज जैसी सब्जियां महंगी हो गई हैं। इन सब्जियों की औसत कीमत में इजाफा हुआ है। उपभोक्ता मंत्रालय के पोर्टल पर मौजूद जानकारी के अनुसार, पिछले महीने (22 सितंबर से 22 अक्तूबर) की तुलना में एक किलोग्राम आलू की औसत कीमत 35.87 रुपये से बढ़कर 37.2 रुपये हो गई है। पिछले साल इसी समय एक किलो आलू का औसत भाव 24.14 रुपये था। यानी आलू पिछले साल से करीब 13 रुपये महंगा बिक रहा है। इसी तरह प्याज और टमाटर की औसत कीमत में भी इजाफा हुआ है। प्रति किलो प्याज का दाम पिछले महीने की तुलना में करीब 3 रुपये तो पिछले साल की अपेक्षा करीब 20 रुपये अधिक है। बीते एक महीने में टमाटर की प्रति किलो अधिकतम कीमत करीब 20 रुपये बढ़ गई है। वहीं पिछले साल की तुलना में दाम सीधे 40 रुपये बढ़ चुका है।

# 'माफिया की तरह काम कर रहा वक्फ़ बोर्ड, भ्रष्टाचार का बना अड्डा'

नई दिल्ली, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। वक्फ़ संशोधन बिल को लेकर इन दिनों देश में अच्छी-खासी बहस चल रही है। ज्वाइंट पार्लियामेंट्री कमेटी की बैठक में तो इस बिल को लेकर टीएमसी के सांसद कल्याण बनर्जी और बीजेपी के सांसद अभिजीत गंगोपाध्याय के बीच जमकर बहस भी हो चुकी है। इस बिल को अगस्त में लोकसभा में पेश किया गया था लेकिन उस दौरान तमाम विपक्षी दलों ने इसका पुरजोर विरोध किया था।

विपक्षी दलों का कहना है कि यह बिल बंटवारा करने वाला है और संविधान पर हमला है। देश भर में कई मुस्लिम संगठनों ने भी इस बिल का खुलकर विरोध किया है। मुस्लिम संगठनों का आरोप है कि इस बिल के जरिए केंद्र सरकार मुस्लिम वक्फ़ संपत्तियों पर कब्जा करना चाहती है। न सिर्फ विपक्षी




दलों बल्कि एनडीए में शामिल बीजेपी के सहयोगी दलों जैसे टीडीपी और जेडीयू ने भी इस बिल को लेकर चिंता जताई है और कहा है कि इस मामले में सभी पक्षों के साथ चर्चा की जानी चाहिए।

**क्या है वक्फ़ संशोधन बिल में?**

वक्फ़ संशोधन बिल में कई बदलावों का प्रस्ताव किया गया है। इसमें राज्य सरकारों को किसी गैर मुस्लिम को मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त करने और कम से कम दो गैर मुस्लिम सदस्यों को राज्यों के वक्फ़ बोर्ड में नियुक्त करने की बात कही गई है। इसमें यह भी प्रस्ताव किया गया है कि जिलाधिकारी के पास यह करने का अधिकार है कि कोई संपत्ति वक्फ़ की संपत्ति है या फिर सरकारी संपत्ति।

**बिल के समर्थन में है मुस्लिम राष्ट्रीय मंच**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े मुस्लिम राष्ट्रीय मंच ने इस बिल का समर्थन किया है। मंच के संयोजक इंद्रेश कुमार ने द इंडियन एक्सप्रेस से कहा, इस देश में जमीन के मामले में किसी भी विवाद का फैसला अदालतें करती हैं लेकिन जब बात वक्फ़ संपत्तियों को लेकर विवाद की आती है तो वक्फ़ बोर्ड ही ऐसे मामलों में फैसला करता है। अगर वक्फ़ बोर्ड आपके खिलाफ फैसला दे देता है तो उसे ही अंतिम फैसला माना जाता है और ऐसे में कई संपत्तियों पर गलत ढंग से कब्जा कर लिया जाता है। इंद्रेश कुमार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की राष्ट्रीय कार्यकारणी के भी सदस्य हैं। इंद्रेश कुमार ने कहा कि मुस्लिम समुदाय में इस तरह की धारणा बढ़ रही है कि वक्फ़ बोर्ड माफिया की तरह काम कर रहा है और भ्रष्टाचार का अड्डा बन गया है।

# लालू यादव का नीतीश कुमार पर बड़ा हमला

## गिरिराज सिंह से तुलना की, बोले- 'हिंदू-मुस्लिम सब रहेगा '

पटना, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने बुधवार को पत्रकारों से बातचीत में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर बड़ा हमला बोला। लालू यादव ने कहा कि गिरिराज सिंह के राज में और नीतीश कुमार के राज में कोई फर्क नहीं है। गिरिराज की आदत है। इसी तरह की बात बोलते रहता है। बस में है? हिंदू-मुस्लिम सब रहेगा। इस सवाल पर कि क्या यहां दंगा-फसाद कराना चाहते हैं? इस पर लालू यादव ने कहा कि हम लोगों के रहते दंगा-फसाद कैसे करा देगा? तेजस्वी यादव कह रहे हैं अगर कुछ भी हुआ तो इसके जिम्मेदारी सीएम नीतीश कुमार हैं। इस पर लालू यादव ने कहा कि ठीक बोले हैं। लालू प्रसाद यादव गिरिराज सिंह की 'हिंदू स्वाभिमान यात्रा' और बीजेपी सांसद प्रदीप कुमार





सिंह के विवादित बयान को लेकर पूछे गए सवाल पर जवाब दे रहे थे।

**कांग्रेस ने भी नीतीश कुमार पर किया हमला**

बता दें कि कांग्रेस ने भी सीएम नीतीश कुमार पर हमला किया है। कांग्रेस के प्रवक्ता राजेश राठौर ने कहा, भारतीय जनता पार्टी अब कंफ्यूज हो गई है। पहले भारतीय जनता पार्टी राम-राम कर रही थी, फिर सनातन-सनातन कह रही थी और अब हिंदू-हिंदू पर आ गई है।

राम-राम छोड़कर भारतीय जनता पार्टी के लोग जाम-जाम में फंस गए हैं। ये बीजेपी सांसद प्रदीप सिंह की भाषा नहीं है। नीतीश कुमार जी की भाषा है। राजेश राठौर ने कहा, आने वाले दिनों में दिखेगा पटना में भारतीय जनता पार्टी के बड़े नेता वही बोलेंगे जो अररिया के सांसद बोल रहे हैं।

नीतीश कुमार के राज्य में आपके गठबंधन का एक सांसद किस प्रकार से कह रहा है कि अगर अररिया में रहना है हिंदू-हिंदू बोलना है। इसका मतलब है बिहार में रहना है तो हिंदू-हिंदू बोलना है। इसका सही जवाब नीतीश कुमार और जेडीयू देगी।

## तेल टैंकर से ऑयल नहीं निकलने लगी शराब, तस्करी का अजीबोगरीब तरीका

मुजफ्फरपुर, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। बिहार में शराबबंदी कानून लागू है लेकिन शराब तस्कर नए नए तरीके से शराब की तस्करी करते रहते हैं। ताजा मामला मुजफ्फरपुर जिले का है जहां हिंदुस्तान पेट्रोलियम के तेल टैंकर से शराब भरकर लाया गया था। इस तरीके को देखकर पुलिस भी हैरान रह गई। उत्पाद विभाग ने जिले के सकरी सरैया से तेल टैंकर को जब्त किया है लेकिन धंधेबाज मौके से फरार हो गया। हिंदुस्तान पेट्रोलियम के टैंक का नंबर नागालेंड का है, शराब कहां से लाई गई इसकी जांच की जा रही है। उत्पाद आयुक्त विजय शंकर दुबे ने बताया कि मुजफ्फरपुर-हाजीपुर मार्ग पर सकरी सरैया से उत्पाद विभाग की टीम ने हिंदुस्तान पेट्रोलियम के तेल टैंकर से विदेशी शराब व बीयर बरामद की है।

## कांग्रेस नेत्री पंखुड़ी पाठक पर अभद्र टिप्पणी

# आरोपी पर दर्ज हुआ मुकदमा



बस्ती, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। जिले में एक भाजपा नेता ने कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग की अध्यक्ष पंखुड़ी पाठक के खिलाफ एक्स पर अभद्र टिप्पणी कर दी। पंखुड़ी पाठक ने इस टिप्पणी से आहत होकर सोशल मीडिया पर अपना दर्द साझा किया। जिसके बाद जिला कांग्रेस सोशल मीडिया के जिलाध्यक्ष जामिर अहमद ने रूधौली पुलिस को तहरीर दी। पुलिस केस दर्ज कर जांच कर रही है।

**कांग्रेस नेता पंखुड़ी पाठक पर अभद्र कमेंट**

पंखुड़ी पाठक ने एक्स पर लिखा, "आप पूछते हैं उत्तर प्रदेश में महिलाएं असुरक्षित क्यों हैं? क्योंकि शुभांग दुबे जैसे बीजेपी के कार्यकर्ता समझते हैं कि किसी महिला को गाली देने और महिलाओं के साथ अपराध करने का उन्हें अधिकार मिल चुका है।" उन्होंने सीएम योगी आदित्यनाथ को भी टैग करते हुए कहा कि यदि आप महिला सुरक्षा को लेकर गंभीर हैं, तो यूपी पुलिस को इस मामले में तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए। पंखुड़ी ने आगे लिखा, "यह व्यक्ति अपनी सारी डीटेल सार्वजनिक कर अपराध कर रहा है, जिसका मतलब है कि इसे कानून का कोई डर नहीं है।" उन्होंने यूपी सरकार को चैलेंज करते हुए कहा कि दिखाएं अपनी जीरो टॉलेंस।

**आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज**

जामिर अहमद की तहरीर के आधार पर रूधौली पुलिस ने भाजपा नेता शुभांग दुबे के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। थानाध्यक्ष चंदन कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर विधिक कार्रवाई की जा रही है और मामले की जांच की जा रही है।

## 7 बच्चों को पहले ननद के पास छोड़ा

### फिर प्रेमी संग भाग गई मां को ढूंढने निकले मासूमों का रो-रोकर बुरा हाल



कन्नौज, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। यूपी के कन्नौज में सात बच्चों की मां पर इश्क का ऐसा भूत सवार हुआ कि वह दिनदहाड़े अपने प्रेमी संग भाग गई। अपने 7 बच्चों को पहले उसने ननद के पास छोड़ा, फिर बहाना बनाकर रफूचक्कर हो गई। काफी देर तक जब महिला नहीं लौटी तो बच्चे बुआ के साथ मां को ढूंढने निकल पड़े। नहीं मिलने पर थक-हारकर भटक रहे बच्चों ने पुलिस से मां को ढूंढने की गुहार लगाई है। वहीं, प्रेमी के संग भागी महिला की ननद ने क्षेत्र की एक महिला पर भगाने में मदद करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पूरे मामले में छानबीन शुरू कर दी है। कन्नौज के गुरसहायगंज कोतवाली क्षेत्र के एक गांव का 40 वर्षीय युवक अपने 7 बच्चों का पेट पालने के लिए दिल्ली में रहकर नौकरी करता है। महिला घर में अपने 7 बच्चों की देखरेख में जिंदगी गुजार रही थी, इसी बीच गांव के एक युवक से उसकी नजदीकी हो गई और कुछ ही दिनों में दोनों के बीच इश्क की बातें शुरू हो गईं। मंगलवार को महिला ने ननद को घर बुलाया और दवा लाने के बहाने घर से निकल गई।

देर शाम तक जब वह नहीं लौटी तो बच्चे रोने लगे, बुआ उन्हे शांत कराती रही लेकिन कोई चुप नहीं हुआ। सबसे बड़े 13 वर्षीय बेटे से लेकर 2 वर्षीय बच्ची का रो-रोकर बुरा हाल था। बुआ किसी तरह समझाकर बच्चों को मां के पास ले जाने की बात कह गुरसहायगंज कोतवाली ले गई। यहां बच्चों ने मां को ढूंढने की गुहार कोतवाल आलोक दुबे से लगाई है।

# लालू यादव के करीबी की बढ़ी मुश्किलें

## ईडी ने 56.86 करोड़ की संपत्ति कर ली जब्त



पटना, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। प्रवर्तन निदेशालय ने मनी लांड्रिंग से जुड़े मामले में राजद प्रमुख लालू प्रसाद के करीबी अमित कात्याल व अन्य की 56.86 करोड़ की संपत्ति जब्त कर ली है। ईडी ने यह कार्रवाई हरियाणा के गुरुग्राम में की है। पिछले दिनों गुरुग्राम में ईडी ने अमित की रियल स्टेट की कंपनी कृष रियलटेल प्राइवेट के कार्यालय में छापेमारी की थी। जहां से 35 लाख नकद समेत कई दस्तावेज जब्त किए गए थे। कत्याल पर आरोप है कि उनकी रियल स्टेट कंपनी ने लोगों से पैसा लेकर फ्लैट नहीं दिया। अमित और उसका भाई राजेश कात्याल दोनों चार्टर्ड एकाउंटेंट हैं। दोनों भाई और उनकी कंपनी कृष रियलटेक प्राइवेट लिमिटेड और ब्रह्मा सिटी प्राइवेट के खिलाफ गुरुग्राम पुलिस और दिल्ली की आर्थिक अपराध इकाई ने आवास के नाम पर करोड़ों की राशि की जालसाजी का केस दर्ज किया था।

**अमित कात्याल और उसके भाई पर विदेश में पैसे रखने के आरोप**

आरोप है कि दोनों की कंपनी ने जालसाजी की राशि को लंदन, श्रीलंका और सेंट किट्स बैंक आदि देशों में निवेश किया। ईडी के अनुसार फर्जी कंपनियों के जरिये कात्याल ने 400 करोड़ रुपये विदेश भेजे हैं। इसके अलावा ईडी ने राजेश कात्याल और अमित कात्याल के कई ठिकानों से 2.41 करोड़ के गहने व सिक्के के अलावा गुरुग्राम में 70 एकड़ जमीन और फ्लैट भी जब्त किए थे।

**कौन है अमित कात्याल**

लालू यादव का करीबी अमित कात्याल एके इंफोसिस्टम प्राइवेट लिमिटेड का डायरेक्टर है। अमित कात्याल ने लालू प्रसाद यादव की ओर से नौकरी के इच्छुक उम्मीदवारों से जमीन खरीदी थी। कात्याल को इससे पहले ईडी ने 11 नवंबर, 2023 को पीएमएलए के तहत गिरफ्तार किया था।

**अमित कात्याल पर क्या है आरोप**

आरोप है कि कात्याल ने पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद की तरफ से कई नौकरी चाहने वालों से जमीन हासिल की थी। जमानत की मांग करते हुए अमित कात्याल ने कहा कि जांच एजेंसी घोटाले में शामिल होने के संबंध में उनके खिलाफ कोई दस्तावेज नहीं पेश कर सकी। वहीं, ईडी ने अमित कात्याल की याचिका का विरोध किया। अब ईडी ने अमित कात्याल की मुश्किलें और बढ़ा दी है।

## दोस्तों ने प्रॉपर्टी डीलर को फॉर्च्यूनर कार में जिंदा जलाकर मार डाला

नोएडा, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। ग्रेटर नोएडा के दादरी थाना क्षेत्र में नगला नैनसुख गांव के पास एक फॉर्च्यूनर कार में भीषण आग लग गई। कार में सवार प्रॉपर्टी डीलर जिंदा जलकर मर गया। सड़क से 100 मीटर अंदर जंगल में फॉर्च्यूनर कार जलते हुए मिली। इसलिए कार में आग लगाकर युवक की हत्या की आशंका जताई जा रही है। आरोप प्रॉपर्टी डीलर के दो दोस्तों पर लगा है। जिन्हें पुलिस ने हिरासत में भी ले लिया है। सूचना पर पुलिस व स्थानीय लोगों ने कार के अंदर मौजूद युवक को निकालने का प्रयास किया लेकिन उसका शव मिला। एडीसीपी ग्रेटर नोएडा अशोक कुमार का कहना है कि बीती रात ग्राम नगला नैनसुख के पास एक फॉर्च्यूनर कार यूपी 14 जीसी 3609 जली हुई मिली है। कार के अंदर एक युवक मृत अवस्था में मिला है जिसकी पहचान संजय यादव निवासी नेहरू नगर, गाजियाबाद के रूप में हुई है। थाना दादरी पुलिस द्वारा मृतक के शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया है। परिजनों द्वारा बताया गया कि मृतक अपने घर गाजियाबाद से साइट पर जाने के लिए निकला था। थाना दादरी पुलिस द्वारा फॉरेंसिक टीम को मौके पर बुलाकर घटनास्थल का निरीक्षण कराया गया है। मृतक के परिजनों द्वारा तहरीर दी गई है जिसके आधार पर दो अभियुक्तों को पुलिस हिरासत में लिया गया है।

## तब भाजपा नेता पर 24 घंटे में कराए थे 32 मुकदमे

# अब मनी लॉन्ड्रिंग में फंसीं शहला ताहिर



बरेली, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। सपा सरकार में सियासत की सूरमा रहीं शहला ताहिर अब कानूनी दांवपेच में फंस गई हैं। बरेली के नवाबगंज की पालिकाध्यक्ष रहते 10.14 करोड़ रुपये के गबन की प्राथमिक जांच में वह दोषी पाई जा चुकी हैं। अब ईडी ने भी उनके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। वर्ष 2015 में नगर पालिका अध्यक्ष रहीं शहला ताहिर पूर्व नगर पालिकाध्यक्ष रविंद्र सिंह राठौर पर 24 घंटे में 32 मुकदमे दर्ज कराकर चर्चा में आई थीं। हालांकि, भाजपा सरकार आते ही इन मुकदमों में फाइनल रिपोर्ट भी लग गई, लेकिन शहला ताहिर को इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। निजी अस्पताल में तोड़फोड़ कर स्टाफ को पीटने के मामले में वर्ष 2011 में शहला पर जो रिपोर्ट दर्ज हुई थी, उसमें उन्हें जेल जाना पड़ा था।

**देशद्रोह का मुकदमा भी हो चुका है दर्ज**

नवाबगंज के विजय राठौर ने वर्ष 2017 में नगर पालिका के चुनाव के दौरान बवाल और मारपीट के मामले में शहला पर रिपोर्ट कराई थी। पालिकाध्यक्ष चुने जाने पर नगर में जुलूस निकाल रहीं शहला ताहिर और उनके 50 समर्थकों पर देशद्रोह का मुकदमा दर्ज हुआ था जो हाईकोर्ट में विचाराधीन है। डीएम के आदेश पर लेखपाल ने वर्ष 2023 में शहला पर फर्जी जाति प्रमाणपत्र बनवाने का मुकदमा दर्ज कराया है। पीलीभीत के थाना सुनगढ़ी में फर्जी अधिशासी अधिकारी बनाने का भी मुकदमा दर्ज हुआ था। यह भी कोर्ट में विचाराधीन है।

**कैग की रिपोर्ट में हम निकले बेदाग : शहला**

पूर्व पालिकाध्यक्ष शहला ताहिर ने बताया कि ईओडब्ल्यू मामले में कैग की चार सदस्यीय टीम ने नवाबगंज पालिका कार्यालय आकर रिकॉर्ड लिया था। उस टीम ने हमें निर्दोष माना था। दो कर्मचारी दोषी मिले थे, जिनके खिलाफ मैंने ही पहले रिपोर्ट दर्ज कराई थी। हमारे पास बेगुनाही का पूरा रिकॉर्ड है, उसे ईडी के समक्ष रख देंगे।

**ईओडब्ल्यू की जांच से फंसीं शहला**

शहला ताहिर पर वित्तीय घोटाले की शिकायत दो साल पहले शासन से की गई थी। लखनऊ के ईओडब्ल्यू थाने की टीम ने इस मामले में खुली जांच की तो शहला के पालिकाध्यक्ष रहते 10.14 करोड़ रुपये गबन की पुष्टि हुई। इस मामले में वहीं पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई। अब उसी मामले में ईडी ने शहला ताहिर को आरोपी बनाया है। आईपीसी के तहत आरोपों की विवेचना अब भी ईओडब्ल्यू की टीम करेगी, जबकि आर्थिक अपराध की जांच ईडी के जिम्मे होगी। शहला के अलावा तीन पूर्व ईओ व पालिका के सात कर्मचारी भी ईओडब्ल्यू थाने में आरोपी हैं।

## पति गया काम पर पत्नी ने कर ली आत्महत्या

आरा, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। आरा शहर के नवादा थाना क्षेत्र के विष्णु नगर मोहल्ले में देर शाम पंखे के कुंडी से लटका एक महिला का शव बरामद हुआ है। शव मिलने से आसपास के इलाके में सनसनी है। मृतका कैमूर जिला के चैनपुर थाना क्षेत्र के सुहावन गांव निवासी सतीश सिंह की 32 वर्षीय पत्नी बंधन देवी है। वर्तमान में नवादा थाना क्षेत्र के विष्णु नगर मोहल्ले में 2 वर्षों से किराए के मकान में रहती थी। मृतका के पति सतीश सिंह ने बताया कि शाम उसने बोला कि मेरी तबीयत ठीक नहीं है। जिसके बाद मैंने उसे खाना दिया। खाना खाने के बाद वह दवा खाकर अपने कमरे में सोने चली गई। मैं जीरो माइल काम करने चला गया। इसी बीच उसने पंखे के कुंडी से लटक कर फांसी लगा ली। छोटे बेटे चाहत ने देखा कि उसकी मां पंखे के कुंडी से लटक रही है। जिसके बाद उसने इसकी सूचना मुझे दी। सूचना पाकर मैं घर आया तो देखा कि वह मृत अवस्था में पड़ी है।

# 'ननद-भाभी' हमारे समाज का दिलचस्प रिश्ता

## इलाहाबाद हाई कोर्ट ने क्यों कही ये बात



प्रयागराज, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने विवाहिता द्वारा अपने भाई की पत्नी (भाभी) के खिलाफ दायर जबरन वसूली की शिकायत से जुड़ा मामला पिछले दिनों यह कहते हुए रद कर दिया कि दोनों पक्षों में समझौता हो गया है और उनके बीच कोई विवाद नहीं बचा है। यह आदेश देते हुए न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमशेरी की पीठ ने भारतीय समाज में 'ननद-भाभी' के रिश्ते की अनूठी गतिशीलता का उल्लेख किया। टिप्पणी की कि ननद-भाभी का रिश्ता हमारे समाज में बहुत ही दिलचस्प है। कोर्ट ने कहा, चूंकि दोनों पक्ष शिक्षित हैं और अब दोनों पक्षों के बीच कोई विवाद नहीं बचा है। इसलिए अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, कोर्ट-5 गाजियाबाद के समक्ष लंबित मामले की कार्रवाई को रद करना उचित होगा।

**दोनों पक्षों में हो गया था समझौता**

आइपीसी की धारा 504, 500, 384 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। डॉ। शिखा त्यागी (ननद) ने भाई की पत्नी (भाभी पूजा पंत त्यागी) के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। नौ जून, 2023 को संबंधित न्यायालय ने सीआरपीसी की धारा 204 के तहत समन जारी किया गया। इसके बाद दोनों पक्षों में समझौता हुआ तथा शिकायत वापस लेने के लिए संबंधित अदालत के समक्ष आवेदन किया गया। इस आवेदन को 31 जुलाई, 2024 को यह कहते हुए खारिज कर दिया गया कि वारंट ट्रायल में, सीआरपीसी की धारा 257 के तहत कार्रवाई नहीं की जा सकती। इस पर पूजा पंत त्यागी ने हाई कोर्ट का रुख किया और तर्क दिया कि ऐसी परिस्थितियों में भी समझौते के आधार पर कार्रवाई रद करने के लिए उच्च न्यायालय की अंतर्निहित शक्तियां उपलब्ध हैं। कोर्ट ने आवेदन की अनुमति देते हुए मामला रद कर दिया। साथ ही यह आदेश दिया था कि दोनों पार्टियां दो सप्ताह के भीतर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गाजियाबाद के समक्ष एक-एक हजार रुपये जमा कराएंगी।

## शिवपाल सिंह बोले- हार के डर से अधिकारियों को आगे कर रही भाजपा, धमका कर जनता से समर्थन नहीं ले पाएंगे

अंबेडकरनगर, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने अपने दौरे के दूसरे दिन भी जिला प्रशासन को निशाने पर रखा। बुधवार सुबह उन्होंने मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि कटेहरी उपचुनाव को लेकर प्रशासन की भूमिका ठीक नहीं है। ऐसा सिर्फ इसलिए है क्योंकि भाजपा चुनाव को लेकर डरी हुई है इसीलिए वह प्रशासन को आगे कर रही है लेकिन प्रशासन और भाजपा दोनों को याद रखना चाहिए कि दबाव डालकर और धमका कर जनता से समर्थन हासिल नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि व्यापारियों और आम लोगों के घर छापे डलवाए जा रहे हैं तो बड़े लोगों से हमदर्दी की जा रही है। किसान परेशान हैं। युवाओं के पास नौकरी नहीं है। इन सब पर सरकार और प्रशासन का ध्यान नहीं है सिर्फ उत्पीड़न पर जोर है। शिवपाल सिंह ने कहा कि प्रशासन और कार्यकर्ता में फर्क होता है। यह अंतर बने रहने देना चाहिए। यहां उपचुनाव से पहले जिला प्रशासन की जो भूमिका है उससे सपा कार्यकर्ताओं और आम जनता परेशान नहीं होने वाली है।

# मायावती ने सीसामऊ सीट पर बदला प्रत्याशी

## ब्राह्मण चेहरे पर लगाया दांव



कानपुर, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। बसपा ने सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र में अपना प्रत्याशी बदलते हुए ब्राह्मण पर दांव लगाया है। सेवानिवृत्त प्रवक्ता वीरेंद्र शुक्ला को प्रत्याशी बनाया है। वह शिक्षक संघ की राजनीति से जुड़े रहे हैं। इससे पहले बसपा ने उन्हें कानपुर देहात के संदलपुर से जिला पंचायत सदस्य का प्रत्याशी बनाया था लेकिन बाद वह सीट अनुसूचित जाति जन जाति के लिए आरक्षित हो गई थी। बसपा ने सीसामऊ सीट पर रवि गुप्ता को प्रत्याशी बनाया था। इसके बाद उनकी पत्नी सपना गुप्ता पर सहमति बनी थी। मंगलवार देर शाम बसपा ने उनकी जगह वीरेंद्र कुमार शुक्ला को प्रत्याशी घोषित कर दिया।

**30 वर्षों तक शिक्षक राजनीति में रहे सक्रिय**

अंबेडकरपुरम आवास विकास कल्याणपुर निवासी वीरेंद्र कुमार शुक्ला बीएनएसडी शिक्षा निकेतन चुन्नीगंज में अंग्रेजी प्रवक्ता पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। वह 30 वर्षों से शिक्षक राजनीति में सक्रिय रहे। वह शिक्षक संघ में शर्मा गुट के कालेज इकाई के अध्यक्ष रहे थे। इसके बाद महानगर इकाई में उपाध्यक्ष और संयुक्त सचिव रहे। बसपा जिलाध्यक्ष राजकुमार कप्तान ने बताया कि यहां से भेजे गए पैनल में पहले से ही वीरेंद्र कुमार शुक्ला का नाम था। इसलिए यह फैसला अचानक नहीं हुआ है। बसपा सुप्रीमो ने प्रत्याशी बदलने का निर्णय लिया है। सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र में जीत की राह मुस्लिम, ब्राह्मण और दलित मतदाताओं के बीच उलझी हुई है। भाजपा ने 1991 में इस सीट पर पहली बार जीत दर्ज की थी, लेकिन 2012 से इस सीट पर समाजवादी पार्टी का ही कब्जा है। इसी वर्ष हुए लोकसभा चुनाव में इस विधानसभा क्षेत्र में मिले वोटों ने साफ कर दिया कि भाजपा के लिए अभी यह सीट आसान नहीं है, वह भी तब जब कांग्रेस सपा के साथ खड़ी हुई है। वहीं बसपा के लिए अपने कोर वोटर को संभाल पाना काफी मुश्किल साबित हो सकता है।


**सीट पर एक लाख से अधिक मुस्लिम मतदाता**

विधानसभा क्षेत्र के परिसीमन के बाद 2012 में पहला विधानसभा चुनाव हुआ था और उसमें जिस तरह से भौगोलिक स्थिति बदली, उसके चलते ही सीसामऊ में सपा लगातार जीत रही है। इस बार चुनाव में भाजपा ने जीत के लिए अपना फोकस बदला है। इस सीट पर 2,69,770 मतदाता हैं। इसमें से मुस्लिम मतदाता करीब एक लाख 10 हजार हैं। वहीं ब्राह्मण और अनुसूचित जाति मतदाताओं की संख्या करीब साठ-साठ हजार है। पार्टी ने इस बार अनुसूचित जाति बस्तियों पर शुरू से ही फोकस किया है। भाजपा के लिए सीसामऊ सीट के प्रभारी वित्त मंत्री सुरेश खन्ना और सह प्रभारी आबकारी राज्यमंत्री नितिन अग्रवाल दोनों ही अनुसूचित जाति बस्तियों में संपर्क करते रहे हैं।

## थाना अध्यक्ष के खिलाफ कोर्ट का एक्शन, दीपावली से पहले सैलरी पर लगाई रोक बड़ी वजह आई सामने

समस्तीपुर, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। विशेष न्यायाधीश उत्पाद-1 समस्तीपुर ने रोसड़ा थाना के थाना अध्यक्ष का वेतन अस्थायी रूप से रोकने का आदेश जारी किया है। यह आदेश एक मामले में अदालत के आदेशों की अवहेलना के कारण दिया गया है। बता दें कि कोर्ट ने 15 मई 2024 को जब्त सामानों की रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया था। जिसका पालन नहीं किया गया। इसको लेकर कोर्ट ने एक्शन ले लिया। हालांकि, संबंधित थाना द्वारा समय पर रिपोर्ट दाखिल न किए जाने के कारण पहले भी अदालत ने सख्त आदेश जारी किया था। 24 सितंबर, 2024 को भी फिर से संबंधित थाना को नोटिस जारी किया गया, लेकिन इसका भी पालन नहीं हुआ। अदालत ने अब वेतन रोकने का यह कड़ा कदम उठाया है। यह आदेश तब तक प्रभावी रहेगा जब तक कि अदालत द्वारा दिए गए निर्देशों का पूर्ण पालन नहीं किया जाता। न्यायालय ने थाना अध्यक्ष को अगली सुनवाई तक मामले से संबंधित सभी निर्देशों का पालन करने का आदेश दिया है। उधर, दलसिंहसराय थाना क्षेत्र के पगड़ा-असीनचक रोड में कार्य करा रहे इंजिनियर से 10 लाख रंगदारी मांगी गयी है। पूर्वी चंपारण जिले के ढाका निवासी मो। जैद कबीर ने इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई है।

# 'बंटेंगे तो कटेंगे' वाले बयान पर सियासत तेज, अब डिंपल यादव ने दी प्रतिक्रिया



मैनपुरी, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश में 9 विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव के लिए समाजवादी पार्टी और बीजेपी पूरी तरह से मैदान में उतर चुकी हैं। वहीं इस समय पर यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 'बटोंगे तो कटोगे' वाले बयान पर सियासत तेज हैं। सीएम योगी के इस बयान पर अब समाजवादी पार्टी की सांसद डिंपल यादव की भी प्रतिक्रिया सामने आई है। मैनपुरी से लोकसभा सदस्य डिंपल यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का "बटोंगे तो कटोगे" बयान लोगों का ध्यान भटकाने के लिए है। मैनपुरी में संवाददाताओं से बातचीत में डिंपल ने कहा कि उत्तर प्रदेश की जनता यह अच्छी तरह से जानती है कि "बटोंगे तो कटोगे" जैसे बयान लोगों का ध्यान भटकाने के लिए हैं और भविष्य में भी ऐसे बयान आएंगे। उन्होंने कहा, "युवा पीढ़ी रोजगार चाहती है, महिलाएं, लड़कियां और बहनें सुरक्षा चाहती हैं। किसान उर्वरक चाहते हैं। इस तरह के बयानों का मतदाताओं पर कोई असर नहीं पड़ेगा। यह लोगों को बांटने की इस सरकार की नकारात्मक सोच है।" एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि भाजपा ने लोकसभा चुनावों में भी सभी सीटें जीतने का दावा किया था, लेकिन जो हुआ, वह सबके सामने है।

**क्या बोले सपा मुखिया अखिलेश यादव**

वहीं सीएम योगी के इस बयान पर सपा मुखिया अखिलेश यादव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए अपने कार्यकर्ताओं से कहा कि आपको कंफ्यूज नहीं होना है, क्योंकि यह नारा एक लैब में तैयार किया गया है और उन्हें किसी से बुलवाना था। इसलिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री से बेहतर इस नारे को कौन बोलता, क्योंकि उनकी छवि भी वैसी ही है। अगर वह कह रहे हैं कि 'बंटेंगे तो कटेंगे'। इसलिए पीडीए परिवार भी नहीं बंटेगा। वह नारा आपके लिए लगा रहे हैं कि पीडीए परिवार के लोग बंटना मत।

सुविचार
पैसों से मिली खुशी कुछ समय के लिए रहती है लेकिन अपनों से मिली खुशी जीवन भर साथ रहती है।

# वन विभाग के कर्मचारियों को हर साल राष्ट्रपति वीरता पुरस्कार देने की मांग

## मंत्री कोंडा सुरेखा ने केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव को लिखा पत्र



हैदराबाद, 23 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। वन एवं पर्यावरण मंत्रालय की कोंडा सुरेखा ने केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव को पत्र लिखकर देश भर के वनकर्मियों द्वारा प्रदान की गई उत्कृष्ट सेवाओं के सम्मान में उन्हें हर वर्ष "राष्ट्रपति वीरता पुरस्कार" देने की मांग की है। मंत्री सुरेखा ने केंद्रीय मंत्री को 'ऑल इंडिया रेंज फॉरेस्ट ऑफिसर्स फेडरेशन' के अनुरोध के जवाब में वन अधिकारियों को यह पुरस्कार देने की आवश्यकता बताई। मंत्री सुरेखा ने केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव को स्पष्ट किया कि इस पुरस्कार से उन्हें अन्य वर्दीधारी सेवा कर्मचारियों के बराबर मान्यता मिलेगी और उनकी नैतिक क्षमता में वृद्धि होगी।

मंत्री सुरेखा ने वन कर्मचारियों को राष्ट्रपति वीरता पुरस्कार प्रदान करने की दिशा में कदम उठाने और वनों और वन्यजीवों के संरक्षण के लिए बहुमूल्य सेवाएं प्रदान करने वालों को प्रोत्साहित करने का अनुरोध किया। इस पत्र के साथ ऑल इंडिया रेंज फॉरेस्ट ऑफिसर्स फेडरेशन द्वारा प्रधानमंत्री और केंद्रीय पर्यावरण मंत्री को लिखे गए पत्र भी संलग्न किए गए हैं। मंत्री कोंडा सुरेखा ने मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी को वन विभाग के कर्मचारियों को पुरस्कार देने का प्रस्ताव दिया है। उन्होंने मुख्यमंत्री से राज्य स्तर पर वन सेवा पदक, वन संरक्षण सेवा पदक, मुख्यमंत्री पुरस्कार, राष्ट्रपति वीरता पुरस्कार, इंदिरा प्रियदर्शनी वृक्षमित्र पुरस्कार और अन्य राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान करने की दिशा में कदम उठाने का अनुरोध किया है। मंत्री कोंडा सुरेखा ने मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी को प्रस्ताव दिया कि वन अधिकारी भविष्य की पीढ़ियों के लिए बेहतर वातावरण प्रदान करने के उद्देश्य से जंगलों और वन्यजीवों की रक्षा के लिए अपनी जान जोखिम में डाल रहे हैं।

वन कर्मियों को अपनी ड्यूटी के दौरान कई खतरों का सामना करना पड़ता है। जंगली जानवरों और तस्करों से उनकी जान को खतरा है। हालाँकि, उनके बलिदानों और सेवाओं को मान्यता नहीं दी जा रही है। पुलिस के साथ-साथ अन्य वर्दीधारी कर्मचारियों को भी उनके प्रयासों के लिए उचित मान्यता मिल रही है। लेकिन जंगलों में अपनी ड्यूटी निभा रहे वन अधिकारियों को कई खतरनाक चुनौतियों और दबावों के साथ-साथ तस्करों की धमकियों का भी सामना करना पड़ रहा है और उन्हें कोई पहचान नहीं मिल पा रही है। उनकी सेवाएँ केवल वर्तमान तक ही सीमित नहीं हैं बल्कि भावी पीढ़ियों के अस्तित्व के लिए भी उनकी सेवाएँ आवश्यक हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि उनकी सेवाओं को जनता से कोई मान्यता या सराहना नहीं मिल रही है। वन क्षेत्रों में जहां कोई सुविधाएं नहीं हैं, सशस्त्र हमलावरों का सामना केवल सीमित सुरक्षात्मक उपकरणों और उनके साहस से किया जाता है। इन स्थितियों को देखते हुए मंत्री सुरेखा ने मुख्यमंत्री से पुलिस को "वन सेवा पदक" प्रदान करने का अनुरोध किया, जिस प्रकार राज्य स्तर पर "पुलिस सेवा पदक" दिये जाते हैं। इसके अलावा, मंत्री ने "वन सुरक्षा सेवा पदक" को बहाल करने के लिए कहा, जो पहले वन और वन्यजीव संरक्षण में सर्वोत्तम सेवाएं प्रदान करने वालों को दिए जाते थे। इसके अतिरिक्त, उन्होंने अनुरोध किया कि वनों के संरक्षण एवं विकास के लिए उत्कृष्ट प्रतिभा दिखाने वाले कर्मचारियों को "मुख्यमंत्री पुरस्कार" प्रदान किया जाना चाहिए। मंत्री सुरेखा ने केंद्र सरकार से हर साल गणतंत्र दिवस, स्वतंत्रता दिवस और 1 जनवरी जैसे विशेष दिनों पर वन अधिकारियों को राष्ट्रपति वीरता पुरस्कार, इंदिरा प्रियदर्शिनी वृक्षमित्र पुरस्कार और अन्य राष्ट्रीय पुरस्कार देने की दिशा में चर्चा करने को कहा है। मंत्री सुरेखा ने मुख्यमंत्री को स्पष्ट किया कि ये पुरस्कार उन्हें प्रेरित करेंगे और उन्हें महान समर्पण के साथ अपने कर्तव्यों का पालन करने के लिए प्रोत्साहित करेंगे।

# आज से 24 घंटे तक जलापूर्ति नहीं

## 2375 मिमी व्यास वाली पंपिंग मेन में रिसाव

हैदराबाद, 23 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद मेट्रोपॉलिटन वाटर सप्लाई एंड सीवरेज बोर्ड (एचएमडब्ल्यूएसएसबी) ने कहा कि गुरुवार सुबह 6 बजे से 24 घंटे के लिए शहर के कुछ हिस्सों में पानी की आपूर्ति नहीं होगी। प्रभावित क्षेत्रों में शास्त्रीपुरम, बंदलागुडा, भोजागुट्टा, अल्लाबंदा, जुबली हिल्स, फिल्म नगर, प्रशासन नगर, टाटीखाना, लालापेट, साहेब नगर, ऑटो नगर, वासवी जलाशय, सैनिक पुरी, मौलाली, माधापुर, अयप्पा सोसायटी, कावुरी हिल्स, स्नेहपुरी, कैलासगिरि, देवेन्द्र नगर, मधुबन, दुर्गा नगर, बुडवेल, सुलेमान नगर, किस्मतपुर, गंधम गुड़ा, बोदुप्पल, मल्लिकार्जुन नगर, चेंगिचेरला, भारत नगर, पीरज़ादीगुडा और धर्मसाई (शमशाबाद) शामिल हैं।

एचएमडब्लूएसएसबी ने बुधवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि कृष्णा पेयजल आपूर्ति चरण-3 में 2375 मिमी व्यास वाली पंपिंग मेन में रिसाव हुआ है, जो हैदराबाद को पेयजल आपूर्ति करती है। इस रिसाव को रोकने के लिए मरम्मत कार्य किए जाने हैं, इसलिए इन 24 घंटों के दौरान पेयजल आपूर्ति में व्यवधान रहेगा, जल बोर्ड ने प्रभावित क्षेत्रों में उपभोक्ताओं से पानी का संयम से उपयोग करने का अनुरोध किया।

# सीपी ने पुलिस शहीदों के सम्मान में एसीपी नागभूषणम के प्रयासों की सराहना की



हैदराबाद, 23 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। पुलिस शहीद स्मृति सप्ताह के हिस्से के रूप में साइबराबाद पुलिस आयुक्त, अविनाश मोहंती ने गीत लिखने के लिए शमशाबाद ट्रैफिक एसीपी नागभूषणम पारिक के प्रयासों की सराहना की।

उन्होंने कहा कि पुलिस अधिकारी... पुलिस अमरवीरुलु त्यागला थ उरुपु मुक्कलु,'' जो पुलिस शहीदों के बलिदान का सम्मान करता है। यह गीत नामपल्ली पीएस होम गार्ड अधिकारी वेंकटैया द्वारा प्रस्तुत किया गया था।

सीपी अविनाश मोहंती ने एसीपी नागभूषणम की भावपूर्ण श्रद्धांजलि की सराहना की और कर्तव्य के दौरान पुलिस अधिकारियों द्वारा किए गए बलिदान को याद करने के महत्व पर प्रकाश डाला। संयुक्त सीपी (यातायात), डी जोएल डेविस भी इस कार्यक्रम में उपस्थित थे।

# भविष्य में भी हमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करना है : सीवी आनंद

## पुलिस ड्यूटी मीट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले पुलिसकर्मी सम्मानित



हैदराबाद, 23 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। पुलिस आयुक्त हैदराबाद सी.वी.आनंद ने तेलंगाना पुलिस ड्यूटी मीट 2024 में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले 35 पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई दी और उन्हें नकद पुरस्कार से पुरस्कृत किया।

तेलंगाना पुलिस ड्यूटी मीट 2024 का आयोजन तेलंगाना के अलग राज्य बनने के बाद पहली बार तेलंगाना पुलिस अकादमी में 14 अक्टूबर से 19 अक्टूबर के दौरान किया गया था।पुलिस ड्यूटी मीट के विजेताओं को सम्मानित करने के कार्यक्रम में सी.वी. आनंद पुलिस आयुक्त ने विजेताओं के प्रति अपनी खुशी व्यक्त की। इस वर्ष हैदराबाद सिटी पुलिस ने 5 स्वर्ण पदक, 2 रजत पदक और 5 कांस्य पदक जीते। पुलिस आयुक्त ने कहा कि भविष्य में भी हमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करना है और हैदराबाद सिटी पुलिस के लिए अच्छा नाम कमाने के लिए अधिक स्वर्ण पदक जीतना है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी जो भी सहायता मिलेगी, वह प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर पुलिस आयुक्त आनंद ने विजेताओं के साथ अपने पिछले अनुभव साझा किए। इस तरह की ड्यूटी मीट से हमारे अंदर की प्रतिभा सामने आती है, इसी भावना को जारी रखने के लिए उन्होंने पुलिस अधिकारियों और कर्मियों से आगामी पुलिस ड्यूटी मीट में और अधिक मेहनत करने और अधिक से अधिक पदक जीतने को कहा है ।

कार्यक्रम में एन. श्वेता डीसीपी डीडी, जी. गुरु राघवेंद्र, एसीपी सीसीएस, डीडी, श्री जे. नंदू कुमार एसीपी एफपी यूनिट हैदराबाद, के. पूर्ण चंद्र राव, एसीपी सचिवालय टीएस, वी. श्रीनिवास, राव, इंस्पेक्टर डब्ल्यूपीएस, दक्षिण पश्चिम जोन, एस. राजशेखर इंस्पेक्टर खैरताबाद पीएस, डी. रामबाबू इंस्पेक्टर सीसीएस डीडी, एम दिलीप कुमार आरआई आदिम सीटीसी और अन्य अधिकारी और कर्मचारी शामिल रहे।

# 160 एईओ के निलंबन का विरोध प्रदर्शन

## 2600 एईओ से सहकर्मियों के साथ एकजुटता दिखाने का आग्रह

हैदराबाद, 23 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। डिजिटल फसल सर्वेक्षण में भाग न लेने के कारण 160 कृषि विस्तार अधिकारियों (एईओ) के निलंबन से कृषि विभाग में जमीनी स्तर पर विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया है। एईओ की राज्य समिति ने तत्काल कार्रवाई का आह्वान किया है। विभाग के सभी 2600 एईओ से अपने निलंबित सहकर्मियों के साथ एकजुटता दिखाने का आग्रह किया गया है। समिति ने इस बात पर जोर दिया है कि निलंबित सहायक निर्वाचन अधिकारियों का मुद्दा सभी का मुद्दा बन सकता है।

एईओ की राज्य समिति ने सभी सदस्यों से इस संघर्ष के महत्व को पहचानने की अपील की तथा उनके अधिकारों की रक्षा करने तथा उनकी सामूहिक चिंताओं को दूर करने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्ययोजना तय करने के लिए समिति आयुक्त कार्यालय में बैठक कर रही है। समिति के नेता संबंधित मंत्री, सचिव और आयुक्त से मिलेंगे और उन्हें सहायक निर्वाचन अधिकारियों की चिंताओं से अवगत कराएंगे, जो पहले से ही अपने कार्यभार से परेशान हैं।

# फिल्म महोत्सव में भारत का प्रतिनिधित्व करेगी 'नेल्स'




हैदराबाद, 23 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। शहर की स्वतंत्र फिल्म निर्माता त्रिपर्णा बनर्जी अपनी पहली लघु फिल्म नेल्स (जो भारत का प्रतिनिधित्व कर रही है) के लिए इस दिसंबर में जेद्दा में होने वाले रेड सी इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में भाग लेने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। यह अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता 5 से 13 दिसंबर तक आयोजित की जाएगी, जिसमें पुरस्कार समारोह अंतिम दिन होगा।

यह लघु फिल्म काल्पनिक छोटे शहर बेलपुर की दो बहनों की कहानी है - जिनमें से एक को डाउन सिंड्रोम है और दूसरी जो अपने खुद के आघात से जूझ रही है। फिल्म का विचार त्रिपर्णा के अपने जीवन के अनुभवों से आता है, जिसमें एक ऐसी चाची के साथ बड़ा होना भी शामिल है जो डाउन सिंड्रोम से पीड़ित है।

निर्देशक के नोट के अनुसार, उसकी चाची उसके प्रारंभिक वर्षों का अभिन्न अंग थी। त्रिपर्णा कहती हैं कि जब मैं उसे बड़ी होती देखती हूं, तो मुझे आश्चर्य होता है कि उसने क्या-क्या देखा और जाना होगा, लेकिन कभी व्यक्त नहीं कर पाएगी। दूसरी बहन के चरित्र की अवधारणा दिल्ली में एक छात्रा के रूप में किशोरी के रूप में उसके अपने अनुभवों से आती है।

# जूनोटिक रोग संचरण को समझने के लिए होगा शोध

## नेहरू चिड़ियाघर पार्क, एम्स बीबीनगर की हुई बैठक



हैदराबाद, 23 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। नेहरू चिड़ियाघर पार्क, हैदराबाद ने एम्स बीबीनगर के सहयोग से जूनोसिस से संबंधित हाल की वैश्विक स्वास्थ्य चिंताओं के मद्देनजर जानवरों और मनुष्यों के बीच जूनोटिक रोग संचरण को समझने के लिए एक प्रमुख शोध शुरू किया है। संक्रामक रोगों के विशेषज्ञ, पशु चिकित्सा विशेषज्ञ और चिकित्सा तकनीशियनों वाले एम्स बीबीनगर के एक प्रतिनिधिमंडल ने डॉ. लक्ष्मी ज्योति के नेतृत्व में, डीन (अकादमिक) डॉ. राहुल नारंग के मार्गदर्शन में, 21 अक्टूबर को हैदराबाद में चिड़ियाघर पार्क अधिकारियों के साथ अनुसंधान पर एक बैठक की।

एम्स की टीम जैविक नमूने एकत्र करेगी, पशु आवासों का अध्ययन करेगी तथा हैदराबाद चिड़ियाघर पार्क में वर्तमान में लागू स्वच्छता एवं देखभाल प्रक्रियाओं का आंकलन करेगी। अपने दौरे के दौरान, टीम ने संभावित जूनोटिक रोगजनकों की जांच करने के उद्देश्य से विभिन्न पशु प्रजातियों के स्वास्थ्य और व्यवहार की बारीकी से निगरानी की। उन्होंने चिड़ियाघर के जानवरों और पशुपालकों के बीच बातचीत से उत्पन्न स्वास्थ्य जोखिमों का आकलन करने के लिए चिड़ियाघर के कुछ हिस्सों का दौरा किया।

डॉ. लक्ष्मी ज्योति ने कहा कि हमारा लक्ष्य चिड़ियाघर अधिकारियों के साथ मिलकर एक मजबूत रोग निगरानी प्रणाली बनाना है, जो न केवल जानवरों की रक्षा करेगी, बल्कि चिड़ियाघर के कर्मचारियों की सुरक्षा भी सुनिश्चित करेगी। नेहरू चिड़ियाघर पार्क के क्यूरेटर डॉ. सुनील एस हिरेमठ ने कहा कि यह यात्रा एक महत्वपूर्ण साझेदारी की शुरुआत है। साथ मिलकर, हमारा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि हमारे कर्मचारी और जानवर स्वस्थ रहें और हम किसी भी संभावित जूनोटिक खतरे को कम करने के लिए पूरी तरह तैयार रहें।

हैदराबाद में नेहरू चिड़ियाघर पार्क के साथ सहयोग करके, एम्स टीम का लक्ष्य ऐसे अभिनव अभ्यासों को स्थापित करना है जो पशु स्वास्थ्य सेवा और सार्वजनिक सुरक्षा दोनों को बढ़ाएंगे। यह सहयोग भारत भर के चिड़ियाघरों के लिए एक बेंचमार्क बन सकता है, ताकि जूनोटिक बीमारियों की रोकथाम और प्रबंधन को प्राथमिकता दी जा सके और प्राणी पर्यावरण में देखभाल के मानकों को बेहतर बनाया जा सके।

# केटीआर ने बुजुर्ग दंपति के परिवार से की मुलाकात

## नियंत्रण में नहीं है कानून-व्यवस्था : केटीआर



हैदराबाद, 23 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामाराव ने हैदराबाद के बाग अंबरपेट के साईनगर कॉलोनी में एक बुजुर्ग दंपति, सेवानिवृत्त बैंक मैनेजर लिंगारेड्डी और उनकी पत्नी उर्मिला की बेरहमी से हत्या के खिलाफ त्वरित कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि दोहरे हत्याकांड ने हैदराबाद के निवासियों को झकझोर कर रख दिया है, जिससे शहर में सुरक्षा और कानून प्रवर्तन को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं।

लिंगारेड्डी और उर्मिला, दोनों की उम्र 80 से अधिक थी, की दिनदहाड़े साईनगर कॉलोनी, बाग अंबरपेट में हत्या कर दी गई। लिंगारेड्डी की तीनों बेटियां, जो सभी संयुक्त राज्य अमेरिका में रहती हैं, शांतिपूर्ण माने जाने वाले शहर में इस भयानक घटना के बारे में जानकर सदमे में हैं।

रामाराव ने अंबरपेट के विधायक कलेरू वेंकटेश और अन्य बीआरएस नेताओं के साथ बाग अंबरपेट में दंपति के निवास का दौरा किया और शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की।

दौरे के बाद मीडिया से बात करते हुए उन्होंने हैदराबाद में सुरक्षा की बिगड़ती स्थिति पर निराशा व्यक्त की। उन्होंने कहा कि बीआरएस शासन के दौरान, हमने पूरे शहर में 10 लाख सीसीटीवी कैमरे लगाए और हर गली और इलाके में निगरानी बढ़ाई। शांति और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए नागरिक पुलिस व्यवस्था भी स्थापित की गई। फिर भी, इस मामले में कोई खास प्रगति नहीं हुई है।

बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष ने कानून और व्यवस्था की स्थिति पर बढ़ती चिंताओं की ओर इशारा किया, जिसे वरिष्ठ कांग्रेस नेता और एमएलसी टी जीवन रेड्डी ने भी रेखांकित किया, जिन्होंने खुद माना कि स्थिति गंभीर है। उन्होंने कहा कि जीवन रेड्डी के अपने अनुयायी की कल जगतियाल में हत्या कर दी गई और कुछ दिन पहले हैदराबाद में एक बुजुर्ग दंपति की बेरहमी से हत्या कर दी गई। यह दर्शाता है कि कानून और व्यवस्था नियंत्रण में नहीं है।

# 50 से अधिक कर्मचारी फैंसी नंबरों की अवैध बिक्री में संलिप्त



हैदराबाद, 23 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण (आरटीए) विभाग, जिस पर हाल ही में (डेटाबेस प्रशासक) डीबीए ऑपरेटरों से जुड़ी महत्वपूर्ण धोखाधड़ी और अनियमितताओं के आरोप लगे हैं, ने कथित तौर पर कम से कम 50 से अधिक कर्मचारियों को अवैध बोली लगाने और फैंसी नंबरों के आवंटन और फर्जी बीमा प्रमाण-पत्रों के वितरण में शामिल पाया है। सूत्रों के अनुसार, इस तरह के अवैध लेनदेन डीबीए द्वारा अपने वरिष्ठ अधिकारियों की जानकारी के बिना किए गए थे। हाल ही में राज्य भर के उच्च अधिकारियों को डीबीए के खिलाफ कई शिकायतें की गईं। सूत्रों के अनुसार, वरिष्ठ आरटीए अधिकारी विस्तृत जांच कर रहे हैं। डीबीए संचालकों के खिलाफ कई स्थानों से शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनमें फर्जी बीमा प्रमाण-पत्रों के वितरण में उनकी संलिप्तता भी शामिल है। शिकायतों के अनुसार, आरटीए अधिकारी कथित तौर पर वैध बीमा के बिना वाहन पंजीकरण, फिटनेस परीक्षण और अन्य प्रक्रियाओं को आगे बढ़ने की अनुमति दे रहे हैं, जिससे एक घोटाले को बढ़ावा मिल रहा है, जिसमें वाहन मालिकों के लिए लागत बचाने के लिए नकली बीमा दस्तावेज जारी किए जा रहे हैं। ये धोखाधड़ीपूर्ण कार्य सड़क सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करते हैं, क्योंकि ऑटो-रिक्शा और बसों सहित कई वाहनों के पास वैध बीमा कवरेज नहीं होता है।

# मूर्ति तोड़ने वाले वीडियो हटाएं: हाईकोर्ट



हैदराबाद, 23 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना उच्च न्यायालय ने नई दिल्ली स्थित भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को सिकंदराबाद के एक मंदिर में देवी मुत्यालम्मा की मूर्ति को क्षतिग्रस्त करने का वीडियो दिखाने वाले यूआरएल और वेबसाइट को हटाने का निर्देश दिया है। टीएनआईई की रिपोर्ट के अनुसार यह निर्देश पश्चिम मरेडपल्ली निवासी अधिवक्ता रामा राव इम्माननी द्वारा दायर एक रिट याचिका के जवाब में आया, जिन्होंने वीडियो पर साइबर अपराध विभाग की निष्क्रियता पर चिंता व्यक्त की थी। याचिकाकर्ता ने तर्क दिया कि इसके प्रसार ने शत्रुता को बढ़ावा दिया और सांप्रदायिक वैमनस्य सहित कानून और व्यवस्था के मुद्दों में योगदान दिया।

अदालत ने मरेडपल्ली के स्टेशन हाउस ऑफिसर को याचिकाकर्ता की शिकायत पर तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश भी दिया। साथ ही, यह भी कहा गया कि स्टेशन हाउस ऑफिसर (एसएचओ) को शिकायत भेजने के बावजूद, तोड़फोड़ के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। तेलंगाना के न्यायमूर्ति बी विजयसेन रेड्डी ने याचिकाकर्ता से सहमति जताते हुए केंद्र और एसएचओ को त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। मामले की सुनवाई 5 नवंबर तक के लिए स्थगित कर दी गई है।

# थर्मो फिशर साइंटिफिक हैदराबाद में बायोप्रोसेस डिजाइन सेंटर स्थापित करेगा



हैदराबाद, 23 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। थर्मो फिशर साइंटिफिक ने हैदराबाद के जीनोम वैली में बायोप्रोसेस डिजाइन सेंटर स्थापित करने का फैसला किया है। थर्मो फिशर ने बुधवार को यहां सचिवालय में आईटी और उद्योग मंत्री श्रीधर बाबू की मौजूदगी में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।डिजाइन सेंटर 10 हजार वर्ग फीट में स्थापित किया जाएगा और 2025 की पहली तिमाही में परिचालन शुरू होने की उम्मीद है। थर्मो फिशर फार्मास्यूटिकल और लाइफ साइंसेज क्षेत्रों के लिए प्रयोगशाला उपकरण और अभिकर्मकों की आपूर्ति करने वाली एक अग्रणी कंपनी है।

पूर्व तट रेलवे
निविदा सूचना सं. WAT-TRS-OT-19-2024-25
स्थान सहित कार्य का नाम : 3 वर्षों की समयावधि के लिए इलेक्ट्रिक लोको शेड / विशाखापट्टनम में 2 संख्यक CIC मेक गैस क्रोमैटोग्राफ उपकरणों (Gas Chromatograph Instruments) मॉडल नं. GC 2010 LC TOGA के लिए वार्षिक रख-रखाव ठेका।
निविदा मूल्य : ₹ 4,53,420.90, EMD : ₹9,100/-, निविदा दस्तावेज की लागत: ₹1,180/-, कार्य पूरा होने की अवधि : 3 (तीन) वर्ष।
निविदा बंद होने की तिथि व समय : दिनांक 13.11.2024 को 1500 बजे।
संपूर्ण विस्तृत विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in में उपलब्ध होंगे।
वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियन्ता (TRS), विशाखापट्टनम
PR-639/P/24-25

भाकृ अनुप - केन्द्रीय बारानी कृषि अनुसन्धान संस्थान
ICAR - Central Research Institute for Dryland Agriculture
Santoshnagar, Saidabad (P.O.), Hyderabad-500 059
Ph: 040-24530161, 24530163, 24530157, Fax: 040-24531802, 24535336
www.icar-crida.res.in E-mail : hoa.crida@icar.gov.in

सूचना
आईसीएआर-क्रिडा, हैदराबाद कार्यालय में, सीनियर रीसर्च फेलो (1 पद) का अस्थायी पद भरा जायेगा। विस्तृत विवरण हेतु http://www.icar.crida.res.in जाएं।
हस्ता./-
प्रशासकीय अधिकारी

स्वतंत्र वार्ता

गुरुवार, 24 अक्टूबर- 2024

# ज्यादा बच्चे पैदा करने की ठोस वजह

आंध्र और तमिलनाडु के मुख्यमंत्रियों के ज्यादा बच्चे पैदा करने वाले बयान जबरदस्त चर्चा में हैं। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने आंध्र प्रदेश में लोगों को कम से कम दो या उससे ज्यादा बच्चे पैदा करने का आहवान किया है तो तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने 16 बच्चे पैदा करने की बात कही है। इसके बाद से ही सोशल मीडिया से लेकर आम लोगों के मन में सवाल उठ रहा है कि आखिर सियासत का अच्छा-खासा अनुभव रखने वाले इन नेताओं ने ज्यादा बच्चे पैदा करने पर जोर क्यों दिया है? वह भी ऐसे वक्त में जब भारत में हम दो हमारे दो का नारा गूंज रहाहै। दक्षिण भारत में फर्टिलिटी रेट यानी प्रजनन दर लगातार गिर रही है और इस वजह से यहां बुजुर्गों की आबादी बढ़ रही है। 2050 तक हर पांच में से एक शख्स 60 साल या इससे अधिक की उम्र का होगा और दक्षिण के राज्यों में इसका असर कहीं ज्यादा होगा। इसी वजह से नायडू और स्टालिन की चिंता को समझा जा सकता है। आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु और तेलंगाना में बुजुर्गों की आबादी न केवल उत्तर भारत के राज्यों की तुलना में पहले से ही ज्यादा है बल्कि 2021 और 2036 के बीच यह और अधिक दर से बढ़ेगी। केरल की आबादी में बुज़ुर्गों की हिस्सेदारी 2021 में 16.5% से बढ़कर 2036 में 22.8% हो जाएगी, यानी यह 6% से थोड़ा ज्यादा बढ़ जाएगी। तमिलनाडु में 13.7% से 20.8%, आंध्र में 12.3% से 19% तक की बढ़ोतरी होगी, कर्नाटक में बुज़ुर्गों की आबादी 11.5% से बढ़कर 17.2% हो जाएगी और तेलंगाना में यह 11% से 17.1% हो जाएगी। आसान भाषा में समझें तो 15 साल के अंतराल में दक्षिण भारत में बुजुर्गों की आबादी 6 से 7% बढ़ जाएगी जबकि उत्तर भारत में यह तीन से चार प्रतिशत होगी। 2023 की रिपोर्ट के मुताबिक प्रति 100 बच्चों (15 वर्ष से कम) पर बुजुर्गों (60 वर्ष से अधिक) की संख्या मध्य और पूर्वोत्तर क्षेत्रों की तुलना में दक्षिण और पश्चिम में अधिक होगी। आंध्र प्रदेश में प्रजनन दर 1.5 है, कर्नाटक में 1.6, केरल में 1.5, तमिलनाडु और तेलंगाना में 1.5 है, जबकि प्रजनन दर के लिए भारत का राष्ट्रीय औसत 2 है। भारत में प्रजनन दर बहुत तेजी से कम होती जा रही है। इस वजह से दक्षिण भारतीय राज्य अमीर होने से पहले बूढ़े हो रहे हैं।आबादी को लेकर एक सवाल भारत में लोकसभा सीटों के परिसीमन से भी जोड़ा जा रहा है। साल 2026 में देश भर में लोकसभा सीटों का परिसीमन होना है और दक्षिण भारत के राज्यों को डर है कि संख्या के आधार पर परिसीमन में उत्तर भारत में लोकसभा सीटों की संख्या बढ़ सकती है जबकि दक्षिण की हिस्सेदारी कम हो सकती है। अगर यही जन्म दर रहा तो आंध्र प्रदेश में लोकसभा सीटों की संख्या 25 से घटकर 20, कर्नाटक में 28 से घटकर 26, केरल में 20 से घटकर 14, तमिलनाडु में 39 से घटकर 30 और तेलंगाना में 17 से घटकर 15 हो सकती है। दूसरी ओर उत्तर भारत के राज्यों में इसका उलट होगा। उत्तर भारत में चूंकि राज्य ज्यादा हैं और आबादी का घनत्व भी ज्यादा है इसलिए वहां लोकसभा की सीटें बढ़ेंगी और निश्चित रूप से इससे संसद में उनकी आवाज दक्षिण के मुकाबले कहीं ज्यादा मजबूत होगी। इसलिए नायडू और स्टालिन की आशंका को निर्मूल नहीं कहा जा सकता।

# चीन व भारत शांति के रास्ते पर


अशोक भाटिया

जैसे ही ये समाचार फैला कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के ब्रिक्स सम्मेलन के दौरान अहम द्विपक्षीय वार्ता होने जा रही है वैसे ही महाराष्ट्र चुनाव में सोशल मीडिया पर यह नारा ट्रोल होने लगा कि ' मोदी है तो मुमकिन है ' ।

बताया जाता है कि यह वार्ता 2020 के गालवान संघर्ष के बाद दोनों नेताओं की पहली औपचारिक बैठक होगी। दोनों देशों के बीच सीमा विवाद के बाद यह बैठक विशेष महत्व रखती है। इस बैठक से उम्मीद की जा रही है कि भारत-चीन संबंधों में तनाव को कम करने और भविष्य में शांति बहाल करने के प्रयास होंगे। 2020 में गालवान घाटी में हुए संघर्ष के बाद से भारत और चीन के संबंध काफी तनावपूर्ण हो गए थे। इस संघर्ष के बाद दोनों देशों के बीच कई बातचीत की कोशिशें हुईं, लेकिन पूर्ण रूप से स्थिति सामान्य नहीं हो पाई थी। अब ब्रिक्स सम्मेलन के दौरान हो रही इस वार्ता से उम्मीद है कि दोनों देश सीमा पर शांति बनाए रखने के लिए ठोस कदम उठाएंगे।

समाचारों के अनुसार हाल ही में दोनों देशों के बीच लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल पर पेट्रोलिंग व्यवस्था पर सहमति बनी है। यह व्यवस्था 2020 से पहले की स्थिति पर लौटने की कोशिश है, जो कि दोनों देशों के बीच विश्वास बहाल करने और सीमा विवाद को शांतिपूर्ण ढंग से सुलझाने में मदद कर सकती है। महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

बताया जाता है कि इस सम्मेलन में पीएम मोदी और शी जिनपिंग के अलावा रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, ब्राज़ील के राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा और दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा भी मौजूद हैं। यह वार्ता बिक्स देशों के बीच वैश्विक मुद्दों पर सहमति बनाने का एक मंच भी है। ऐसे में भारत-चीन के बीच द्विपक्षीय संबंधों में सुधार का सीधा असर इस समूह के अन्य सदस्यों पर भी पड़ सकता है। गालवान संघर्ष के बाद से प्रधानमंत्री मोदी और शी जिनपिंग के बीच औपचारिक संवाद बहुत कम हुए हैं। 2023 में दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में हुए ब्रिक्स सम्मेलन के दौरान भी दोनों नेताओं के बीच एक बैठक हुई थी। इसके अलावा 2022 में इंडोनेशिया के बाली में हुए G20 सम्मेलन के दौरान भी एक अनौपचारिक बातचीत हुई थी। लेकिन, यह पहली बार है जब दोनों नेता विस्तृत वार्ता करेंगे।

भारत और चीन के बीच संबंधों में आई कड़वाहट का असर अन्य क्षेत्रों में भी देखा गया था। पिछले चार सालों से दोनों देशों के बीच कोई सीधी फ्लाइट सेवा नहीं थी। साथ ही, चीनी टेक्नीशियनों को वीजा मिलने में भी सुरक्षा संबंधी अतिरिक्त प्रक्रियाओं का सामना करना पड़ रहा था। अब इस बैठक के बाद उम्मीद की जा रही है कि दोनों देशों के बीच व्यापार और अन्य क्षेत्रों में भी संबंध सुधरेंगे।

गौर करने वाली बात यह है कि, पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर पेट्रोलिंग को लेकर भारत और चीन के बीच बनी सहमति के बाद दोनों देशों के बीच यह बैठक हो रही है। भारत और चीन के बीच बीते कई वर्षों से पूर्वी लद्दाख में जारी सैन्य गतिरोध अब समाप्त होता हुआ नजर आ रहा है। चीन ने पुष्टि की है कि पूर्वी लद्दाख में दोनों सेनाओं के बीच गतिरोध समाप्त करने के लिए भारत के साथ समझौता हो गया है। 15-16 जून, 2020 को पूर्वी लद्दाख की गलवान घाटी में भारत और चीन के सैनिक आमने-सामने आ गए थे। दोनों पक्षों के बीच हिंसक झड़प भी हुई थी, जिसमें भारत के 20 जवान शहीद हो गए थे, जबकि चीन के भी 40 से ज्यादा सैनिकों की मौत हुई थी। हालांकि, पीपुल्स लिबरेशन आर्मी ने आज तक अपने सैनिकों की मौत की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। इस घटना के चार साल बाद अब भारत और चीन ने गतिरोध खत्म करने को लेकर आगे कदम बढ़ाए हैं, जिसका नतीजा दोनों देशों के बीच हुआ समझौता है.

गौर करने वाली बात यह भी है कि कनाडा पिछले कुछ दिनों से भारत पर लगातार बेबुनियाद आरोप लगा रहा है। इसमें अमेरिका सहित कई फाइव आइज देश भी उसका पक्ष लेते नजर आ रहे हैं। जिनपिंग और पीएम मोदी की इस बैठक को फाइव आइज ग्रुप के खिलाफ कड़े जवाब के तौर पर भी देखा जा रहा है। फाइव आइज को ऐसे समझ सकते हैं कि यह दुनिया भर में जासूसी करने के लिए पांच देशों द्वारा मिलकर बनाया गया एक गुट है। जासूसी से मिले इनपुट को ये पांच देश आपस में साझा करते हैं। इस क्लब में अमेरिका, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और ब्रिटेन शामिल हैं।

ध्यान देने योग्य बात यह भी है कि जब 2019 में पहले जब पीएम मोदी और शी जिनपिंग की मुलाकात हुई तब चीन ने धोखा दिया था. लेकिन अब उसे भारत की शर्तों पर झुकना पड़ा है. दरअसल, अक्टूबर 2019 में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग भारत के दौरे पर आए थे. दोनों नेता महाबलीपुरम में एक अनौपचारिक शिखर सम्मेलन के लिए मिले थे. इस मुलाकात के कुछ महीने बाद ही चीन ने भारत को धोखा दिया था और एलएसी पर सैन्य गतिरोध पैदा हो गया था.दोनों देशों की सेना आमने-सामने आ गई थीं. 15 जून, 2020 को भारत और चीन के सैनिकों के बीच झड़प हो गई थी, जिसके बाद दोनों देशों के रिश्तों में कड़वाहट पैदा हो गई थी. इस घटना के बाद सितंबर, 2020 में राजनयिक और सैन्य स्तर पर बातचीत शुरू हुई. कई दौर की बातचीत के बाद भारत और चीन LAC पर समझौते को तैयार हुए. दोनों मुल्क पैट्रोलिंग पर 2020 से पहले वाली स्थिति पर सहमत हुए हैं. ये समझौता पीएम मोदी और शी जिनपिंग की मुलाकात से कुछ घंटे पहले ही हुआ.

इस मुलाकात के पहले विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को कहा था कि समझौते से दोनों देश 2020 वाली स्थिति में लौट आए हैं और दोनों देशों के बीच सेनाओं को पीछे हटाने की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। विदेश सचिव विक्रम मिश्री ने चीनी विदेश मंत्रालय की टिप्पणी के बाद इस बैठक की पुष्टि की। चीनी विदेश मंत्रालय ने कहा कि बीजिंग इस घटनाक्रम को सकारात्मक रूप से देखता है और भारत के साथ मिलकर उस समाधान को लागू करने के लिए काम करेगा जो दोनों पक्षों ने निकाला है। विदेश सचिव विक्रम मिश्री ने चीनी विदेश मंत्रालय की टिप्पणी के बाद इस बैठक की पुष्टि की। चीनी विदेश मंत्रालय ने कहा कि बीजिंग इस घटनाक्रम को सकारात्मक रूप से देखता है और भारत के साथ मिलकर उस समाधान को लागू करने के लिए काम करेगा जो दोनों पक्षों ने निकाला है।

मिश्री ने कहा कि समझौते के तहत चर्चा के दायरे में आने वाले क्षेत्रों में गश्त और चराई गतिविधियों के संबंध में 2020 की स्थिति बहाल होगी। उन्होंने कहा कि इसे जमीन पर लागू किया जाना है और भारत ऐसी व्यवस्था के लिए प्रयास करेगा जिससे किसी भी तरह की सीमा झड़प न हो। उन्होंने यह भी कहा कि नया समझौता उन बकाया मुद्दों पर केंद्रित था जो पिछले कुछ वर्षों में सामने आए थे। विदेश सचिव विक्रम मिश्री के अनुसार हमें अब अलग होने पर ध्यान केंद्रित करना होगा। सेना की वापसी और उनके ठिकानों पर वापसी के बारे में हम सही समय पर बात करेंगे। भारत ने सोमवार को कहा था कि दोनों पक्ष एलएसी पर गश्त व्यवस्था पर एक समझौते पर पहुंच गए हैं जिससे गतिरोध समाप्त हो गया है और 2020 में शुरू हुए गतिरोध के बाद उभरे मुद्दों का समाधान हो गया है।

अपनी पहली प्रतिक्रिया में, बीजिंग ने कहा कि चीन और भारत ने राजनयिक और सैन्य चैनलों के माध्यम से सीमा से संबंधित मुद्दों पर घनिष्ठ संवाद बनाए रखा है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने टिप्पणी के एक अंग्रेजी अनुवाद के अनुसार कहा कि वर्तमान में, दोनों पक्ष प्रासंगिक मुद्दों का समाधान निकाल चुके हैं, जिसका चीन ने सकारात्मक मूल्यांकन किया है। अगले चरण में, चीन उपरोक्त समाधान को लागू करने के लिए भारत के साथ काम करेगा। प्रगति के बावजूद, अभी भी कई अनसुलझे मुद्दे हैं जिन्हें संबोधित करने की आवश्यकता है।

इससे पहले कि स्थिति पूरी तरह से सामान्य हो सके, भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने इस महीने की शुरुआत में बताया था कि जहां 'आसान' मुद्दों का समाधान हो गया है, वहीं अधिक कठिन परिस्थितियां अभी भी बनी हुई हैं। विशेष रूप से देपसांग के मैदानों और पूर्वी लद्दाख के कुछ हिस्सों में ये अनसुलझे क्षेत्र पूर्ण वापसी के लिए एक चुनौती बने हुए हैं।विशेष रूप से देपसांग एक विवादास्पद क्षेत्र बना हुआ है जहां माना जाता है कि चीनी सेनाएं भारत के दावा वाले क्षेत्र के महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर जमी हुई हैं।

# आतंकियों के मददगारों को करना होगा ढेर


सुरेश गांधी


धारा 370 के हटने के बाद कश्मीर में टारगेट किलिंग्स की समस्या गंभीर बनी हुई है. गादंरबेल ही नहीं अब तक के हुए टारगेट किलिंग की घटनाओं की तहकीकात में एक बात साफ है हमले में स्थानीय मददगारों की भूमिका संदिग्ध रही है. सेना हो या सरकार इन मददगारों पर काबू पाने में पूरी तरह नाकाम रही है. खुफिया सूत्रों की मानें तो इसमें कहीं न कहीं धारा 370 की पुर्नबहाली की दुहाई देने वाले मुट्ठीभर गद्दरों के प्रति सरकारों का साफ्ट एवं ढुलमुल रवैया ही प्रमुख है। ये नहीं चाहते घाटी में विकास हो, क्योंकि विकास होगा तो इनकी युवाओं को बरगलाने व पत्थरबाजी वाली दुकान पर ताला लग जायेगा। टनल प्रोजेक्ट पर हमले के पीछे कुछ इसी तरह के मंशा पाले लोगों की साजिश से इनकार नहीं किया जा सकता। जांच-पड़ताल में कई बार इनकी भूमिका संदिग्ध पायी गयी है। आरोप है कि पाकिस्तानी आईएसआई के जरिए इन्हें बड़े पैमाने पर फंडिंग की जाती रही है। यही वजह है कि ये नहीं चाहते जम्मू-कश्मीर में शांति बनी रहे। निर्माण स्थल पर काम कर रहे मजदूरों को निशाना बनाकर इन्हीं गद्दारों की साजिश में आतंकवादियों ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि वे हिंसा और खौफ का माहौल बनाकर क्षेत्र में विकास के कार्यों को बाधित करना चाहते हैं। सुरक्षा बलों की सतर्कता के बावजूद, आतंकी अपनी गतिविधियों को तेज करने में लगे हुए हैं. इस हमले के माध्यम से आतंकवादी जनादेश में डर पैदा करना चाह रहे हैं।

बता दें, 2014 के बाद से सुरक्षा बलों की चौकसी के चलते जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी घटनाओं में आई कमी और आम जनजीवन पर उनके घटते असर से चिंतित आतंकी आकाओं ने आम चुनावों के दरम्यान अपनी सक्रियता बढ़ा दी। ऐसे इलाकों को चुना गया जहां सुरक्षा बलों की तैनाती कम और मुश्किल थी। टारगेटेड अटैक के जरिए बाहरी लोगों को निशाना बनाया गया ताकि उनमें घबराहट फैले और टूरिस्टों का आना कम हो। मगर ये तमाम चालें निष्फल साबित हुईं। चुनाव में बाधा डालने का उनका प्रयास भी नाकाम रहा। न केवल लोकसभा चुनाव बल्कि विधानसभा चुनाव भी शांतिपूर्वक संपन्न हुए। इतना ही नहीं, इनमें लोगों की भागीदारी के भी रेकॉर्ड बने। ऐसे में अब आतंकी तत्वों ने जम्मू-कश्मीर में निर्वाचित सरकार के गठित होते ही इस बड़े हमले को अंजाम देकर यह जताने का प्रयास किया है कि वे जनादेश के तहत बनी इस सरकार की राह में अड़ंगा डालने का हरसंभव प्रयास करते रहेंगे। लश्कर के संरक्षण में पल-बढ़ रहे टीआरएफ के आतंकी स्थानीय गद्दारों से मिलकर एक के बाद एक टारगेट किलिंग वारदात में तेजी लाने की साजिश रच रहे है। इसके लिए आतंकवादियों की ऑनलाइन भर्तियां तक की जा रही हैं. इन आतंकवादियों को आधुनिक और खतरनाक हथियार भी मुहैया कराये जा चुके हैं. हालांकि केंद्र और राज्य सरकार की ओर से भरोसा दिलाया गया है कि जम्मू कश्मीर में आतंकवादी वारदात करने वाले दहशतगर्दों को जल्द अंजाम तक पहुंचाया जाएगा. लेकिन जिस तरह जम्मू कश्मीर में एक साल के अंदर टारगेट किलिंग की 12 घटनाएं हो चुकी हैं, और ये सिलसिला थम नहीं रहा. तो ऐसे में कहा ही जायेगा, आखिर 370 मुक्त कश्मीर में टारगेट किलिंग पर कब लगाम लगेगा? जिस तरह हर टारगेट किलिंग की घटना में स्थानीय मददगारों का हाथ होने की आशंका सामने आ रही है, उससे जम्मू कश्मीर हुकूमत दहशतगर्दों के मददगारों पर लगाम लगा पाएगी, ये उससे बड़ा सवाल है। हालांकि टनल प्रोजेक्ट पर हमले के पीछे पाकिस्तान व चीन जैसे दुश्मनों की साजिश से भी इनकार नहीं किया जा सकता।

आंकड़ों पर गौर करें तो एक साल में टारगेट किलिंग की वारदातों में 12 कत्ल किए जा चुके है। टारगेट किलिंग की इन घटनाओं में खुफिया तंत्र ने भी कहा है, यह घटनाएं नाकाम साबित कर रही है पाकिस्तान में बैठे दुश्मन देश के गद्दार साथ हैं। जो 370 के बदलाव की दुहाई दे रहे हैं वे भूल गए है कि क्या 370 युक्त-क्या 370 मुक्त घाटी की तस्वीर हाल के कछ सालों में हुए विकास कार्यो को छोड़ दें तो हालात पहले ही जैसे है। लेकिन मसला 370 का नहीं बल्कि हिंदुस्तानियों के हिफाजत का है, जिसे दहशतगर्त लगातार चुनौती दे रहे हैं। 20 अक्टूबर को सात में 4 बिहारियों की हत्या के पहले 18 अक्टूबर को भी बिहार के मजदूर की हत्या की गयी है। 22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के राजौरी में बिहार के दो मजदूरों की हत्या की गयी। सोफिया में 8 अप्रैल को दिल्ली के मजदूर की हत्या की गयी। श्रीनगर में 4 फरवरी को पंजाब के दो युवकों की हत्या की गयी। 17 अप्रैल को भी मजदूर की हत्या की गयी। अधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक 2024 में 45 वारदात में 18 मौतें व शहादत के 23 घटनाओं के बीच 51 आतंकी ढेर किए गय। 2023 में 72 वारदातों में 12 मौतें व शहादत के 33 घटनाओं में 87 आतंकी ढेर किए गए। साल 2022 में 151 वारदातों में 30 मौतें व शहादत के 30 मौतों के बीच 193 आंकी मारे गए। साल 2021 में 153 वारदातों में 36 मौतें व शहादत की 45 घटनाओं के बीच 195 आतंकी ढेर किए। साल 2020 में 144 वादातों में 23 मौतें व शहादत 56 मौतों के बीच 232 आतंकी मारे गए। 2019 में 135 वादातों में 42 मौतें हुई और 23 शहादत के बीच 234 आतंकी मारे गए।

गौर करने लायक बात है कि इस बार हमले के लिए श्रीनगर और सोनमर्ग के बीच बनाई जा रही जेड-मोड टनल का काम कर रहे लोगों को चुना गया। यह टनल न केवल जम्मू-कश्मीर के विकास की दृष्टि से महत्वपूर्ण है बल्कि रणनीतिक तौर पर भी खासी अहमियत रखता है। इसके निर्माण से श्रीनगर और करगिल के बीच निर्बाध संपर्क सुनिश्चित होगा और श्रीनगर व लेह के बीच की यात्रा में लगने वाला समय कम हो जाएगा। यही नहीं, इस टनल के जरिए टूरिस्टों के पसंदीदा शहर सोनमर्ग की हर मौसम में कनेक्टिविटी भी सुनिश्चित की जा सकेगी। जाहिर है, विदेशी जमीन पर बैठे आतंकवादी तत्वों ने इस एक हमले के जरिए कई उद्देश्य पूरे करने की कोशिश की है। लेकिन जैसा कि हमले के बाद आई प्रतिक्रियाओं से साफ है इस मसले पर पक्ष-विपक्ष पूरी तरह एकजुट है। सबसे बड़ी बात यह कि अब आतंक के खिलाफ उठे इन स्वरों में जम्मू-कश्मीर के लोगों की नुमाइंदगी कर रही आवाजें भी शामिल हैं। सम्मिलित सुनियोजित प्रयासों से जम्मू-कश्मीर को आतंकवाद के बचे-खुचे निशानों से भी मुक्त करने का लक्ष्य अब पहुंच से दूर नहीं कहा जा सकता। इसकी बानगी चुनाव में भी देखने को उस वक्त मिली जब लोगों ने बढ़चढ़कर वोटिंग की। प्रक्रिया पूरी होने और निर्वाचित सरकार के सत्ता में आने के बाद कहा जा सकता है कि कुछ देश विरोधी गद्दारों को छोड़ दें तो जनता ने आतंकियों को खारिज कर दिया है। अब वहां की जनता देश के अन्य इलाकों की तरह शांतिपूर्ण जीवन जीना चाहती है।

# स्त्रियों की अस्मिता के प्रति पुरुष समाज का नैतिक पतन


संजीव ठाकुर

किसी भी राष्ट्र के निर्माण में महिलाओं का महत्व इसलिए भी सर्वोपरि है कि महिलाएं बच्चों को जन्म देकर उनका पालन पोषण करते हुए उनमें संस्कार एवं सद्गुणों का सर्वोत्तम विकास करती हैं,और राष्ट्र के प्रति उनकी जिम्मेदारी को सुनिश्चित करती है। जिससे राष्ट्र निर्माण और विकास निर्बाध गति से होता रहे और वही पुरुष समाज स्त्रियों का अनादर कर सरे आम घर में, समाज और देश कोने कोने में स्त्री अस्मिता से खिलवाड़ कर अपने पुरुष होने का अति अशोभनीय दम्भ भरता है। नारियां कब तक पुरुषों द्वारा किए गए इन अनाचारों को झेलती रहेगी।

भारतीय ऋषियों ने अथर्व वेद में माताओं को ₹माता भूमिह पुत्र अहं पृथ्व्याः₹ अर्थात भूमि मेरी माता है और हम इस धरा के पुत्र हैं, कहकर प्रतिष्ठित किया है,तभी से विश्व में नारी महिमा का उद्घोष हो गया था। महान शासक नेपोलियन बोनापार्ट ने नारी की महत्ता को बताते हुए कहा था कि 'मुझे एक योग्य माता दे दो, मैं तुम्हें एक योग्य राष्ट्र दूंगा'। मानव कल्याण की भावना, कर्तव्य, सृजनशीलता और ममता को सर्वोपरि मानते हुए महिलाओं ने इस जगत में मां के रूप में अपनी सर्वोपरि भूमिका को निभाते हुए राष्ट्र निर्माण और विकास में अपने विशेष दायित्वों का निर्वहन किया है। वीर भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, विवेकानंद जैसी विभूतियों का देश हित में अवतार माँ के लालन-पालन की ही देन है। जीजाबाई,जयंताबाई, पन्ना धाय जैसी अनेक माताओं को त्याग समर्पण और त्याग को भी इतिहास के पन्नों में स्वर्णिम अक्षरों से अंकित किया गया है। माताएं ही हैं जो बहुआयामी व्यक्तित्व का निर्माण और विकास करती है। मूलतः माताएं, स्त्रियां की राष्ट्र निर्माण की सशक्त सूत्रधार होती है। राष्ट्र निर्माण के संदर्भ में नारी विधाता की सर्वोत्तम और उत्कृष्ट कृति है।

जो जीवन की बगिया को महकाती है और न केवल व्यक्तिगत बल्कि राष्ट्र निर्माण एवं विकास में अपनी महती भूमिका निभाती है। नारी के लिए यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि उनमें विविधता में एकता होती है। महिलाओं के बाह्य रूप और सौंदर्य तथा पहनावे में विस्तृत विविधता तो होती ही है, लेकिन उनके मानस में एक आकार और केंद्रीय शक्ति ईश्वर की तरह एक ही होती है। नारी का स्वरूप न केवल बाहर अपितु अंतर्मन के ममत्व भाव का वृहद स्वरूप का भी रहस्योद्घाटन करती हैं, नारी प्रकृति एवं ईश्वरिय जगत का अद्भुत पवित्र साध्य है, जिसे अनुभव करने के लिए पवित्र साधन एवं दृष्टि का होना आवश्यक है, नारी का स्वरूप विराट होता है जिसके समक्ष स्वयं विधाता भी नतमस्तक हो जाते हैं, नारी अमृत वरदान होने के साथ-साथ दिव्य औषधि भी है। समाज के सांस्कृतिक धार्मिक भौगोलिक ऐतिहासिक और साहित्यिक जगत में नारी यानी स्त्री का दिव्य स्वरूप प्रस्फुटित हुआ है और जिसके फलस्वरूप राष्ट्र ने नई नई ऊंचाइयों को भी शिरोधार्य किया है। सभ्यता, संस्कृति ,संस्कार और परंपराएं महिलाओं के कारण ही एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में हस्तांतरित होती हैं ।अतः महिलाओं की सामाजिक, शैक्षिक, धार्मिक कार्य शक्ति ही परिवार तथा समाज और राष्ट्र को सशक्त बनाते हैं। नारियों के संदर्भ में यह भी कहा गया है कि सशक्त महिला सशक्त समाज की आधारशिला होती है। माताएं शिशु की प्रथम शिक्षिका होती है। माता के बाद बहन,पत्नी का अवतार राष्ट्र निर्माण और विकास के साथ-साथ पथ प्रदर्शक के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, पत्नी चाहे तो पति को गुणवान और सद्गुणी बना सकती है। इतिहास गवाह है कि जब भी कभी देश में संकट आया है तो पत्नियों ने अपने पतियों के माथे पर तिलक लगाकर जोश, जुनून और विश्वास के साथ रणभूमि भेजा है और विजयश्री प्राप्त की है।

तुलसीदास जी के जीवन में आध्यात्मिक चेतना प्रदान करने के लिए उनकी पत्नी रत्नावली का ही हाथ था।विद्योत्मा ने कालिदास को संस्कृत का प्रकांड महाकवि बनाया था, इसके अतिरिक्त यह कहना भी गलत नहीं होगा कि पति को भ्रष्टाचार, बेईमानी, लूट,गबन आदि जो कि राष्ट्र को खोखला बनाते हैं जैसी बुराइयों से पत्नी ही दूर रख सकती है और उन्हें इन विसंगतियों से अपनी सलाह के अनुसार बचाती है। सही मायनों में महिलाएं ही संस्कृति, संस्कार और परंपराओं की संरक्षिका होती है। वे पीढ़ी दर पीढ़ी इसका संचालन आरक्षण करती आ रही है। पूरे विश्व में भारत को विश्व गुरु का दर्जा दिलाने में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण एवं महती रही है।

# ग़रीबी हटाने के लिए नीतियों को विकसित करने की जरूरत


सुनील कुमार महला

हाल ही में संयुक्त राष्ट्र द्वारा 'वैश्विक बहुआयामी ग़रीबी सूचकांक -2024' जारी किया गया है। इसमें यह बात कही गई है कि भारत में सबसे अधिक गरीब रहते हैं। रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि दुनिया में 110 करोड़ लोग बहुआयामी गरीबी में जीवन काट रहे हैं जिनमें से 23.4 करोड़ भारतीय हैं जो कि काफी बड़ी आबादी है। मतलब यह है कि बहुआयामी गरीबी से जूझ रही 21 फीसदी आबादी भारत में है। इस रिपोर्ट में यह बताया गया है कि हिंसक संघर्ष के कारण आज दुनिया में बहुआयामी ग़रीबी में इजाफा हो रहा है।

आंकड़ों के मुताबिक पाकिस्तान में यह आंकड़ा 9.3 करोड़, इथियोपिया में 8.6 करोड़, नाइजीरिया में 7.4 करोड़ है तो वहीं डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो में 6.6 करोड़ लोग बहुआयामी गरीबी से जूझ रहे हैं। आश्चर्यजनक बात यह है कि दुनिया में बहुआयामी गरीबी से जूझ रही करीब आधी यानी 48.1 फीसदी आबादी इन्हीं पांच देशों में बसी है। और भी अधिक आश्चर्यजनक बात यह है कि दुनिया में बहुआयामी गरीबी में जीवन गुजारने वालों में करीब आधे बच्चे हैं। यहां यह बात उल्लेखनीय है कि वैश्विक बहुआयामी गरीबी सूचकांक का यह यह नवीनतम अपडेट संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) और ऑक्सफोर्ड गरीबी और मानव विकास पहल (ओपीएचआई) द्वारा जारी किया गया है तथा वर्ष 2024 के लिए जारी यह इंडेक्स 112 देशों से जुड़े आंकड़ों पर आधारित है।

रिपोर्ट इस बात का खुलासा करती है कि दुनिया में बहुआयामी गरीबी के सबसे ज्यादा शिकार (83.2 फीसदी) दक्षिण एशिया और उप-सहारा अफ्रीका में हैं। उप-सहारा अफ्रीका में जहां 55.3 करोड़ लोग गरीबी से जूझ रहे हैं, वहीं दक्षिण एशिया में यह संख्या 40.2 करोड़ दर्ज की गई है। पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि यह रिपोर्ट तीन प्रमुख आयामों पोषण, शिक्षा और जीवन स्तर पर आधारित है। इसके अंतर्गत पोषण, शिशु व वयस्क मृत्युदर, मातृत्व स्वास्थ्य, स्कूली शिक्षा के वर्ष, स्कूल में हाजिरी, खाना पकाने के ईंधन, स्वच्छता, पेयजल, आवास, बिजली, और संपत्ति जैसे पहलुओं पर विशेष ध्यान दिया गया है। बता दें कि यदि कोई परिवार इन संकेतकों में से एक-तिहाई या उससे अधिक से वंचित होता है, तो उसे बहुआयामी गरीब माना जाता है। यह विडंबना की बात है कि आज गरीबी से जूझ रही आबादी के पास बुनियादी सुविधाएं तक उपलब्ध नहीं हैं। जो आंकड़े सामने आए हैं उनके मुताबिक इनमें से 82.8 करोड़ लोग साफ-सफाई और स्वच्छता में कमी से परेशान हैं। वहीं 88.6 करोड़ लोगों के पास उचित आवास उपलब्ध नहीं है। 99.8 करोड़ लोग ऐसे हैं जिनके पास खाना पकाने के लिए पर्याप्त सुविधा नहीं है।

रिपोर्ट में यह भी सामने आया है कि बेहद गरीबी का सामना करने वाली इस आबादी में से करीब 40 फीसदी (45.5 करोड़) ऐसे देशों में रह रहे हैं जो हिंसक संघर्षों से ग्रस्त हैं। रिपोर्ट के मुताबिक द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से 2023 में किसी भी अन्य वर्ष की तुलना में सबसे अधिक संघर्ष की घटनाएं सामने आई हैं। इनकी वजह से 11.7 करोड़ से अधिक लोगों को विस्थापन की पीड़ा झेलनी पड़ी है। संघर्ष और अस्थिरता न केवल लोगों को गरीबी के भंवर जाल में धकेल रहे हैं, साथ ही इसे दूर करने के प्रयासों में भी बाधा पहुंचा रहे हैं।

# लेटेस्ट लेन देन


डॉ टी महादेव राव

छोटू। अब उस कार्यालय में घूसखोरी और भ्रष्टाचार खत्म हो गया होगा, जिसके दो अधिकारियों को हाल ही में घूस लेने के चक्कर में सस्पेंड किया गया।

भैया। आपने कर्क रोग के बारे में सुना होगा मतलब कैंसर। वह पूरी तरह खत्म नहीं होता। खत्म होने का भ्रम देता है। हमारे समाज में भी भ्रष्टाचार कैंसर की तरह फैल गया है। खत्म कहां होने वाला?

₹मतलब वहां अब भी रिश्वत ली जाती है जबकि उस विभाग के मंत्री ने उस कार्यालय में शौचालय को छोड़कर हर जगह सी सी कैमरे लगवा दिए हैं। उसमें रिकॉर्ड नहीं हो जायेगा घूस लेते हुए।

आप भी कहां की बात कर रहे हैं? भ्रष्ट अनंत भ्रष्टाचार अनंता। तू डाल डाल मैं पात पात जैसा फैल गया है। और तो और नशेड़ी, शराबी और गंजेडी की तरह यह दुर्व्यसन छूटती कहां है?

तो वे सी सी कैमरों के सामने लेन देन कैसे करते हैं? उन्हें डर नहीं पकड़े जाने का?

उन्होंने उपाय खोज लिए हैं। मैं कल वहां अपने दोस्त के काम से उसे लेकर गया था। लिपिक ने दराज से एक कागज निकालकर पढ़ने को कहा। पांच मिनट में काम होने का दाम उसमें पांच हजार बताया और सारे कागज उसके पास जमा करने को कहा गया। बाहर जाकर वहां पानी पूरी वाले के पास पैसे देने को कहा गया उस कागज में।

फिर हम लोग जाकर उस पानी पूरी वाले से मिले। उससे पानी पूरी लेकर खाया। उसने पांच हजार लिए और फोन पे कहा पांच बजे। यह उनका कोड था। हम जब फिर उस लिपिक के पास गए। हमारे कागजात तैयार थे। लेकर हम बाहर आए तो देखा कई लोग पानी पूरी वाले से पानी पूरी खा रहे थे और लेन देन कर रहे थे। लेटेस्ट लेन देन का तरीक़ा था यह तो।

मैं तो कहता हूं भैया। ए आई यानी कृत्रिम बुद्धिमत्ता से एक कदम आगे हैं ये लोग रिश्वतखोरी में। मंत्री जी कौन से दूध के धुले हैं? उन्हें इस एक कार्यालय से महीने में पचास लाख का शेयर जाता है।

लेकिन उन्होंने तो ईमानदारी पर प्रवचन देकर दो अधिकारियों को हटाया न वहां से?

वो तो हाथी के दांत थे। वे दोनों अधिकारी हिस्सा ठीक से और समय पर नहीं दे रहे थे। ईमानदारी के नाम पर उन्हें हटाकर अपना उल्लू भी सीधा कर लिए कि अगले चुनाव के लिए खुद को पाक साफ बताना और अपने साजिंदों को वहां बिठाकर धन उगाहना।

₹क्या होगा इस देश का और क्या होगा उस नारे का कि न खाऊंगा न खाने दूंगा। पानी पूरी वाले का स्वरोजगार भी चमक उठा छोटू!

# गुरु पुष्य नक्षत्र आज

## भगवान विष्णु और महालक्ष्मी का करें अभिषेक




गुरुवार, 24 अक्टूबर को गुरु पुष्य नक्षत्र है। दीपावली से पहले खरीदारी और पूजा-पाठ के नजरिए से ये दिन बहुत खास है। इस साल गुरुवारा को पुष्य नक्षत्र आने से इसका महत्व काफी अधिक बढ़ गया है। ज्योतिष में कुल 27 नक्षत्र बताए गए हैं और इन नक्षत्रों का राजा पुष्य ही है। पुष्य नक्षत्र के स्वामी शनि देव हैं। गुरुवार का कारक ग्रह देवगुरु बृहस्पति है। जानिए गुरु पुष्य नक्षत्र पर कौन-कौन से शुभ काम किए जा सकते हैं...

गुरु पुष्य नक्षत्र को खरीदारी के लिए महामुहूर्त माना जाता है। इसदिन घर से जुड़ी कोई भी चीज खरीदी जा सकती है। माना जाता है कि गुरु पुष्य नक्षत्र में खरीदी गई चीजें लंबे समय तक सेवाएं देती हैं और जल्दी खराब नहीं होती हैं। इस मान्यता की वजह से गुरु पुष्य नक्षत्र पर काफी लोग खरीदारी करते हैं।

जानिए गुरु पुष्य नक्षत्र पर कौन-कौन से शुभ काम किए जा सकते हैं...

गुरु पुष्य नक्षत्र में सबसे पहले भगवान गणेश की पूजा करें, इसके बाद भगवान विष्णु और महालक्ष्मी का विशेष अभिषेक करें। इसके लिए दक्षिणावर्ती शंख में केसर मिश्रित दूध भरें और देवी-देवताओं की प्रतिमाओं पर चढ़ाएं। दूध के बाद शुद्ध जल अर्पित करें। इसके बाद हार-फूल और वस्त्रों से श्रृंगार करें। तुलसी के साथ भगवान को मिठाई का भोग लगाएं। भोग में खीर भी रखेंगे तो बहुत शुभ रहेगा। ऊँ नमो भगवते वासुदेवाय मंत्र का जप करते हुए पूजा करें। धूप-दीप जलाकर आरती करें।

इस दिन शनि देव की भी विशेष पूजा जरूर करें, क्योंकि पुष्य नक्षत्र का स्वामी शनि को माना जाता है। शनिदेव के लिए तेल का दान करें। शनिदेव की प्रतिमा पर सरसों का तेल चढ़ाएं। नीले फूल अर्पित करें। भगवान को भोग में काले तिल से बने व्यंजन अर्पित करें। ऊँ शं शनैश्चराय नमः मंत्र का जप करें। किसी मंदिर में पूजन सामग्री का दान करें।


गुरुवार को पुष्य नक्षत्र होने से इस देवगुरु बृहस्पति की भी पूजा करनी चाहिए। गुरु ग्रह की पूजा शिवलिंग रूप में की जाती है, इसलिए शिवलिंग पर केसर मिश्रित जल चढ़ाएं। इसके बाद शुद्ध जल अर्पित करें। चंदन का लेप करें। बिल्व पत्र, धतूरा, आंकड़े के फूल, अबीर, गुलाल, जनेऊ आदि पूजन सामग्री चढ़ाएं। धूप-दीप जलाएं, मिठाई का भोग लगाएं। धूप-दीप जलाकर आरती करें। पूजा में ऊँ नमः शिवाय मंत्र का जप करें।

गुरु पुष्य नक्षत्र के शुभ योग में जरूरतमंद लोगों को भोजन, अन्न, धन, जूते-चप्पल, कपड़े, पढ़ाई की चीजें, दवाइयां दान करें। माना जाता है कि इस दिन किया गया दान अक्षय पुण्य प्रदान करता है। ऐसा पुण्य जिसका शुभ असर जीवनभर बना रहता है।

गुरुवार को भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप बाल गोपाल का भी अभिषेक करें। श्रीकृष्ण को नए वस्त्र अर्पित करें। माखन-मिश्री का भोग तुलसी के साथ लगाएं। कृं कृष्णाय नमः मंत्र का जप करें।

शाम को सूर्यास्त के बाद तुलसी के पास दीपक जलाएं। हनुमान जी के सामने दीपक जलाकर सुंदरकांड या हनुमान चालीसा का पाठ करें।

# दिवाली से पहले बन रहा है गुरु पुष्य योग




इस बार दिवाली के पहले 24 अक्टूबर 2024 गुरुवार के दिन गुरु पुष्य नक्षत्र रहेगा जो कि अति शुभ माना जा रहा है। इसी दिन अमृत और सर्वार्थ सिद्धि योग भी है। गुरुवार से युक्त होने के कारण इसकी शुभता बढ़ गई है। यह नक्षत्र सोना, चांदी और वाहन खरीदा के लिए शुभ माना जाता है। 24 अक्टूबर को प्रातः 06:15 से लेकर अगले दिन 25 अक्टूबर को प्रातः 07:40 बजे तक यह नक्षत्र रहेगा। पुष्य नक्षत्र स्थायी होता है अतः इस नक्षत्र में खरीदी की गई कोई भी वस्तु लंबे समय तक उपयोगी रहती है तथा शुभ फल प्रदान करती है। यह नक्षत्र योग सोना, चांदी, बर्तन, वाहन, घर, गृह प्रवेश, ग्रह शांति, शिक्षा सम्बन्धी मामलों के लिए अत्यंत श्रेष्ठ माना जाता है। यह योग अन्य शुभ कार्यों के लिए भी शुभ मुहूर्त के रूप में जाना जाता है।

### 24 अक्टूबर 2024 गुरु पुष्य नक्षत्र के दिन का शुभ मुहूर्तः-

**सोना और वाहन खरीदने का मुहूर्तः सुबह 11:43 से दोपहर 12:28 के बीच**
**।दोपहर लाभ का चौघड़ियाः 12:05 से दोपहर**
**शुभ का चौघड़ियाः अपराह्न 04:18 से शाम 05:42 के बीच।**
**01:29 के बीच।**
**नोट : वैसे इस दिन पुष्य नक्षत्र, सर्वार्थ सिद्धि योग और अमृत सिद्धि योग पूरे दिन रहेगा इसलिए राहुकाल छोड़कर कभी भी कुछ भी खरीद सकते हैं। राहुकाल दोपहर 01:29 से दोपहर 02:54 के बीच रहेगा।**

# मथुरा का ऐसा चमत्कारी कुंड, जहां संतान प्राप्ति के लिए स्नान करते हैं लोग! राधा रानी ने था बनवाया



भगवान श्री कृष्ण की नगरी मथुरा में गोवर्धन गिरधारी की परिक्रमा के मार्ग में एक चमत्कारी कुंड पड़ता है, जिसे राधा कुंड के नाम से जाना जाता है। इस कुंड की बहुत मान्यता है। कहा जाता है कि अगर निःसंतान कपल कार्तिक कृष्ण पक्ष की अष्टमी की मध्य रात्रि को यहां स्नान करते हैं, तो उन्हें संतान की प्राप्ति हो जाती है।

**अहोई अष्टमी के दिन करते हैं स्नान**

मथुरा का पंडित मुकेश शर्मा बताते हैं कि अहोई अष्टमी के दिन पति और पत्नी दोनों ही निर्जला व्रत रखते हैं। मध्य रात्रि में राधा कुंड में डुबकी लगाते हैं। ऐसा करने पर उनके घर में किलकारियां गूंज उठती है। कहा जाता है कि यह प्रथा द्वापर युग से चली आ रही है। इस प्रथा से जुड़ी एक कथा का पुराणों में भी वर्णन मिलता है।

**श्री कृष्ण से जुड़ी कहानी**

जिस समय कंस ने भगवान श्री कृष्ण का वध करने के लिए अरिष्टासुर नामक दैत्य को भेजा था। उस समय अरिष्टासुर गाय के बछड़े का रूप लेकर श्री कृष्ण की गायों के बीच में शामिल हो गया। कृष्ण को मारने के लिए आया। भगवान श्री कृष्ण ने उस दैत्य को पहचान लिया। इसके बाद श्री कृष्ण ने उस दैत्य को पकड़कर जमीन पर फेंक दिया और उसका वध कर दिया। यह देखकर राधा जी ने श्री कृष्ण से कहा कि उन्हें गौ हत्या का पाप लग गया है।

इस पाप से मुक्ति के लिए उन्हें सभी तीर्थों के दर्शन करने चाहिए। राधा जी की बात सुनकर श्री कृष्ण ने नारद जी से इस समस्या के समाधान के लिए उपाय मांगा। देवर्षि नारद ने उन्हें उपाय बताया कि सभी तीर्थों का आह्वान करके उन्हें जल रूप में बुलाएं और उन सभी तीर्थों के जल को एक साथ मिलाकर स्नान करें, जिससे उन्हें गौ हत्या के पाप से मुक्ति मिल जाएगी।

**कृष्ण को ऐसे मिली इस पाप से मुक्ति**

श्री कृष्ण ने एक कुंड में सभी तीर्थों के जल को आमंत्रित किया और कुंड में स्नान करके पाप मुक्त हो गए। इस कुंड को कृष्ण कुंड कहा जाता है, जिसमें स्नान करके श्री कृष्ण गौ हत्या के पाप से मुक्त हुए थे। माना जाता है कि इस कुंड का निर्माण श्री कृष्ण ने अपनी बांसुरी से किया था। नारद जी के कहने पर ही श्री कृष्ण ने यह कुंड अपनी बांसुरी से खोदा था और सभी तीर्थों से उस कुंड में आने की प्रार्थना की जिसके बाद सभी तीर्थ उस कुंड में आ गए। इसके बाद श्री कृष्ण कुंड को देखकर राधा जी ने भी अपने कंगन से एक कुंड खोदा। जब श्री कृष्ण ने उस कुंड को देखा तो कुंड को अधिक प्रसिद्ध होने का वरदान दिया, जिसके बाद यह कुंड राधा कुंड के नाम से प्रसिद्ध हो गया।

# दिवाली पर माता लक्ष्मी-गणेश जी की मूर्ति को किस दिशा में रखें

हिंदू धर्म में दिवाली के पर्व का बहुत महत्व है। कार्तिक मास की अमावस्या तिथि को दिवाली का पर्व मनाया जाता है। इस दिन भगवान श्री राम चौदह वर्षों का वनवास पूरा करके अयोध्या वापस लौटे थे। भगवान राम के अयोध्या लौटने की खुशी में ही दिवाली का पर्व मनाया जाता है। पूरे देश में दिवाली के पर्व को बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है। दिवाली पर भगवान गणेश और माता-लक्ष्मी की पूजा की जाती है। इस दिन भगवान गणेश और माता लक्ष्मी की पूजा करने से आपको सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है। आपके जीवन में खुशहाली बनी रहती है, साथ ही आपके घर पर लक्ष्मी जी का वास होता है।



दिवाली के दौरान घर में लक्ष्मी-गणेश जी की नई मूर्ति को घर लाने का विधान है। ऐसा माना जाता है कि माता लक्ष्मी को भगवान गणेश के बाईं तरफ स्थापित करना चाहिए जो की गलत है। बाईं तरफ का स्थान पत्नी का स्थान होता है पर मां लक्ष्मी गणेश जी की माता स्वरूप हैं इसलिए उन्हें हमेशा भगवान गणेश के दाईं तरफ स्थापित करना चाहिए। दिवाली पूजन के समय माता लक्ष्मी को भगवान गणेश के दाहिनी ओर ही बैठाना चाहिए। भगवान गणेश और माता लक्ष्मी की मूर्तियों को चौकी पर इस तरह रखें कि उनका मुख पूर्व या पश्चिम दिशा में हो।

**दिवाली पर कलश स्थापना का महत्व**

दिवाली पर कलश स्थापना करना शुभ माना जाता है क्योंकि कलश को वरुणदेव का रूप माना जाता है। अगर लक्ष्मी पूजन के दौरान दिवाली की रात कलश स्थापना की जाए तो इससे पूजा का फल दोगुना मिलता है और आपके घर पर सुख-समृद्धि बनी रहती है। हिंदू मान्यताओं के अनुसार कलश को अमृत तत्व माना गया है। ऐसे में दिवाली के दिन घर पर कलश स्थापना करने से आर्थिक तंगी दूर होती है। अमृत तुल्य होने के कारण आपको निरोगी काया की प्राप्ति होती है। अगर आप विशेष रूप से किसी देवी-देवता को मानते हैं तो आपको दिवाली का पूजन करते समय माता लक्ष्मी और भगवान गणेश की पूजा करने के बाद जिस भी देवी देवता पर आपका अटूट विश्वास हो उनकी भी पूजा करनी चाहिए।

# आज से चमकेगी 3 राशियों की किस्मत!

## अहोई अष्टमी के दिन बन रहा है महालक्ष्मी राजयोग



हिंदू पंचांग के अनुसार कार्तिक मास में अहोई अष्टमी का पर्व होता है। इस बार अहोई अष्टमी का व्रत 24 अक्टूबर, गुरुवार को है। परंपरागत रूप से इस व्रत को माताएं अपनी संतान की अच्छी सेहत और समृद्धि के लिए रखती हैं। इस बार अहोई अष्टमी 24 अक्टूबर को है और इस दिन महालक्ष्मी राजयोग का निर्माण हो रहा है। मंगल और चंद्र ग्रह की युति से ये खास योग बन रहा है।

24 अक्टूबर को मंगल और चंद्र ग्रह की युति से महालक्ष्मी राजयोग बनेगा, जिससे कुछ राशियों की किस्मत चमक सकती है। इसी दिन अहोई अष्टमी भी है, आइए जानते हैं महालक्ष्मी राजयोग से किन 3 राशियों की किस्मत चमक सकती है।

**मिथुन राशि**

24 अक्टूबर से मिथुन राशि के लोगों की जिंदगी में अच्छे बदलाव हो सकते हैं। महालक्ष्मी राजयोग से आपको धन की प्राप्ति हो सकती है। बिजनेस में तरक्की और नौकरी पेशा लोगों का प्रमोशन हो सकता है। आर्थिक स्थिति में धीरे-धीरे सुधार आ सकता है। सोच-समझकर लिए गए फैसले आपको बाद में सफलता दिला सकते हैं। बिना वजह किसी भी विवाद में न पड़ना आपके लिए अच्छा साबित हो सकता है।

**वृश्चिक राशि**

कार्यक्षेत्र में उन्नति के लिए कई नए रास्ते खुलेंगे। रिश्तों में सुधार होगा। आपसी मतभेद दूर होंगे। कार्यस्थल में सहयोगियों का पूरा साथ मिलेगा। धन-संपत्ति में आपको लाभ मिल सकता है। महालक्ष्मी राजयोग से आय वृद्धि के नए अवसर प्रदान होंगे। रुके हुए कार्य पूरे होंगे। व्यापार में मुनाफा हो सकता है। मां लक्ष्मी की आप पर खास कृपा होगी। पढ़ाई-लिखाई में सफल होंगे। सभी इच्छाएं पूरी होंगी।

**तुला राशि**

तुला राशि के लोगों की बेरोजगारी दूर होगी। 24 अक्टूबर के बाद आपको कोई अच्छी खबर सुनने को मिल सकती है। घर में मेहमानों का आगमन रहेगा। आप नया घर खरीद सकते हैं। पैसों से संबंधित फायदा होने का योग है। धन में वृद्धि होगी और समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ सकता है। नौकरीपेशा लोगों के लिए महालक्ष्मी राजयोग लाभकारी रहेगा। धार्मिक कार्यों में हिस्सा लेंगे। घर में खुशी का माहौल रहेगा।

# तेरस तो हर महीने आती है, फिर धनतेरस पर ही क्यों होती है लक्ष्मी जी की पूजा?

धनतेरस पर लक्ष्मी पूजन क्यों होता है ? पौराणिक कथा के अनुसार, एक बार भगवान विष्णु मृत्युलोक अर्थात पृथ्वी की ओर आ रहे थे। तभी माता लक्ष्मी ने उनके साथ चलने का आग्रह किया। भगवान विष्णु ने कहा कि अगर आप मेरा कहना मांगे तो आप मेरे साथ चल सकती हैं। इसे मानने के बाद ही वह पृथ्वी लोक पर आ गई थीं।

कुछ देर बार एक जगह पर पहुंचकर भगवान विष्णु ने लक्ष्मीजी से कहा कि जब तक मैं ना आ जाऊं, आप यहीं रहना। ऐसा कहने के बाद भगवान विष्णु दक्षिण दिशा की तरफ चले गए। माता लक्ष्मी के मन में जिज्ञासा हुई कि आखिर दक्षिण दिशा की तरफ ऐसा क्या है।

लक्ष्मीजी से रहा नहीं गया और वह भगवान विष्णु के पीछे-पीछे चल दीं। आगे जाकर माता को सरसों के खेत दिखे, जहां उन्होंने सरसों के फूल से श्रृंगार किया और आगे जाकर गन्ने के खेत में गन्ना तोड़कर उसका रस पीने लगीं। उसी वक्त भगवान विष्णु भी आ गए और माता लक्ष्मी को देखकर नाराज हो गए।

नाराज विष्णुजी ने माता लक्ष्मी को शाप दिया मैंने आपको मना किया था, लेकिन तब भी आप गईं। इस अपराध के जुर्म में आपको किसान के यहां 12 वर्ष तक रहकर सेवा करनी होगी। ऐसा कहकर भगवान विष्णु क्षीर सागर चले गए। तब लक्ष्मीजी किसान के घर रहने लग गईं।

ऐसे शुरू हुई धनतेरस पर मां लक्ष्मी की पूजा लक्ष्मीजी के रहने से किसान का घर धन-धान्य से भर गय। 12 वर्ष बाद जब प्रभु वापस आए तो किसान ने उन्हें जाने से मना कर दिया। तब माता लक्ष्मी ने किसान से कहा कि धनतेरस के दिन घर की साफ-सफाई करते रात में घी का दीपक जलाओ और तांबे के कलश में रुपए रखकर शाम को मेरी पूजा करो। ऐसा करने पर मैं साल भर तुम्हारे घर पर वास करूंगी। मान्यता है कि तब से धनतेरस के दिन धन की देवी माता लक्ष्मी की पूजा शुरू हुई।

धनतेरस को धनत्रयोदशी के नाम से भी जाना जाता है। 'धन' अर्थात संपत्ति, पैसा और 'तेरस' का मतलब है तेरहवीं तिथि। ये त्योहार धन से जुड़ा है और मां लक्ष्मी को धन की देवी माना गया है, इसलिए धनतेरस पर लक्ष्मी पूजन किया जाता है।

# बिना बताए घर से नहीं निकलेगा सलमान खान का कोई भी रिश्तेदार, पूरा परिवार पुलिस निगरानी में

मुंबई में दशकों से बंद पड़े अंडरवर्ल्ड के गैंगवार की आहट मिलते ही शहर की पुलिस ने एक पूरी की पूरी खास यूनिट इससे निपटने के लिए तैयार कर दी है। प्रोटेक्शन ब्रांच नामक मुंबई पुलिस की इस यूनिट में शहर के अलग अलग क्षेत्रों में कार्यरत 150 पुलिस अफसरों व कर्मचारियों को इकट्ठा किया गया है। इस प्रोटेक्शन यूनिट की निगरानी में अब सलमान खान का पूरा परिवार है। परिवार के हर सदस्य को खास निर्देश दिए गए हैं कि इस यूनिट को बिना बताए घर को कोई भी सदस्य बाहर कदम नहीं रखेगा।

मुंबई में दशकों के बाद सरे आम हुई गोलीबारी बाबा सिद्दीकी जैसे कद्दावर नेता की हत्या के बाद अंडरवर्ल्ड के फिर से सिर उठाने की सुगबुगाहट सुनाई देने लगी है। पुलिस का मानना है कि बाबा सिद्दीकी की हत्या एक संदेश भी हो सकता है और इसके बाद फिल्मी सितारों व बिल्डरों के पास बीती सदी के आखिरी दशकों की तरह फिर से वसूली के फोन आने शुरू हो सकते हैं। इस बार हमला चूंकि मुंबई से बाहर के गिरोह ने किया है लिहाजा मुंबई में अपना दबदबा बनाए रखने के लिए पुराने गिरोह भी जवाबी कार्रवाई कर सकते हैं।




बाहरी और भीतरी अंडरवर्ल्ड गिरोहों के बीच गैंगवार छिड़ने की खुफिया खबरें आने के बाद से ही मुंबई पुलिस की नींद उड़ी हुई है। अगले महीने शहर में विधानसभा चुनाव भी होने हैं और इस दौरान रैलियों या सड़क प्रचार के दौरान कोई अनहोनी न हो, इसके लिए भी मुंबई पुलिस अतिरिक्त फोर्स जुटा रही है। पुलिस ने पूरे शहर के अपने खुफिया तंत्र को नए सिरे से अलर्ट किया है ताकि बाबा सिद्दीकी की हत्या से पहले फेल हुआ ये पूरा सिस्टम फिर कहीं दगा न दे जाए।

मुंबई पुलिस से बाबा सिद्दीकी के बेटे जीशान सिद्दीकी ने इस बीच फिर मुलाकात की है और अपने परिवार के भी निशाने पर होने की आशंका जताई है। इसी के बाद मुंबई पुलिस ने आनन फानन मे ये नई प्रोटेक्शन यूनिट खड़ी की है और इसके दायरे में जीशान और सलमान दोनों के पूरे परिवारों को रखा गया है। सलमान खान और सलीम खान को महाराष्ट्र पुलिस की सुरक्षा पहले से मिली हुई है। अब इसके दायरे में अरबाज, सोहैल और अर्पिता के परिवार भी आ गए हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक मुंबई पुलिस ने सलमान खान के परिवार के सभी लोगों के अलावा शहर में रह रहे उनके रिश्तेदारों से भी अतिरिक्त सतर्कता बरतने को कहा है। सलमान खान अपने टीवी कार्यक्रम बिग बॉस की शूटिंग लगातार जारी रखे हुए हैं। मंगलवार को उन्होंने निर्देशक रोहित शेट्टी की फिल्म 'सिंघम अगेन' के लिए पुलिस वर्दी पहनकर की शूटिंग की। इस फिल्म में वह अपनी होम फ्रेंचाइजी 'दबंग' के किरदार चुलबुल पांडे की एक खास झलकी लेकर आ रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि ये सीन फिल्म में पोस्ट क्रेडिट्स के दौरान आएगा।

## खराब दौर से गुजर रहे थे एक्टर सूर्या, 'सोरारई पोटरु' फिल्म के कारण हुआ सिनेमा से फिर प्यार



दक्षिण भारतीय फिल्मों में एक्टर सूर्या बाकी कलाकारों की तरफ एक्शन फिल्में तो करते ही हैं, साथ ही वह दर्शकों को अलग किस्म की फिल्में देने के लिए भी जाने जाते हैं। ऐसा इसलिए है कि वह बतौर कलाकार दर्शकों को अच्छा सिनेमा दिखाना चाहते हैं। हाल ही में उन्होंने अपनी आने वाली फिल्म 'कंगुवा' के बारे में, अपने करियर के खराब दौर और उस फिल्म के बारे में बात की जिसने उन्हें सिनेमा से दोबारा प्यार करना सीखा दिया।

**प्रासंगिक बने रहने के लिए कोशिश करते रहे**

सूर्या साउथ की फिल्मों में लगातार काम कर रहे थे। दर्शकों को उनकी फिल्में खूब भाती थीं। लेकिन एक वक्त ऐसा भी आया जब उनके करियर में खराब समय शुरू हुआ। खुद को फिल्मों में प्रासंगिक बनाए रखने के लिए उन्हें बहुत मेहनत करनी पड़ रही थी लेकिन मनचाहा परिणाम नहीं मिला रहा था। वह समझ नहीं पा रहे थे कि कैसी फिल्में करें जिससे दर्शक उन्हें फिर से पहले जैसा प्यार दें। करियर के खराब दौर में सूर्या काफी निराश हो गए थे लेकिन फिर उनके पास फिल्म 'सोरारई पोटरु' का ऑफर आया। यह फिल्म सुपरहिट हुई। इस फिल्म के बारे में सूर्या कहते हैं, 'फिल्म 'सोरारई पोटरु' से पहले मेरे करियर में काफी खराब समय चल रहा था। लेकिन इस फिल्म ने मेरी इमेज को बदल कर रख दिया, साथ ही इसके कारण मुझे दोबारा सिनेमा से प्यार हो गया।

## अन्नू कपूर भारत से करते हैं प्यार, बोले- 'किसी और देश का पासपोर्ट लेने से अच्छा मर जाऊं'

**बॉलीवुड के शानदार** अभिनेताओं में से एक अन्नू कपूर को भारत से बहुत प्यार है। वो हमेशा खुद को भारत के प्रति वफादार बताते हैं। अन्नू कपूर ने अब भारत के प्रति अपने प्रेम का परिचय दिया है। उन्होंने कहा




कि मुझे किसी और देश का पासपोर्ट नहीं चाहिए, इससे अच्छा तो मैं मर जाऊं।

**नहीं चाहिए किसी दूसरे देश का पासपोर्ट**

अन्नू कपूर ने कहा कि वे किसी दूसरे देश का पासपोर्ट स्वीकार नहीं करना चाहते। उन्होंने कहा कि वे किसी दूसरे देश का पासपोर्ट स्वीकार करने के बजाय मरना पसंद करेंगे। उन्होंने कहा कि उन्होंने 56 घाटों का पानी पिया है इसलिए उन्हें अपनी मातृभूमि से बहुत प्यार है। अन्नू कपूर ने कहा, 'मेरी पत्नी अमेरिकन हैं। मैंने कभी भी ग्रीन कार्ड और यूएसए नागरिकता के लिए अप्लाई नहीं किया है। मैं सारी जिंदगीभर इंडियन पासपोर्ट पर रहूंगा'।

**अमेरिकन पत्नी होने पर भी नहीं ली अमेरिका की नागरिकता**

अन्नू कपूर ने भारत के प्रति अपने प्यार का परिचय दिया है। अन्नू कपूर की पत्नी अनुपमा पटेल अमेरिका में जन्मी, अमेरिका में ही उनके तीन बच्चों का जन्म हुआ, इसके बाद भी अन्नू कपूर ने कभी अमेरिका की नागरिकता लेने का प्रयास नहीं किया। अपने परिवार की खुशी को देखते हुए उन्हें कभी महसूस नहीं हुआ कि उन्हें ग्रीन कार्ड की जरूरत है।

**दूसरे देश का पासपोर्ट लेने से अच्छा मर जाऊं**

अन्नू कपूर ने कहा कि मैं किसी और देश का पासपोर्ट लेने से अच्छा है कि मर जाऊं। ये देश मुझे कुछ खास नहीं दे सकता है।

अन्नू कपूर मानते हैं कि सही मायने में सुर्खियों और वायरल ट्रेंड अलग हटकर रहना ही सही है। भारत के साथ अन्नू कपूर का गहरा जुड़ाव है। भारत से उनको बहुत प्यार है।

## मेगास्टार चिरंजीवी ने प्रभास के जन्मदिन पर प्रसिद्ध डायलॉग के साथ दीं शुभकामनाएं

आज प्रभास के 45वें जन्मदिन पर उनके सभी चाहने वाले, प्रशंसक और अभिनेता उन्हें जन्मदिन की बधाई दे रहे हैं। इसी बीच साउथ के मेगास्टार चिरंजीवी ने भी प्रभास को उनके जन्मदिन की शुभकामनाएं अनोखे अंजाद में दी, जिसे देखकर नेटिजेंस भी हैरान हो गए हैं।

बाहुबली, साहो और कल्कि 2898 एडी जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों से सभी के दिलों में खास जगह बना चुके पैन इंडिया स्टार प्रभास का आज जन्मदिन है। आज सुपरस्टार प्रभास अपना 45वां जन्मदिन मना रहे हैं। प्रभास के प्रशंसकों को उनकी हर एक फिल्म की रिलीज का बेसब्री से इंतजार रहता है। पूरा सोशल मीडिया प्रभास के प्रशंसकों से भरा हुआ है, जो आज उन्हें लगातार जन्मदिन की शुभकामाएं दे रहे हैं। एक फैन ने लिखा, 'जन्मदिन की बहुत बधाई', एक और फैन ने लिखा, 'इन दोनों स्टार को एक ही फिल्म में लिया जाए', एक और फैन



ने लिखा, 'जन्मदिन की शुभकामाएं प्रभास'।

मेगास्टार चिरंजीवी ने अनोखे अंदाज में प्रभास को शुभकामनाएं दीं। चिरंजीवी ने लिखा, “मुझे बहुत अच्छा लगा यार! ( फिल्म मिर्ची का प्रसिद्ध डायलॉग)। आगे उन्होंने लिखा, जन्मदिन मुबारक हो प्रिय प्रभास! आपको प्यार, खुशी और महान गौरव की शुभकामनाएं! आने वाला साल अद्भुत हो”

चिरंजीवी के इस प्यारे जन्मदिन के पोस्ट के बाद प्रभास ने भी मेगास्टार को रिप्लाई करते हुए कहा एक शानदार तस्वीर साझा की और लिखा, 'थैंक्यू बॉसू...' और स्माइली और लाल रंग वाले हार्ट इमोजी भेजे। दिग्गज अभिनेता चिरंजीवी द्वारा प्रभास को उनके मशहूर डायलॉग का इस्तेमाल करके बधाई देना नेटिजन्स को हैरान कर रहा है। प्रशंसक निर्देशकों से अनुरोध कर रहे हैं कि वे इन दो सबसे बड़े तेलुगु सुपरस्टार्स को एक फिल्म में कास्ट करें। क्या प्रशंसकों की इस डिमांड को निर्माता पूरा करेंगे।

बहरहाल, इन दिनों प्रभास अपनी आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म द राजा साब को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। द राजा साब के अलावा प्रभास निर्देशक संदीप वांगा रेड्डी की आगामी फिल्म स्पिरिट में नजर आएंगे।

## आ गई रॉकी भाई के तकदीर के फैसले की घड़ी, खुद यश से जानिए 'केजीएफ 3' पर सबसे बड़ा अपडेट

दक्षिण भारतीय अभिनेता यश को प्रशांत नील द्वारा निर्देशित एक्शन हिट फिल्म 'केजीएफ' में अपने प्रदर्शन के लिए बहुत प्यार और सराहना मिली। प्रशंसक इस फ्रेंचाइजी के



बहुप्रतीक्षित सीक्वल 'केजीएफ 3' का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। एक हालिया साक्षात्कार में, यश ने साझा किया कि 'केजीएफ 3' निश्चित रूप से बनेगी, जिसमें वह 'रॉकी भाई' की भूमिका में नजर आएंगे।

**'केजीएफ 3' को लेकर कही ये बात**

हाल ही में एक बातचीत में, यश ने पुष्टि की कि वह तीसरे भाग को बनाने के लिए प्रशांत के साथ चर्चा कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अभिनेता ने खुलासा किया कि वह वर्तमान में गीतू मोहनदास की 'टॉक्सिक' की शूटिंग में व्यस्त हैं। उन्होंने कहा, 'मैं वादा करता हूं, हम इसके बारे में बात करते रहेंगे। हमारे पास एक आईडिया है। इसलिए इसे वास्तव में हमारे फोकस की आवश्यकता है।'

**'केजीएफ 3' को बेहतर बनाने की कोशिश**

रिपोर्ट्स के मुताबिक अभिनेता ने यह भी कहा निर्माता यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि फिल्म प्रशंसकों और दर्शकों की अपेक्षाओं को पूरा करे, क्योंकि चरित्र और फिल्म दोनों को बहुत प्यार मिला है। इस बार हम कुछ बड़ा लेकर आएंगे।

**'केजीएफः चैप्टर 2' भारत की सबसे सफल फिल्मों में से एक**

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक हाल ही में एक चैट में, यश ने पुष्टि की कि वह रणबीर कपूर अभिनीत 'रामायण' में रावण की भूमिका निभाने को लेकर इच्छा जाहिर की है। हालांकि, इस फिल्म को लेकर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। 'केजीएफः चैप्टर 2' हिंदी क्षेत्र सहित भारत में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में से एक बन गई। फिल्म में अभिनेत्री श्रीनिधि शेट्टी भी मुख्य भूमिका में थीं।

## 'ऋतिक रोशन ने खुद हमेशा बताया स्ट्रगलर', सोनाली कुलकर्णी ने बांधे अभिनेता की तारीफों के पुल

जूनियर एनटीआर और ऋतिक रोशन की एक्शन ड्रामा फिल्म वॉर 2 की शूटिंग लगातार जारी है। फिल्म से जुड़ी कोई न कोई जानकारी सामने आती रहती हैं। अब हाल ही में,



सोनाली कुलकर्णी ने अभिनेता की तारीफ की है और बताया है कि ऋतिक रोशन ने खुद को राकेश रोशन का बेटा और एक स्ट्रगलर बताया था। आइए जानते हैं कि अभिनेत्री ने और क्या कहा है।

हाल ही में एक इंटरव्यू में, सोनाली कुलकर्णी ने 2000 में विधु विनोद चोपड़ा की फिल्म में ऋतिक के साथ काम किया था। अभिनेत्री ने ऋतिक के साथ काम करने के अपने अनुभव को याद किया, जब वे फिल्म इंडस्ट्री में नए थे। सोनाली ने बताया कि उस समय उनकी उम्र सिर्फ 25 साल थी और उन्हें इस बात का बिल्कुल भी अहसास नहीं था कि वे स्क्रीन पर उनकी पालक मां का किरदार निभाने जा रही थीं।

सिद्धार्थ कन्नन के साथ उनके यूट्यूब चैनल पर बातचीत में सोनाली से पूछा गया कि क्या उन्हें स्क्रीन पर ऋतिक की मां की भूमिका निभाने में कोई हिचकिचाहट थी और अभिनेत्री ने कहा कि वह स्क्रीन पर संजय दत्त की पत्नी की भूमिका निभाने को लेकर ज्यादा चिंतित थीं क्योंकि उनका मानना था कि वह बहुत छोटी हैं।

अभिनेत्री ने आगे ऋतिक की मां नीलिमा की भूमिका निभाने के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, मुझे कोई परेशानी नहीं हुई क्योंकि मुझे हमेशा लगता था कि मैं अभिनय करना चाहती हूं। मैं कोई और बनना चाहती थी।

सोनाली कुलकर्णी ने बताया कि उन्हें विधु विनोद चोपड़ा के दफ्तर से फोन आया और बताया गया कि यह संजय दत्त की पत्नी के लिए ऑडिशन था, जिससे वह चिंतित हो गईं। मुझे लगा कि वे मुझे कास्ट नहीं करेंगे क्योंकि संजय दत्त बहुत लंबे हैं। मेरे दिमाग में उनकी लंबाई 7 फीट थी, मैं उनकी स्क्रीन प्रेजेंस के बारे में सोच रही थी। मुझे लगा कि वे मुझे रिजेक्ट कर देंगे।



इसके बाद उन्होंने ऑडिशन के दिन ऋतिक से हुई मुलाकात को याद करते हुए कहा, मैं ऑडिशन के दिन ऋतिक से मिली थी। उन्होंने कहा, 'हाय, मैं ऋतिक रोशन हूं, राकेश रोशन का बेटा। मैं एक स्ट्रगलर हूं।' उन्होंने अपनी पहली फिल्म कहो ना प्यार है पर काम करना शुरू ही किया था। मैंने कहा, 'हाय, मैं सोनाली कुलकर्णी हूं, बीजी कुलकर्णी की बेटी। मैं भी एक स्ट्रगलर हूं।' हमने एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं।

## पाकिस्तानी एक्टर अदनान ने कृति पर लगाया गाना चोरी का आरोप, उनके गाने के वीडियो को बताया घटिया



कृति सेनन फिल्म 'दो पत्ती' की सह-निर्माता हैं। साथ ही वह इस फिल्म में एक्टिंग भी कर रही हैं। उनके साथ फिल्म में काजोल जैसी मंझी हुई कलाकार भी नजर आने वाली हैं। हाल ही में इस फिल्म का एक गाना 'अंखियां दे कोल' रिलीज हुआ। यह एक पाकिस्तानी सॉन्ग है, जिसे कृति की फिल्म में रिमेक करके बनाया गया है। लेकिन अब एक पाकिस्तानी एक्टर अदनान सिद्दीकी ने इस पर आपत्ति जताई है।

**अदनान ने लगाया चोरी का आरोप**

हाल ही में जब कृति सेनन का गाना 'अंखियां दे कोल' रिलीज हुआ तो उसे सोशल मीडिया पर काफी तारीफें मिलीं। लेकिन इन्हीं तारीफों के बीच पाकिस्तानी एक्टर अदनान ने कृति को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर खूब-खरी खोटी सुनाई। उन पर साहित्यिक चोरी का आरोप तक लगा दिया। उन्होंने एक्स पर कृति के गाने की फोटो शेयर करते हुए लिखा- 'नकल करने में कोई बुराई नहीं है। लेकिन एक बेहतरीन और क्लासिक गाने को खराब कर देना गलत बात है। आपको रेशमा जी की थोड़ी इज्जत करनी चाहिए थी। उनका संगीत पूरे सम्मान का हकदार है। यह तो गाने का बिल्कुल घटिया प्रदर्शन है।'

**कृति सेनन ने साधी है चुप्पी**

कृति 'अंखियां दे कोल' गाने में अपने डांस मूव को मिली तारीफ से खुश हैं। लेकिन अदनान के ट्विट पर उन्होंने अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। हो सकता है कि वह इस पर कुछ बोले भी नहीं। क्योंकि अभी उनका पूरा ध्यान फिल्म 'दो पत्ती' की रिलीज पर है। वैसे कृति के फैंस जरूर उनके पक्ष में आकर खड़े हो गए है, वह सोशल मीडिया पर उनका साथ दे रहे हैं।

**चलने लगा है तनिष्क बागची-शिल्पा राव की आवाज का जादू**

फिल्म 'दो पत्ती' में रिमेक सॉन्ग को तनिष्क बागची और शिल्पा राव ने गाया है। इन दोनों की आवाज में गाना काफी पसंद किया जा रहा है। आने वाले दिनों में यह गाना अगर टॉप चार्ट में आ जाए तो हैरानी नहीं होगी।

## पुलिस की पूछताछ के बाद पिता के साथ मुंबई से रवाना हुईं एकता कपूर, गंदी बात को लेकर बढ़ी मुश्किलें





हाल ही में, मुंबई पुलिस ने एकता कपूर और उनकी मां शोभा कपूर से पोक्सो मामले में पूछताछ की है। पुलिस ने 24 अक्तूबर को दोनों को पूछताछ के लिए बुलाया था। ये मामला ओटीटी प्लेटफॉर्म 'ऑल्ट बालाजी' की वेब सीरीज 'गंदी बात' के सीजन 6 से जुड़ा है। ऑल्ट बालाजी ऐप पर स्ट्रीम की गई तीन वेब सीरीज में नाबालिग लड़कियों के कथित अश्लील चित्रण को लेकर उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। अब इस मामले के बीच एकता कपूर पिता के साथ मुंबई से रवाना हो गई हैं, जिसका वीडियो वायरल हो रहा है।

**एकता कपूर ने जारी किया बयान**

तमाम आरोप लगने के बाद इंस्टाग्राम पर जारी एक बयान में कंपनी ने कहा, वेब सीरीज सभी लागू कानूनों का पूरी तरह से अनुपालन करती है। कंपनी द्वारा नाबालिगों की इंगेजमेंट का कोई भी रेफरेंस पूरी तरह से गलत है। इसमें आगे लिखा है, यह स्पष्ट किया जाता है कि शोभा कपूर और एकता कपूर कंपनी के दिन-प्रतिदिन के कामों में शामिल नहीं हैं। इन्हें अलग-अलग टीमें मैनेज करती हैं, जिसमें कंटेंट स्ट्रैटिजी की टीम भी है। चूंकि मामला कोर्ट में है, इसलिए कंपनी कोई भी कमेंट करने से बचती है।

**पिता के साथ मुंबई से रवाना हुईं एकता कपूर**

यह सीरीज 2021 में प्रसारित की गई थी जब एकता प्रबंध निदेशक थीं और शोभा ऑल्ट बालाजी टेलीफिल्म्स की अध्यक्ष थीं। एकता कपूर की तरफ से ऑफिशियल स्टेटमेंट जारी करने के बाद वह पिता के साथ मुंबई एयरपोर्ट पर स्पॉट हुई हैं। खबर है कि एकता कुछ दिनों के लिए पिता के साथ मुंबई से बाहर जा रही हैं।

**यह है पूरा मामला**

मालूम हो कि बोरिवली के एमएचबी पुलिस थाने में वहां के रहने वाले एक शख्स ने ऑल्ट बालाजी की एक्स प्रड्यूसर एकता और उनकी मां शोभा के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। इस शिकायत में कहा गया था कि सीरीज के एक एपिसोड में पोक्सो एक्ट के नियमों का उल्लंघन किया गया है और कुछ ऐसे दृश्य दिखाए गए थे जो अश्लील थे।

# बोतल तोड़ने की घटना के बाहर आने पर डीएमके नाराज, भाजपा ने भी किया पलटवार



नई दिल्ली, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। वक्फ बोर्ड की मंगलवार को हुई बैठक में जोरदार हंगामा देखा गया था। यहां भाजपा और टीएमसी के सांसदों के बीच झड़प हो गई थी। अब द्रविड़ मुनेत्र कषगम (डीएमके) सांसद और वक्फ संशोधन विधेयक पर गठित संसदीय समिति के सदस्य ए.राजा ने बुधवार को समिति के अध्यक्ष जगदंबिका पाल पर हमला बोला। उन्होंने पाल पर एक विपक्षी सदस्य द्वारा कांच की बोतल तोड़ने और उसे कथित तौर पर उनकी तरफ फेंकने की घटना के बारे में मीडिया से बात करके नियमों का उल्लंघन करने का आरोप लगाया।

**कार्यवाही गोपनीय होने के बावजूद पत्रकारों से बात की**

उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के अनुभवी सांसद पाल जल्दबाजी में समिति की बैठकें कर रहे हैं, जिससे यह संदेह पैदा होता है कि यह समिति न्याय देने में सक्षम नहीं होगी। राजा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि बैठक में जो कुछ हुआ, उसे उजागर करने के लिए अध्यक्ष ने यह जानते हुए भी पत्रकारों से बात की कि कार्यवाही गोपनीय है और इसका खुलासा नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, 'बैठक में घटी अप्रिय घटना के बावजूद अध्यक्ष द्वारा जिस तरीके से और जल्दबाजी में बैठक का संचालन किया गया, उससे सदस्यों एवं आम लोगों के मन में संदेह उत्पन्न होता है कि न्याय नहीं मिल पाएगा। आइए, हम बाधाओं के बावजूद अपने लोकतांत्रिक और धर्मनिरपेक्ष मूल्यों को बनाए रखने के लिए लड़ें।'

**वक्फ बोर्ड के भीतर नाइंसाफी हो रही: मजूमदार**

वक्फ बोर्ड पर केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार ने कहा, 'हमारी सरकार वक्फ बोर्ड के भीतर जो नाइंसाफी हो रही है उसे दूर करने की कोशिश कर रही है। उदाहरण के लिए, वे 1500 साल पुराने मंदिर को वक्फ संपत्ति के रूप में दावा कर रहे हैं। इस्लाम की उम्र 1400 है और भारत में इससे भी कम है, लेकिन 1500 साल पुराना मंदिर वक्फ की संपत्ति है। यह किस तरह का दावा है? यह और कुछ नहीं बल्कि वोट बैंक है।'

**क्या बोले भाजपा नेता?**

टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी पर भाजपा नेता निसिथ प्रमाणिक ने कहा, 'संसद की गरिमा को नष्ट करते हैं। इसे लेकर उन्हें पहले भी कई बार चेतावनी दी जा चुकी है। वरिष्ठ नेताओं को सोचना चाहिए और फिर बोलना चाहिए। देश और अपनी पार्टी की गरिमा के बारे में भी सोचना चाहिए। किसी भी सांसद को इस तरह का व्यवहार शोभा नहीं देता।'

**तृणमूल कांग्रेस हिंसा का एक तरह से प्रतीक बन गई: चंद्रशेखर**

भाजपा नेता राजीव चंद्रशेखर ने कहा, 'ये लोग जो लोकतंत्र की बहुत बात करते हैं और हर मौके पर लोकतंत्र या संविधान की बात करते हैं, ये वही लोग हैं जो हर दिन संविधान और लोकतंत्र का अपमान करने की कोशिश कर रहे हैं।

संयुक्त संसदीय समिति में सांसदों द्वारा इस तरह का व्यवहार करने पर मेरा मानना है कि हाल के दिनों में हम अपने लोकतंत्र के इससे नीचे गिरने का कोई उदाहरण नहीं देखेंगे। तृणमूल कांग्रेस एक तरह से प्रतीक बन गई है कि वे हिंसा और व्यवधान की राजनीति के एक नए स्तर पर पहुंच गए हैं और मेरा मानना है कि यह बहुत गलत है। हमारी संसद, हमारी संसदीय संस्था के लिए एक बड़ा खतरा है और उनके खिलाफ बहुत सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।'

## टिशू पेपर में छिपाकर ला रहे थे गोल्ड, आईफोन भी जब्त; दिल्ली एयरपोर्ट पर दो यात्री पकड़े



नई दिल्ली, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। दिल्ली एयरपोर्ट पर कस्टम विभाग ने दो यात्रियों को रोका है। खुफिया सूचना पर ग्रीन चैनल के बाहर निकलने पर तुर्कमेनिस्तान से दिल्ली जा रहे दो यात्रियों को टीम ने रोका। जिनके पास तुर्कमेनिस्तान का पासपोर्ट था। एक्स-रे सामान के दौरान कुछ संदिग्ध तस्वीरें देखी गईं। जब टीम ने सामान की जांच की तो आभूषण बरामद हुए, जो एक टिशू पेपर में थे। जिनका वजन कुल 538 ग्राम सोने का माना जा रहा है। दोनों सीलबंद टिशू पेपर पाउच में छिपाए गए थे। साथ ही चार आईफोन 16 प्रो बरामद हुए हैं।

## सांसद पप्पू यादव के खिलाफ गैर जमानती वारंट एक केस के आरोप में पेश नहीं हो रहे थे

पूर्णिया, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। पूर्णिया के निर्दलीय सांसद पप्पू यादव के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया है। मामला आचार संहिता उल्लंघन से जुड़ा हुआ है। गैर जमानती वारंट जारी उत्तर प्रदेश के गाजीपुर एमपी-एमएलए कोर्ट ने पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव के खिलाफ 31 साल पुराने मामले में किया है। यह मामला 1993 का है, जिसमें पप्पू यादव और 11 अन्य पर अचार संहिता उल्लंघन और सरकारी काम में बाधा डालने का आरोप है। कोर्ट ने पप्पू यादव को मंगलवार को उपस्थित होने के लिए समन जारी किया था, लेकिन वे पेश नहीं हुए। इसके बाद कोर्ट ने पप्पू यादव समेत 11 लोगों के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया। मामला आठ नवंबर 1993 को थाना मुहम्मदाबाद में तत्कालीन थानाध्यक्ष वीएन सिंह द्वारा दर्ज



कराई गई रिपोर्ट से जुड़ा हुआ है। इसमें कहा गया था कि पुलिस को सूचना मिली थी कि पप्पू यादव और उमेश पासवान अपने समर्थकों को लेकर उत्तर प्रदेश में अपने विरोधी राजनीतिक दलों की चुनाव सभाओं में गड़बड़ी पैदा करने आ रहे थे।

इस मामले में 2023 में तत्कालीन जिला जज शारद कुमार चौधरी ने संदेह का लाभ देते हुए सभी को बरी कर दिया था, लेकिन इसके खिलाफ अपील दायर की गई थी। अगली सुनवाई चार नवंबर को होगी।

# पोस्ट ऑफिस ने वापस नहीं की अठन्नी, अब कोर्ट के आदेश पर देने होंगे 15 हजार रुपए




चेन्नई, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। क्या आपने सोचना है कि कभी कि 50 पैसे के लिए आप को 15 हजार रुपए देने पड़े? शायद , आपको भी लग रहा होगा कि आज के समय में 50 पैसे के लिए इतनी बड़ी रकम क्यों देनी पड़ेगी। लेकिन एक ऐसा ही मामला चेन्नई से सामना आया है। चेन्नई के एक शख्स ने 50 पैसे के सिक्के के लिए पोस्ट ऑफिस पर ही केस कर दिया। आप को जानकार हैरानी होगी कि उसकी इस केस में जीत हुई और कोर्ट ने पोस्ट ऑफिस पर 15 हजार रुपये का जुर्माना लगा दिया है।

**जानें क्या है पूरा मामला**

यह मामला पिछले दिसंबर का है। चेन्नई के गरुगंबक्कम के रहने वाले मानसा अपना लेटर पोस्ट करने के लिए पोलीचालूर पोस्ट ऑफिस गए थे। यहां पर उन्होंने काउंटर पर 30 रुपए का भुगतान किया था और चिट्ठी पर लगने वाला डाक शुल्क 29।50 रुपये था। उन्हें उम्मीद थी कि क्लर्क उन्हें 50 पैसे वापस करेगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। जब उन्होंने पैसे मांगे तो क्लर्क ने कहा कि सिस्टम खुद ही राशि को 30 रुपये तक राउंड ऑफ कर देता है। इसके बाद मानसा ने यूपीआई पेमेंट करने को कहा, जिस पर पोस्टऑफिस कर्मचारी ने तकनीकी कारणों का हवाल देते हुए यूपीआई से पैसे लेने से इनकार कर दिया। जिस पर मनसा ने 50 पैसे की लड़ाई लड़ने मन बना लिया। उन्होंने जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग में इसकी शिकायत की।

**कोर्ट में रखी ये दलील**

मनसा ने कोर्ट में कहा कि पोस्टऑफिस में लेन-देन को राउंड ऑफ की प्रथा से पैसों की हेराफेरी हो सकती है। इससे सरकार को नुकसान हो सकता है। 50 पैसे से कम की राशि को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। पोस्टऑफिस ने अपनी सफाई में कहा कि नवंबर 2023 से ही डिजिटल भुगतान में दिक्कत आ रही थी। मई 2024 में इसे बंद कर दिया गया था। दोनों पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने कहा कि सॉफ्टवेयर में दिक्कत की वजह से पोस्टऑफिस ने अधिक पैसे लेने की बात को माना है। यह उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 की धारा 2(47) के तहत एक अनुचित व्यापार व्यवहार है। इसी वजह से पोस्टऑफिस को 50 पैसे के बादले पीड़ित को 15 हजार रुपए देने पड़ेंगे।

## दिल्ली के जामिया यूनिवर्सिटी में हंगामा, लगे अल्लाह हू अकबर और फिलिस्तीन जिंदाबाद के नारे

नई दिल्ली, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। दिल्ली के जामिया मिलिया इस्लामिया यूनिवर्सिटी में रात कुछ छात्रों द्वारा आयोजित दिवाली उत्सव के दौरान हंगामा हो गया। छात्रों के दो गुट आपस में भिड़ गए। विवाद इतना बढ़ा कि बात हाथापाई तक आ गई। आरोप है कि एक समुदाय के छात्र दिवाली उत्सव का विरोध करने लगे। भारी संख्या में पहुंचे खास समुदाय के छात्रों ने दीए जलाने और रंगोली का विरोध किया। इस दौरान मारपीट भी हुई। जामिया में लगे अल्लाह हू अकबर और फिलिस्तीन जिंदाबाद के नारे इस दौरान खास समुदाय के छात्रों ने धार्मिक नारे लगाए। वीडियो में देखा जा सकता है कि लगभग 100 से ज्यादा लोग हंगामा कर रहा हैं। लोग अल्लाह हू अकबर और फिलिस्तीन जिंदाबाद के नारे भी लगा रहे हैं। नारेबाजी से माहौल तनावपूर्ण हो गया। पुलिस ने बताया कि घटना गेट 7 के पास शाम करीब 7:30-8 बजे के आसपास हुई।

# बेअदबी के आरोपों पर डेरा सच्चा सौदा ने तोड़ी चुप्पी, कहा- साजिश में फंसाया जा रहा; स्वतंत्र एजेंसी से कराएं जांच



चंडीगढ़, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। डेरा सच्चा सौदा सिरसा ने पवित्र श्री गुरुग्रंथ साहिब जी की बेअदबी की स्वतंत्र एजेंसी से जांच की मांग की है। डेरा प्रमुख गुरमीत सिंह पर लगाए गए श्री गुरुग्रंथ साहिब जी की बेअदबी के आरोपों पर डेरे ने मंगलवार को चुप्पी तोड़ी है। डेरे की ओर से कहा गया है कि डेरा प्रमुख पर लगाए गए बेअदबी के समस्त आरोप बेबुनियाद और झूठे हैं।

**'बेअदबी केस में फंसाने की साजिश'**

डेरा सच्चा सौदा सिरसा के प्रवक्ता जितेंद्र खुराना एडवोकेट ने चंडीगढ़ में कहा कि श्री गुरुग्रंथ साहिब जी की बेअदबी करने में डेरा सच्चा सौदा अथवा डेरा प्रमुख गुरमीत सिंह का कोई हाथ नहीं है। केवल साजिशवश डेरा प्रमुख को इस केस में फंसाने का काम किया जा रहा है।

डेरा प्रमुख ने हमेशा ही सभी धर्मों का आदर सत्कार किया है। बेअदबी करना तो दूर, ऐसी कल्पना भी कभी डेरा सच्चा सौदा के किसी भी सदस्य अथवा डेरा प्रमुख द्वारा नहीं की गई है। जितेंद्र खुराना एडवोकेट ने कहा कि श्री गुरुग्रंथ साहिब जी के पवित्र अंगों की जो बेअदबी हुई है, उसकी डेरा सच्चा सौदा कड़े शब्दों में निंदा करता है और मांग करता है कि इसकी निष्पक्ष जांच होकर असली दोषियों को सामने लाया जाए तथा उनके विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि डेरा प्रमुख को साजिश में फंसाना उचित नहीं है।

**सुप्रीम कोर्ट ने केस चलाने की दी मंजूरी**

बता दें कि शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब की बेअदबी से संबंधित तीन मामलों में गुरमीत राम रहीम सिंह के खिलाफ कार्यवाही पर हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगा दी। डेरा प्रमुख के खिलाफ साल 2015 में पंजाब के फरीदकोट में बेअदबी की घटनाओं को लेकर शिकायत की गई थी। दरअसल, 12 अक्टूबर 2015 को पंजाब के फरीदकोट के बरगारी गांव में श्री गुरु ग्रंथ साहिब के हिस्से बिखरे पाए गए थे। जिसके बाद पुलिस स्टेशन बाजाखाना में आईपीसी की धारा 295, 120-बी के तहत केस दर्ज किया गया था। हालांकि, साल 2021 के दिसंबर में इस मामले की सुनवाई के दौरान पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने डेरा प्रमुख राम रहीम के खिलाफ कार्यवाही पर रोक लगा दी थी। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने बीते दिनों हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगाते हुए इस मामले में केस चलाने की मंजूरी दे दी थी।

## उज्जैन लोकायुक्त के शिकंजे मे आया नीमच का पटवारी, 7000 रुपए लेते रंगेहाथ दबोचा

उज्जैन, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। जमीन बटवारे के नाम रिश्वत की मांग कर रहे नीमच के पटवारी की शिकायत उज्जैन लोकायुक्त में की गई थी। लोकायुक्त टीम ने नीमच पहुंचकर पटवारी को 7 हजार रुपए लेते रंगेहाथ दबोच लिया। लोकायुक्त डीएसपी सुनील तलान ने बताया कि नीमच के नया गांव स्थित ग्राम घुसंडी में रहने वाले पारसमल शर्मा ने 16 अक्टूबर को कार्यालय आकर दर्ज कराई और बताया कि हमारे पिता तीन भाइयों के बीच भूमि का बंटवारा करना चाहते हैं। इसके लिए ग्राम हल्का नम्बर-5 के पटवारी दिनेश चौरडिया से संपर्क किया गया। पटवारी ने आवेदन के नाम पर दो हजार रुपए लिए और कहा कि 25 हजार रुपए रिश्वत देना होगी। पटवारी ने भाइयों से 11 हजार रुपए ले लिए। शेष राशि की मांग कर रहा है। पारसमल शर्मा की शिकायत की पुष्टि की गई। इसमें पटवारी द्वारा रिश्वत मांगे जाने की सच्चाई सामने आ गई।

## दिल्ली के किशनगढ़ में फ्लैट में लगी भीषण आग, एक की मौत; तीन झुलसे

नई दिल्ली, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। देश की राजधानी दिल्ली में एक फ्लैट में भीषण आग लगने से बड़ा हादसा हो गया। किशनगढ़ इलाके में लगी भीषण आग में एक व्यक्ति की मौत हो गई है, जबकि तीन लोग झुलसे हैं। सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, किशनगढ़ के नंद लाल भवन में दो कमरों वाले फ्लैट में लगी आग में एक व्यक्ति की मौत हो गई। मौके पर दो दमकल गाड़ियां और तीन पीसीआर वैन पहुंची। आग पर काबू पाया गया। किशनगढ़ में आग लगने की घटना की जानकारी तड़के 3:27 बजे पुलिस को मिली। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। दिल्ली के किशनगढ़ में नंद लाल भवन की चौथी मंजिल पर दो कमरों वाले फ्लैट नंबर डी-3 में आग लग रही थी। दो फायर टेंडर और तीन पीसीआर वैन मौके पर पहुंची। आग पर काबू पा लिया गया है। घरेलू सामान जल गए हैं। एक महिला सहित कुल चार घायल व्यक्तियों को अस्पताल ले जाया गया। एक को सांस लेने में भी तकलीफ हो रही थी। पूछताछ करने पर पता चला कि लक्ष्मी एस। मंडल का पांच सदस्यीय परिवार इस फ्लैट में किराए पर रह रहा है। शुरुआत में यह संदेह था कि एलपीजी सिलिंडर में रिसाव के कारण आग लगी थी, लेकिन एलपीजी सिलिंडर सुरक्षित मिला है। आग लगने का कारण अभी पता नहीं चल पाया है। आग की चपेट में आने से सन्नी (20), अनिता (40), आकाश मंडल (16), लक्ष्मी मंडल (45) झुलस गए। सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इलाज के दौरान आकाश की मौत हो गई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# एमपी उपचुनाव के लिए बीजेपी की तैयारी, रामनिवास रावत और रमाकांत भार्गव आज भरेंगे नामांकन

विजयपुरी, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश की विजयपुरी और बुधनी विधानसभा सीट पर हो रहे उपचुनाव के लिए चुनाव कार्यक्रम जारी है। विजयपुर विधानसभा सीट से बीजेपी प्रत्याशी रामनिवास रावत गुरुवार (24 अक्टूबर) को नामांकन फार्म जमा करेंगे, जबकि बुधनी विधानसभा सीट से बीजेपी प्रत्याशी रमाकांत भार्गव शुक्रवार (25 अक्टूबर) को अपना नामांकन फार्म जमा करेंगे। बता दें विजयपुर और बुधनी विधानसभा सीट होने वाले उपचुनाव को लेकर 18 अक्टूबर से नामांकन फार्म जमा करने का सिलसिला जारी है। नामांकन जमा करने की प्रक्रिया को पांच दिन हो गए हैं, लेकिन अब तक



दोनों ही सीटों पर एक-एक नामांकन फार्म जमा हुआ है। अब तक दोनों ही दलों से बीजेपी-कांग्रेस उम्मीदवारों ने अपने नामांकन फार्म जमा नहीं किए हैं। नामांकन जमा करने की अंतिम तारीख 25 अक्टूबर है, जबकि 30 अक्टूबर तक नाम वापसी हो सकेगी। 13 नवंबर को मतदान होंगे और 23 नवंबर को परिणाम आएंगे।

**रामनिास रावत जमा करेंगे नामांकन**

विजयपुर विधानसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी की ओर से प्रत्याशी बनाए गए वन मंत्री रामनिवास रावत गुरुवार (24 अक्टूबर) को अपना नामांकन फार्म जमा करेंगे। उनके नामांकन दाखिल करते समय मुख्यमंत्री डॉ। मोहन यादव, प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर, मुरैना-श्योपुर लोकसभा सांसद शिवमंगल सिंह सहित अनेक नेता मौजूद रहेंगे। इस दौरान विजयपुर में नामांकन रैली निकालकर शक्ति प्रदर्शन भी किया जाएगा।

**बुधनी में यह जनप्रतिनिधि होंगे शामिल**

सीहोर जिले की बुधनी विधानसभा सीट से उपचुनाव के लिए बीजेपी प्रत्याशी बनाए गए पूर्व सांसद रमाकांत भार्गव शुक्रवार (25 अक्टूबर) को अपना नामांकन फार्म जमा करेंगे। बुधनी विधानसभा सीट से बीते 17 सालों से पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान विधायक रहे, लेकिन उनके संसदीय चुनाव जीतने के बाद यह सीट रिक्त है। बीजेपी प्रत्याशी रमाकांत भार्गव के नामांकन जमा करने के दौरान सीएम डॉ। माहन यादव, कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा सहित अनेक नेता मौजूद रहेंगे।

## कितनी पढ़ी-लिखी हैं राजा वड़िंग की पत्नी अमृता वड़िंग? गिदड़बाहा से कांग्रेस ने दिया टिकट



चंडीगढ़, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। 13 नवंबर को पंजाब की चार सीटों पर उपचुनाव के लिए कांग्रेस ने चारों सीटों पर प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं। कांग्रेस ने गिद्दड़बाहा से पंजाब कांग्रेस प्रधान अमरिंदर सिंह राजा वडिंग की पत्नी अमृता वडिंग को टिकट दी है। अमृता वड़िंग ने कंप्यूटर एप्लीकेशन में मास्टर्स किया हुआ है। डेरा बाबा नानक से गुरदासपुर के सांसद सुखजिंदर सिंह रंधावा की पत्नी जतिंदर कौर को प्रत्याशी बनाया है। होशियारपुर की चब्बेवाल सुरक्षित विधानसभा क्षेत्र से जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट रंजीत कुमार और बरनाला से नए चेहरे कुलदीप सिंह ढिल्लों को टिकट दी है। ढिल्लों बरनाला के जिला कांग्रेस कमेटी के प्रधान हैं। गौरतलब है कि सत्तासीन आम आदमी पार्टी कुछ दिन पहले ही चारों सीटों पर प्रत्याशी घोषित कर चुकी है। उसने डेरा बाबा नानक से गुरदीप सिंह रंधावा, चब्बेवाल से ईशांक चब्बेवाल, गिद्दड़बाहा से हरदीप सिंह ढिल्लों और बरनाला से हरिंदर सिंह धालीवाल को प्रत्याशी बनाया है। वहीं भाजपा ने तीन सीटों पर उम्मीदवार उतारे हैं। भाजपा ने गिद्दड़बाहा से पूर्व वित्तमंत्री मनप्रीत सिंह बादल, डेरा बाबा नानक से रविकरण सिंह काहलों और बरनाला से केवल सिंह ढिल्लों को मैदान में उतारा है। चब्बेवाल सीट से प्रत्याशी पर मंथन चल रहा है।

# इंदौर कमिश्नर सहित 7 आईपीएस अधिकारियों के तबादले, 3 जिले के एसपी का भी ट्रांसफर




इंदौर, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के गृह विभाग ने इंदौर कमिश्नर सहित मध्य प्रदेश के सात आईपीएस अधिकारियों के तबादले किए हैं। इस ट्रांसफर लिस्ट में तीन जिले के एसपी का नाम भी है। इनमें जबलपुर, देवास और बड़वानी जिला शामिल है। गृह विभाग के सचिव ओमप्रकाश श्रीवास्तव ने बताया कि मध्य प्रदेश में सात आईपीएस अधिकारियों के तबादले किए गए हैं। इनमें अपर परिवहन आयुक्त उमेश जोगा को अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, उज्जैन जोन की जिम्मेदारी दी गई है। जबकि उज्जैन जोन के आईजी संतोष कुमार सिंह को इंदौर पुलिस कमिश्नर बनाया गया है। इंदौर कमिश्नर राकेश गुप्ता को विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी (ओएसडी) मुख्यमंत्री के रूप में नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस ट्रांसफर लिस्ट में जबलपुर एसपी भी बदले गए हैं।

जबलपुर एसपी आदित्य प्रताप सिंह को सहायक पुलिस महानिरीक्षक पुलिस मुख्यालय भोपाल भेजा गया है, जबकि उनके स्थान पर देवास एसपी संपत उपाध्याय को जबलपुर की कमान सौंपी गई है। इसी प्रकार बड़वानी एसपी पुनीत गहलोत को देवास एसपी बनाया गया है। इंदौर में पुलिस उपायुक्त जगदीश डाबर को पुलिस अधीक्षक बड़वानी के रूप में नई जिम्मेदारी दी गई है। इंदौर में पुलिस उपायुक्त सुरक्षा की जिम्मेदारी निभाने वाले आईपीएस अधिकारी अंकित सोनी को इंदौर में अस्थाई रूप से पुलिस उपायुक्त नगरी की जिम्मेदारी भी सौंपी गई है। अभी पुलिस सूत्रों का कहना है कि और भी आईपीएस अधिकारियों की ट्रांसफर लिस्ट कुछ दिनों में जारी हो सकती है।

गौरतलब है कि 9 सितंबर को भी मध्य प्रदेश सरकार ने 29 अधिकारियों के ट्रांसफर आदेश जारी कर थे। इनमें 2018 बैच के संदीप केरकट्टा मुख्यमंत्री कार्यालय में उपसचिव, 2009 बैच के आईएएस अधिकारी अमित तोमर को कार्मिक सामान्य प्रशासन विभाग में कार्मिक अपर सचिव बनाया गया था। साथ ही कई जिलों में सहायक कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ के ट्रांसफर किए गए थे।

## 'मुझे होटल में बुलाकर गैंगरेप किया गया , बीजेपी नेता और प्रॉपर्टी डीलर पर है आरोप

हिसार, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। हरियाणा के हिसार में महिला मेकअप आर्टिस्ट से गैंगरेप का मामला सामने आया है। आरोप बीजेपी के नेता और एक प्रॉपर्टी डीलर पर लगा है। महिला का कहना है कि घर खरीदने के लिए उसने प्रॉपर्टी डीलर से कॉन्टेक्ट किया। उसे डील के लिए होटल बुलाया गया। वहां फिर कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर उससे गैंगरेप किया गया। वहीं, बीजेपी नेता ने इन आरोपों को गलत बताया है। फिलहाल पुलिस इस मामले की जांच में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक, हिसार में पिछले 8 महीने से काम कर रही मेकअप आर्टिस्ट ने सदर थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई। उसने भाजपा के निगरानी कमेटी के अध्यक्ष मनदीप मलिक और प्रॉपर्टी डीलर प्रदीप सहरावत पर गैंगरेप का आरोप लगाया।

# पहले बॉम्बे एचसी में 'लाडकी बहीण योजना' पर उठाए सवाल, अब मांगने लगा सुरक्षा; आखिर क्या है मामला



नागपुर, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। बॉम्बे हाईकोर्ट की नागपुर पीठ में एक शख्स ने महाराष्ट्र सरकार की लाडकी बहीण योजना समेत कई मुफ्त उपहार योजनाओं के खिलाफ याचिका दायर की है। याचिकाकर्ता ने कहा था कि इन योजनाओं को बंद करना चाहिए। अब याचिका दायर करने वाले समाजिक कार्यकर्ता ने खुद के लिए सुरक्षा मांगी है। दरअसल, सामाजिक कार्यकर्ता अनिल वडापल्लीवार ने हाईकोर्ट में अब एक याचिका डाली है कि जब से उसने योजनाओं को बंद करने की बात कही, तब से उसे धमकियां मिल रही है।

अब कोर्ट ने नागपुर के पुलिस आयुक्त को सुरक्षा देने पर फैसला करने को कहा है।

**प्रत्येक नागरिक की सुरक्षा राज्य का कर्तव्य: कोर्ट**

न्यायमूर्ति विनय जोशी और अभय मंत्री की खंडपीठ ने पुलिस को निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक नागरिक के जीवन और स्वतंत्रता की रक्षा करना राज्य का कर्तव्य है। पीठ ने नागपुर के पुलिस आयुक्त को सामाजिक कार्यकर्ता अनिल वडापल्लीवार द्वारा पुलिस सुरक्षा की मांग करने वाले आवेदनों पर शीघ्र निर्णय लेने का निर्देश दिया।

**राज्य के खजाने पर बोझ है**

वडापल्लीवार ने राज्य सरकार द्वारा मुफ्त उपहारों के वितरण के खिलाफ एक जनहित याचिका दायर की थी। जनहित याचिका में मांग की गई थी कि हाईकोर्ट जनता के एक विशेष वर्ग को अप्रतिबंधित मुफ्त उपहार के रूप में राज्य सरकार द्वारा दिए जाने वाली को अवैध घोषित करे। याचिकाकर्ता ने कहा कि इस तरह की योजनाएं मौलिक अधिकारों का हनन हैं और राज्य के खजाने पर भारी बोझ डालती हैं, जिससे वास्तविक करदाताओं पर वित्तीय बोझ बढ़ता है।

**याचिकाकर्ता बोले- मुझे मिल रही धमकियां**

वडापल्लीवार ने अपने आवेदन में दावा किया कि जब से उन्होंने जनहित याचिका दायर की है, तब से उन्हें समाज के विभिन्न वर्गों से नाराजगी का सामना करना पड़ रहा है। यहां तक कि राजनीतिक रैलियों और भाषणों में भी उन्हें धमकियां दी जाती हैं। उन्होंने दावा किया कि वो अब अपने परिवार सहित अपने जीवन की सुरक्षा को लेकर भी डरे हुए हैं। वडापल्लीवार ने कहा कि उन्होंने सुरक्षा की मांग करते हुए पुलिस के समक्ष दो आवेदन दायर किए थे, लेकिन उन पर कोई निर्णय नहीं लिया गया।

**क्या है लाडकी बहीण योजना**

बता दें कि 'मुख्यमंत्री माझी लाडकी बहीण योजना' एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली महायुति सरकार का एक प्रमुख कार्यक्रम है, जिसके तहत पात्र महिलाओं को प्रति माह 1500 रुपये की सहायता दी जाती है।



# रेमंड लाइफस्टाइल देगी 9000 लोगों को जॉब

## देशभर में खुलेंगे नए स्टोर, क्या है कंपनी का प्लान

नई दिल्ली, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। रेडीमेड कपड़ों के लिए फेमस कंपनी रेमंड लाइफस्टाइल करीब 9 हजार लोगों को नौकरी देगी। यह जॉब नए स्टोर में दी जाएगी। रेमंड का प्लान अगले तीन साल में सैकड़ों नए स्टोर खोलने का है। ऐसे में इन स्टोर में करीब 9 हजार लोगों की भर्ती की जाएगी। यह जानकारी ग्रुप के चेयरमैन गौतम सिंघानिया ने दी। ग्रुप का प्लान अगले तीन वर्षों में देशभर में करीब 900 नए स्टोर खोलने का है। ऐसे में प्रत्येक स्टोर पर 10 लोगों की भर्ती की जाएगी। बता दें कि कंपनी ने इस साल की शुरुआत में अपने लाइफस्टाइल डिवीजन को अलग कर दिया था। इसका उद्देश्य ग्रुप के स्ट्रक्चर को सरल बनाने, ज्यादा से ज्यादा निवेशकों को आकर्षित करने और अलग यूनिट को ज्यादा पूंजी पहुंचाने में मदद करना है।




**कपड़ों के कारोबार को बढ़ा रही है कंपनी**

रेमंड कपड़ों के कारोबार में जाना-पहचाना नाम है। कंपनी अब अपने इस सेगमेंट को आगे बढ़ा रही है। मौजूदा समय में कंपनी के करीब 1500 स्टोर हैं जहां रेडीमेड कपड़े मिलते हैं। नए स्टोर के अलावा रेमंड लाइफस्टाइल अपनी फैक्टरी के लिए भी हायरिंग करेगी।

**कई बड़े विदेशी ब्रांड शामिल**

रेमंड लाइफस्टाइल अपने स्टोर में विदेशी ब्रांड के कपड़ों को भी बढ़ावा दे सकती है। इस बारे में सिंघानिया ने कहा कि कंपनी के ग्राहकों में जे. सी. पेनी और मैसी जैसी कपड़ों की चेन शामिल हैं। इन ब्रांड के ग्लोबल कस्टमर्स की संख्या तेजी से बढ़ रही है। ऐसे में इन ब्रांड ने कपड़ों की जरूरतों को पूरा करने के लिए भारत आने का फैसला किया है।

**एक साल में 1100 करोड़ का कारोबार**

कंपनी अमेरिका, यूरोप और जापान को कपड़े निर्यात करती है। इन्होंने पिछले साल करीब 1140 करोड़ रुपये की बिक्री की। यह ग्रुप के रेवेन्यू का कुल 10वां हिस्सा है। सिंघानिया ने कहा कि रेमंड लाइफस्टाइल पुरुषों के सूट के लिए लोकप्रिय है। लेकिन अब कंपनी अपने फैशन सेगमेंट में नई चीजों को शामिल कर रही है।

**क्या बांग्लादेश संकट का पड़ा असर?**

बता दें कि रेडीमेड गारमेंट मैन्युफैक्चरिंग में बांग्लादेश दुनिया में सबसे आगे है। लेकिन अभी यह देश राजनीतिक संकट के दौर से गुजर रहा है। पिछले कई महीनों से यहां कपड़ा फैक्टरियों समेत लगभग सभी उद्योग बुरे दौर से गुजर रहे हैं। यहां की सरकार का तख्तापलट हो चुका है। प्रधानमंत्री शेख हसीना देश छोड़कर जा चुकी हैं। देश अभी अंतरिम सरकार के हवाले है। हालांकि कई जगह दंगे अभी भी जारी हैं।

# 78,703 के रिकॉर्ड हाई पर पहुंचा सोना

**इस महीने अब तक 3,506 महंगा हुआ, चांदी भी 99,151 प्रति किलो पर पहुंची**



नई दिल्ली, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। सोना और चांदी आज यानी 23 अक्टूबर को अपने ऑल टाइम हाई पर पहुंच गए हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के आंकड़ों के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव 452 रुपए बढ़कर 78,703 रुपए पर पहुंच गया। इससे एक दिन पहले सोना 78,251 रुपए प्रति दस ग्राम थे। वहीं, चांदी की कीमत में भी 779 रुपए की तेजी रही और यह 99,151 रुपए प्रति किलो के भाव से बिक रही है। इससे एक दिन पहले चांदी 98,372 रुपए पर थी। इसे पहले 22 अक्टूबर को भी सोना और चांदी ने ऑल टाइम हाई बनाया था। इस महीने अब तक सोना 3,506 रुपए महंगा हो चुका है। 30 सितंबर को ये 75,197 रुपए पर था।

साल के आखिर तक 79 हजार तक जा सकता है सोना एचडीएफसी सिक्योरिटीज के कमोडिटी और करेंसी हेड अनुज गुप्ता के अनुसार जियोपॉलिटिकल टेंशन और फस्टिव सीजन शुरू होने से सोने को सपोर्ट मिल रहा है। इससे आने वाले दिनों में सोने-चांदी में बढ़त देखने को मिल सकती है। इस साल सोना 79 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम तक जा सकता है। वहीं, चांदी भी 1 लाख रुपए प्रति किलोग्राम तक पहुंच सकती है।

**सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें**

हमेशा ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें। सोने पर 6 अंकों का हॉलमार्क कोड रहता है। इसे हॉलमार्क यूनीक आइडेंटिफिकेशन नंबर यानी एचयूआईडी कहते हैं। ये नंबर अल्फान्यूमेरिक यानी कुछ इस तरह होता है- AZ4524। हॉलमार्किंग के जरिए ये पता करना संभव है कि कोई सोना कितने कैरेट का है।

# थ्रेट गेम से 1500 करोड़ रुपये का नुकसान

**एयरलाइंस को महंगी पड़ रहीं बम की धमकियां**

नई दिल्ली, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। पिछले हफ्ते से रोजाना लगभग हर एयरलाइंस को धमकी भरी कॉल और मैसेज आ रहे हैं। इनमें विमान को बम से उड़ाने की धमकी दी जाती है। इसके बाद जो होता है, वह पूरे सिस्टम को हिला कर रख देता है। इससे न केवल यात्रियों को परेशानी होती है बल्कि एयरलाइंस को भी काफी नुकसान उठाना पड़ता है। हाल ही में बताया गया था कि अमेरिका जा रही एक फ्लाइट को किस प्रकार 3 करोड़ रुपये का नुकसान उठाना पड़ा।

धमकी भरी इन कॉल्स और मैसेज से लोगों में अब डर का माहौल बनता जा रहा है। हाल यह है कि इस 'थ्रेट गेम' से इस साल अभी तक 500 से अधिक फ्लाइटों को धमकी मिल चुकी है। इसका असर तकरीबन दो हजार फ्लाइटों और 3.5 लाख यात्रियों पर पड़ा है। साथ ही एयरलाइंस को करीब 15 अरब (1500 करोड़) रुपये के घाटे के रूप में देश की अर्थव्यवस्था को जो नुकसान उठाना पड़ा, वह अलग।

**गड़बड़ हो जाता है पूरा शेड्यूल**

एयरलाइंस अधिकारियों का कहना है कि जब भी किसी फ्लाइट को धमकी मिलती है तो लोगों को लगता होगा कि एक ही तो फ्लाइट है, कोई बात नहीं। बाकी तो सही हैं। लेकिन ऐसा नहीं है। किसी भी एक फ्लाइट को धमकी




मिलने का उस एयरलाइंस के 24 घंटे के एयर शेड्यूल सिस्टम में 'चेन रिएक्शन' होता है। ऐसा इसलिए क्योंकि धमकी भले ही एक एयरक्राफ्ट को मिलती है, लेकिन एक एयरक्राफ्ट 24 घंटे में कम से कम छोटी दूरी की चार से छह उड़ान भरता है। ऐसे में अगर एक फ्लाइट को धमकी मिली तो उस एयरक्राफ्ट के आगे की जितनी भी उड़ाने होंगी, उसका असर उन सभी उड़ानों पर लेट होने, कैंसिल होने या री-शेड्यूल होने के रूप में सामने आता है।

ऐसे हुआ 1500 करोड़ रुपये का नुकसान हर फ्लाइट में औसतन 180 यात्री होते हैं। ऐसे में इस साल अभी तक करीब 500 फ्लाइटों को धमकी मिलने का मतलब है कि कम से कम दो हजार फ्लाइट और इन फ्लाइटों से उड़ान भरने वाले 3.5 लाख से अधिक यात्री सीधे रूप से प्रभावित हुए। प्रति फ्लाइट चेन रिएक्शन को देखते हुए तीन करोड़ रुपये के नुकसान के हिसाब से अभी तक देश की विभिन्न एयरलाइंस को करीब 1500 करोड़ यानी 15 अरब रुपये का घाटा उठाना पड़ा है।

# सेंसेक्स 138 अंक गिरकर 80,081 पर बंद

**निफ्टी में भी 36 अंक की गिरावट रही**

मुंबई, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। शेयर बाजार में आज यानी 23 अक्टूबर को गिरावट देखने को मिली है। सेंसेक्स 138 अंक की गिरावट साथ 80,081 के स्तर पर बंद हुआ।

वहीं निफ्टी में भी 36 अंक की गिरावट रही, ये 24,435 के स्तर पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 22 में गिरावट और 8 में बढ़त रही। ऑटो, एनर्जी और फार्मा शेयर्स में आज गिरावट देखने को मिली है। महिंद्रा एंड महिंद्रा का शेयर में 3.22% की गिरावट के साथ निफ्टी टॉप लूजर रहा।

एशियाई बाजार में जापान के निक्केई में 0.80% की गिरावट रही। वहीं कोरिया के कोस्पी में 1.12% और चीन के शंघाई कम्पोजिट में 0.52% की तेजी देखने को मिली।

22 अक्टूबर को अमेरिका का डाओ जोंस 0.01% गिरकर 42,924 पर और S&P 500 0.04% गिरकर 5,851 पर बंद हुआ। नैस्डैक 0.18% चढ़कर 18,573 पर बंद हुआ।

एनएसई के डेटा के अनुसार, विदेशी निवेशकों ने 22 अक्टूबर को 3,978 करोड़ के शेयर बेचे। इस दौरान घरेलू निवेशकों ने 5,869 करोड़ के शेयर खरीदे।

आज यानी 23 अक्टूबर को 2 आईपीओ का आखिरी दिन है। ये आईपीओ दीपक बिल्डर्स एंड इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड और वारी एनर्जीज लिमिटेड कंपनी के रहेंगे। ये इश्यू के लिए 21 अक्टूबर को ओपन हुए थे। 28 अक्टूबर को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर कंपनी के शेयर लिस्ट होंगे।

# जोमैटो से खाना मंगाना हुआ महंगा

## दिवाली से पहले कंपनी ने दिया ग्राहकों को झटका

नई दिल्ली, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। ऑनलाइन फूड डिलीवर कंपनी जोमैटो ने दिवाली से पहले ग्राहकों को झटका दिया है। त्योहारी सीजन को देखते हुए कंपनी ने प्लेटफॉर्म फीस में 40 फीसदी से ज्यादा की बढ़ोतरी कर दी है। इससे ग्राहकों को इस प्लेटफॉर्म से खाना मंगवाना महंगा हो गया है। कंपनी का कहना है कि फीस में बढ़ोतरी इसलिए की गई है ताकि कंपनी को चालू रखा जा सके। कंपनी ने प्लेटफॉर्म फीस प्रति ऑर्डर 7 रुपये से बढ़ाकर 10 रुपये कर दी है। यह फीस खाना मंगवाने वाले शख्स से ली जाती है। ऐसे में जो भी कस्टमर जोमैटो से खाना मंगवाएगा, उसे अब ज्यादा पैसा देना होगा। इस बारे में कंपनी ने कहा है, 'यह शुल्क जोमैटो को चालू रखने के लिए हमारे बिलों का भुगतान करने में मदद करता है। त्योहारी सीजन के दौरान सेवाओं को बनाए रखने के लिए इसमें थोड़ी बढ़ोतरी की गई है।' कंपनी ने प्लेटफॉर्म फीस में एक साल में




400 फीसदी की बढ़ोतरी की है। अगस्त 2023 से कंपनी ने प्लेटफॉर्म फीस लेना शुरू किया था। उस समय कंपनी 2 रुपये लेती थी। धीरे-धीरे कंपनी इस शुल्क में बढ़ोतरी करती गई। अब कंपनी ने इसे बढ़ाकर 10 रुपये कर दिया है। जोमैटो की प्रतिद्वंदी कंपनी स्विगी भी प्लेटफॉर्म फीस लेती है। हालांकि प्लेटफॉर्म फीस की शुरुआत स्विगी ने ही की थी। अभी स्विगी प्रति ऑर्डर 7 रुपये प्लेटफॉर्म फीस ले रही है।

**क्या है प्लेटफॉर्म फीस?**

प्लेटफॉर्म फीस प्रत्येक ऑर्डर पर लगाया जाने वाला अतिरिक्त शुल्क है। यह माल और सेवा कर (जीएसटी), रेस्तरां शुल्क और डिलीवरी चार्ज से अलग होता है। जानकारों के मुताबिक ये प्लेटफॉर्म रोजाना 20 से 25 लाख खाने के ऑर्डर डिलीवर करता। प्लेटफॉर्म फीस में बढ़ोतरी करने पर कंपनियों के खाते में ज्यादा रकम जमा होती है।

कंपनी को चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में सालाना आधार पर करीब 389 फीसदी का मुनाफा हुआ है। यह मुनाफा बढ़कर 176 करोड़ रुपये हो गया है। एक साल पहले की समान तिमाही में जोमैटो का कंसॉलिडेटेड नेट प्रॉफिट 36 करोड़ रुपये था। वहीं कंपनी के रेवेन्यू में भी 68.50% की बढ़ोतरी हुई है। कंपनी ने मंगलवार को दूसरी तिमाही के नतीजे जारी किए थे। नतीजों के बाद आज कंपनी के शेयरों में तेजी देखी गई। कंपनी के शेयर में दोपहर तक डेढ़ फीसदी से ज्यादा की बढ़ोतरी हो चुकी है। इस बढ़ोतरी के साथ कंपनी का शेयर अभी 260 रुपये से कुछ ऊपर है।

# भारतीयों पर फिदा हुआ जर्मनी

**स्किल्ड श्रमिकों की कमी पूरी करने के लिए बदल दिए नियम**

नई दिल्ली, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। जर्मनी इस समय स्किल्ड श्रमिकों की कमी से जूझ रहा है। और वह इस कमी को पूरा करने के लिए भारतीयों की ओर देख रहा है। स्किल्ड भारतीयों को अपने देश बुलाने के लिए जर्मनी ने कई तरह की छूट दे दी हैं। इसके लिए जर्मनी चांसलर के मंत्रिमंडल ने हाल ही में माइग्रेशन से जुड़े नए उपायों को स्वीकृति दी है। इस स्वीकृति के बाद जर्मनी की नजर विभिन्न सेक्टर के लिए भारत से ज्यादा से ज्यादा स्किल्ड श्रमिकों को लाने की है।

जर्मनी को यूरोपीय संघ की सबसे मजबूत अर्थव्यवस्था के रूप में जाना जाता है। लेकिन इस देश में इस समय स्किल्ड श्रमिकों की कमी हो गई है। इकनॉमिक टाइम्स के अनुसार अपनी अर्थव्यवस्था की गति बनाए रखने के लिए जर्मनी को श्रमिकों की कमी के दबाव का सामना करना पड़ रहा है। जर्मन श्रम मंत्री ह्यूबर्टस हील ने भारत के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि स्किल्ड लेबर माइग्रेशन के मुद्दे पर जर्मनी भारत को विशेष रूप से महत्वपूर्ण भागीदार के रूप में देखता है।

जर्मनी का नया माइग्रेशन फ्रेमवर्क इसके भारत के साथ गहरे होते आर्थिक संबंधों को दर्शाता है। जर्मन सरकार का ध्यान दीर्घकालिक आर्थिक स्थिरता पर है। ऐसे में जर्मन सरकार का लक्ष्य वर्कफोर्स के गैप को दूर करने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में योग्य भारतीय पेशेवरों की भर्ती करना है।

जर्मनी में वर्कफोर्स में बढ़ोतरी

पिछले कुछ साल में जर्मनी में स्किल्ड भारतीय कामगारों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। एक दशक में यह आंकड़ा करीब 500 फीसदी बढ़ गया है। साल 2024 में पिछले वर्ष की तुलना में भारतीय श्रमिकों की संख्या में 23 हजार की वृद्धि हुई है।

**वीजा के लिए नहीं करना होगा लंबा इंतजार**

भारतीय श्रमिकों को जर्मनी आने में परेशानी का सामना न करना पड़े, इसके लिए कई नए उपाय किए गए हैं। जर्मन सरकार ने 16 अक्टूबर को 30 नए उपायों को मंजूरी दी थी। इनमें वीजा से संबंधित भी हैं। साल 2024 के अंत तक वीजा से संबंधित सारी प्रक्रियाओं का डिजिटलीकरण कर दिया जाएगा। इससे वीजा के अप्रूवल में लगने वाले समय में कमी आएगी।

# बीएसएनएल यूजर्स के कॉल पर नहीं पड़ेगी महंगाई की मार

नई दिल्ली, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। अगर आप बीएसएनएल कंपनी का सिम इस्तेमाल करते हैं तो आपके लिए अच्छी खबर है। बीएसएनएल यूजर्स पर महंगाई की मार नहीं पड़ेगी। कंपनी ने कहा है कि वह टैरिफ प्लान में फिलहाल कोई बढ़ोतरी नहीं करेगी। एक तरफ जहां प्राइवेट कंपनियां अपने टैरिफ प्लान को महंगा कर रही हैं, ऐसे में बीएसएनएल का यह फैसला यूजर्स के लिए राहत भरी खबर है।




पब्लिक सेक्टर की टेलिकॉम कंपनी भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) के चेयरमैन और एमडी रॉबर्ट रवि ने कहा है कि निकट भविष्य में टैरिफ में बढ़ोतरी का कोई इरादा नहीं है। उन्होंने कहा, 'आज हमारा मेन फोकस अपने यूजर्स को खुश रखने और उनका भरोसा जीतने पर है। इसलिए हमें निकट भविष्य में शुल्क बढ़ोतरी की कोई जरूरत नहीं लगती।' इसका यह रुख इसलिए अहम है क्योंकि रिलायंस जियो, एयरटेल और वोडाफोन आइडिया सहित भारत में प्राइवेट कंपनियों ने इस साल की शुरुआत में शुल्क दरों में वृद्धि की है।

इस साल शुरू होगी यह खास सेवा

रॉबर्ट रवि ने बीएसएनएल की 4जी सर्विस के बारे में भी अपनी बात रही। उन्होंने कहा कि बीएसएनएल ने पहले ही टेस्ट के तौर पर 4जी सेवाएं देना शुरू कर दिया है। अब कस्टमर को आने वाली परेशानियों को दुरुस्त करने और उन्हें बेहतर सेवाएं देने पर ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस साल में ही 4जी की पूरी तरह कमर्शियल सर्विस शुरू हो सकती हैं।

संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कुल सात नई सेवाओं की शुरुआत की है। इनमें 'स्पैम ब्लॉकर्स' से लेकर ऑटोमैटिक सिम कियोस्क और डायरेक्ट-टू-डिवाइस सेवाएं शामिल हैं।

# इंडस्ट्रियल अल्कोहल केस-7

## जजों की बेंच का फैसला पलटा, सुप्रीम कोर्ट ने कहा- कानून बनाने का अधिकार राज्यों के पास, इसे नहीं छीना जा सकता

नई दिल्ली, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इंडस्ट्रियल शराब पर कानून बनाने का अधिकार राज्यों का है, इसे छीना नहीं जा सकता है। 9 जजों की बेंच ने 1997 में 7 जजों की बेंच का फैसला पलट दिया, जिसने कहा था- इंडस्ट्रियल शराब के प्रोडक्शन-सप्लाई को नियंत्रित करने का अधिकार केंद्र के पास है। साल 2010 में यह केस 9 जजों की बेंच में ट्रांसफर हुआ था। इस साल अप्रैल में इस केस में 6 दिन लगातार सुनवाई हुई। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। आज 9 जजों की बेंच ने 8:1 के बहुमत से फैसला सुनाया। जस्टिस बीवी नागरत्ना ने फैसले का विरोध किया। इंडस्ट्रियल अल्कोहल इथेनॉल का अशुद्ध रूप है। आमतौर पर सॉल्वेंट के रूप में इसका उपयोग किया जाता है। ये लोगों के पीने के लिए नहीं होती। अनाधिकृत उपभोग से बचने के लिए, इंडस्ट्रियल शराब में उल्टी पैदा करने वाला पदार्थ मिलाकर भी बेचा जाता है। केस यह था कि क्या राज्य सरकारों के पास इंडस्ट्रियल अल्कोहल की सेल्स, डिस्ट्रीब्यूशन, प्राइसिंग को रेगुलेट और कंट्रोल करने की शक्ति है या नहीं। इंडस्ट्रियल अल्कोहल का उपयोग फार्मास्यूटिकल्स, कीटाणुनाशक, रसायन और यहां तक कि जैव ईंधन के निर्माण में होता है।

औद्योगिक शराब संविधान की लिस्ट II की एंट्री 8 के तहत नशीली शराब की परिभाषा के तहत आती है, जिससे राज्यों को इसके उत्पादन को विनियमित करने और टैक्स लगाने का अधिकार मिलता है। औद्योगिक शराब पर कानून बनाने की राज्य की शक्ति छीनी नहीं जा सकती।

याचिकाकर्ताओं ने तर्क दिया था कि जीएसटी के बाद इंडस्ट्रियल शराब पर टैक्स लगाने की शक्ति महत्वपूर्ण है।

# 'दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना भारत', आईएमएफ ने कहा- रोजगार सृजन जरूरी

नई दिल्ली , 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना हुआ है और देश की वृहद आर्थिक बुनियाद अच्छी है।आईएमएफ में एशिया प्रशांत विभाग के निदेशक कृष्णा श्रीनिवासन ने एक साक्षात्कार में कहा, ''भारत, दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना हुआ है। कृष्णा श्रीनिवासन ने कहा कि हम वित्त वर्ष 2024-25 में सात प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगा रहे हैं, जिसे ग्रामीण खपत में सुधार से समर्थन मिलेगा क्योंकि फसलें अनुकूल रही हैं। खाद्य कीमतों के सामान्य होने से कुछ उतार-चढ़ाव के बावजूद वित्त वर्ष 2024-25 में मुद्रास्फीति घटकर 4.4 प्रतिशत रहने की उम्मीद है।'' अन्य बुनियादी बातों के बारे में उन्होंने कहा, ''चुनाव के बावजूद राजकोषीय स्थिति बेहतर है।

## दैनिक पंचांग

**ग्रह गोचर**




| ग्रह स्थिति | | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|---|
| सूर्य- | तुला | मे | तुला-- | 05-46 बजे |
| चंद्र- | कर्क | मे | वृश्चिक- | 07-56 बजे |
| मंगल | कर्क | मे | धनु---- | 10-09 बजे |
| बुध- | तुला | मे | मकर... | 12-15 बजे |
| गुरु- | वृष | मे | कुंभ- | 14-06 बजे |
| शुक्र- | वृश्चिक | मे | मीन- | 15-44 बजे |
| शनि- | कुंभ | मे | मेष--- | 17-20 बजे |
| राहु- | मीन | मे | वृष--- | 19-05 बजे |
| केतु- | कन्या | मे | मिथुन | 21-06 बजे |
| | | | कर्क-- | 23-17 बजे |
| | | | सिंह--- | 01-30 बजे |
| | | | कन्या-- | 03-37 बजे |

श्री कालयुक्त संवत्सर-विक्रम संवत-2081

शक संवत- 1946 सूर्य -दक्षिणायन- ऋतु -हेमन्त

महावीर निर्वाण संवत -2550,हिजरी सन -1444

कलियुग अवधि-432000

सूर्योदय - 06-15
सूर्यास्त. -17-44

भोग्य कलि वर्ष-426875

कलियुग संवत -5125 वर्ष,

कल्पारंभ संवत -1972949125

सृष्टि ग्रहारंभ संवत-1955885125

दिशाशूल -- दक्षिण - जीरा खाकर घर से निकले

तिथि- अष्टमी 01-58 तक उपरान्त नवमीं

मास - कार्तिक कृष्ण , गुरुवार 24 October

नक्षत्र - पुनर्वसु 06-15 तक उपरान्त पुष्य

योग - साध्य 05-21 अहोरात्र

करण- बालव 13-32 तक उप कौलव

विशेष:- अहोई अष्टमी,गुरु पुष्य योग

व्रत -त्योहार - श्री विश्नोई पंथ स्था दिवस

विशेष:- राशिफल ग्रहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश क लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

**राहुकाल 13:27 से 14:54 तक**

**पं महेशचन्द्र शर्मा मो.9247132654,8309517693**

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| शुभ. | 06:15 - 07:40 | शुभ | अमृत | 17:44 - 19:21 | शुभ |
| रोग. | 07:40 - 09:06 | अशुभ | चंचल. | 19:21 - 20:54 | शुभ |
| उत्पात | 09:06 - 10:33 | अशुभ | रोग. | 20:54 - 22:27 | अशुभ |
| चंचल | 10:33 - 12:00 | शुभ | काल. | 22:27 - 00:00 | अशुभ |
| लाभ. | 12:00 - 13:27 | शुभ | लाभ. | 00:00 - 01:33 | शुभ |
| अमृत. | 13:27 - 14:54 | शुभ | उत्पात | 01:33 - 03:07 | अशुभ |
| काल. | 14:54 - 16:21 | अशुभ | शुभ. | 03:07 - 04:40 | शुभ |
| शुभ. | 16:21 - 17:44 | शुभ | अमृत | 04:40 - 06:15 | शुभ |

## आपका राशिफल

**मेष** चू,चे, चो, ला, ली, लू , ले, लो, अ,

आपकी कड़ी मेहनत और धैर्य की लंबी प्रतिबद्धता का फल आपको मिलने जा रहा है और एक बड़ा अवसर आपके करियर को आगे ले जाने के लिए आपको मिल सकता है । अंतः आपको अपनी प्रतिबद्धताओं का लाभ मिलना शुरू हो जाएगा , हालांकि अन्य लोगों के योगदान को याद करे और न भूले और उनके साथ सदा विनम्र रहे ।

**वृष** ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,

आज का दिन आपके लिए काफी हद तक उत्तम रहेगा । कुछ मुश्किल कार्य जो की आपने समय पर छोड़ दिए थे उन्हें पूरा करने का भी ये उचित समय है । आज के दिन आप अपने सारे रुके हुए कार्य अपनी उम्मीद से ज्यादा पूरा कर पायेंगे और सारा काम का भोज आज खत्म हो सकता है।

**मिथुन** का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, ह,

आप लंबे समय से एक ही परियोजना पर काम कर रहे है , इसलिए आपका दिन आज आपको नीरस लग सकता है। ये आपकी प्रगति के लिए हानिकारक है , इसलिए जितनी जल्दी हो सके बदलाव लाने के लिए आप कोशिश करे । हालांकि तब तक अपने सहकर्मियों के साथ सौहार्दपूर्ण रिश्ते का आनंद लें क्योंकि उनमें से एक बहुत सुरक्षित रूप से आपको संगठन से बाहर का रास्ता खोजने में मदद कर सकता है!

**कर्क** ही, हू ,हे , हो, डा , डी, डू, डे, डो,

अपने स्वयं के वित्त एवं धन का नियंत्रण लेना आप के लिए अब बहुत महत्वपूर्ण है और आप इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत से डरते नहीं हैं । आज आप बहुत संगठित और अनुशासित हैं और आप बहुत ही व्यावहारिक तरीके से अपने कार्य क्षेत्र और कैरियर के मुद्दों से निपटने के लिए तैयार हैं।

**सिंह** मा, मी ,मू ,मे, मो, टा, टी ,टू ,टे,

अगर आप इसे बारे में सतर्क और जागरूक रहे की दूसरे क्या कर रहे हैं , तो आप अपने व्यक्तिगत काम में बेहतर तरीके से सुधार कर सकते हैं। उनकी चिंताओं को समझने की कोशिश करे और एक तारतम्य स्थापित करे की आप क्या चाहते है और उन्हें क्या चाहिए । अतीत में की गई निवेश की गलतियाँ का भुगतान अब आपको करना पड़ सकता है।

**कन्या** टो पा पी पू ष ण ठ पे पो

आज का दिन आपके लिए एक विवादास्पद दिन हो सकता है! आप का किसी के लिए बुदबुदाना या क्रोधित होना व किसी दूसरे के माध्यम से उन्हें पता चलने पर आपका पेशेवर जीवन बर्बाद हो सकता है । इसके अलावा, आप किसी से किसी और का रहस्य खोल सकते है जो की सही नहीं होगा इसलिए आसपास के ऐसे लोगो से उचित दुरी बना कर रखे ।

**तुला** रा, री, रू ,रे ,रो , ता, ती, तू ,ते,

अवसाद और कठिनाइयाँ आज आपके कार्यस्थल पर आने के संकेत दे रही है , हालाँकि अगर आपने अपने पिछले अनुभवों से कुछ सीख ली है तो आप काफी आसानी से इनका सामना करने में सक्षम हो जाएंगे । अपने अतीत से ज्ञान लेना समय की आवश्यकता है । इस चीज़ का सही समय पर इस्तेमाल आपके करियर को काफी गति दे सकता है ।

**वृश्चिक** तो,ना,नी, ने,नू, नो, या, यी ,यू,

रोजगार और आय के नए अवसर आज आपको मिल सकते है । आपको आगे बढ़ने के काफी अवसर मिलेंगे जिसको लेकर आप समझ नहीं पाएंगे की कौन सा विकल्प आपके लिए अच्छा है , जिसे लेकर आप आगे बढ़ सकते है । आज परिवार और कार्य क्षेत्र में संतुलन बिठाना मुश्किल हो सकता है और आप अपने कार्य क्षेत्र को परिवार की तुलना में ज्यादा महत्व देंगे ।

**धनु** ये, यो,भा, भी, भू धा ,फा, ढा, भे

बड़े रोजगार के अवसर आप का इंतजार कर रहे हैं! ध्यान से इस बारे में सोचे और आपके पूर्ण संतुष्ट होने पर अपने करियर की दिशा परिवर्तित करे । आपका सहकर्मी नौकरी को त्याग सकता है और उसकी जगह आप किसी जरूरतमंद को अपने यहाँ काम पर लगवा सकते है । हालाँकि आप अवगत नहीं है , लेकिन आपके मूल्य काफी उच्च स्तर के है ।

**मकर** भो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी

आज का दिन विशेष रूप से उन लोगों के लिए अच्छा और सफलता से भरपूर है जो किसी भी तरह से शिक्षा या लेखन से जुड़े हैं । छात्रों, शोधकर्ताओं, पत्रकारों, लेखकों और शिक्षा से जुड़े अन्य पेशेवरों के लिए एक बहुत आनंदमयी एवं अच्छा दिन होने के संकेत है। आज का दिन लंबी अवधि की योजनाओं में निवेश करने के लिए उपयुक्त है।

**कुंभ** गू, गे ,गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,

लघु लेकिन बार बार की बाधाओं से आपके काम काज की राह में रोड़ा पैदा होगा और आप समय सीमा के भीतर अपनी परियोजनाओं को पूरा करने में असमर्थ महसूस करेंगे । ये बाधा व्यर्थ की होगी लेकिन इन से पार पाना या इनकी गणना करना मुश्किल होगा , हालाँकि क्रोध और चिड़ने से समस्या का हल नहीं निकलेगा ।

**मीन** दी, दू,थ, झ, ञ, दे, दो, चा,ची

आपकी आय और कैरियर को प्रभावित करने वाले ग्रहों के बीच का गठबंधन अब अपनी मजबूत केंद्र बिंदु पर आ रहा हैं। इसका मतलब यह है की अगर आप अपने कैरियर के लिए अपने समय और ऊर्जा से कार्य करते है, तो आपकी जमा राशि को बढ़ावा मिलेगा । आप में ऐसी ऊर्जा और क्षमता है की आप और अधिक कार्य करके अपनी आय में और सुधार ला सकते है ।

**श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र**

# ड्रग्स, हथियार, फिरौती की कमाई से चल रहा लॉरेंस गैंग!

## थाईलैंड में कंट्रोल रूम, दिल्ली पुलिस के सामने लॉरेंस का कबूलनामा




सिर्फ गोल्डी बराड़ और अनमोल बिश्नोई बाहर, बाकी जेल में हैं

ये गैंगस्टर जेल से ही अपना नेटवर्क चला रहे हैं

सोर्स: NIA की रिपोर्ट

नई दिल्ली, 23 अक्टूबर (एक्सक्लूसिव डेस्क)। 'गैंग का खर्च चलाने के लिए मुझे पैसों की जरूरत थी। मैंने जेल से ही रंगदारी मांगनी शुरू की। जो पैसे नहीं देता, उस पर गोलियां चलवा देता था। मैं चाहता था कि चंडीगढ़, पंजाब, राजस्थान, हरियाणा में मेरी गैंग की दहशत हो।' ये लॉरेंस बिश्नोई का कबूलनामा है, जो दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की 300 से ज्यादा पेज की रिपोर्ट में दर्ज है। ये रिपोर्ट 2021 में बनी थी। लॉरेंस अभी गुजरात की साबरमती जेल में है, लेकिन उसका सिंडिकेट लगातार बड़े क्राइम कर रहा है। सलमान खान के घर पर फायरिंग हो या फिर 12 अक्टूबर को मुंबई में एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी का मर्डर, पुलिस को लॉरेंस गैंग पर ही शक है। सवाल है कि आखिर लॉरेंस का नेटवर्क कैसे ऑपरेट हो रहा है, गैंग चलाने के लिए उसके पास पैसा कहां से आता है। दिल्ली पुलिस की रिपोर्ट में लॉरेंस बिश्नोई का पूरा कबूलनामा है। इसमें क्राइम की दुनिया में लॉरेंस की एंट्री, फिरौती-तस्करी से कमाई, जोधपुर कोर्ट में सलमान खान को धमकाने से लेकर थाईलैंड और कनाडा से गैंग ऑपरेट होने का जिक्र है।

**यूनिवर्सिटी इलेक्शन के झगड़े में पहली एफआईआर**

कबूलनामे में लॉरेंस बिश्नोई ने खुद अपनी कहानी बताई है। इसके आखिर में उसके साइन भी हैं। ये बयान 2021 में दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल के अधिकारियों ने लिया था।

**लॉरेंस का बयान**

'2007 में मैंने लॉ की पढ़ाई के लिए चंडीगढ़ की पंजाब यूनिवर्सिटी में एडमिशन लिया था। तब संपत नेहरा कॉलेज में प्रैक्टिस के लिए आता था। वो खालसा कॉलेज में पढ़ता था। यूनिवर्सिटी इलेक्शन के दौरान वीरेंद्र उर्फ काला राणा से दोस्ती हुई। 2008 में रॉबिन बराड़ ने स्टूडेंट ऑर्गनाइजेशन ऑफ पंजाब यूनिवर्सिटी ग्रुप से प्रेसिडेंट का चुनाव लड़ा था। मैं भी उसके लिए प्रचार करता था। उसी दौरान दूसरे ग्रुप से झगड़ा हो गया। मैंने अपने दोस्त की राइफल से विरोधी कैंडिडेट पर गोली चला दी। मुझ पर हत्या की कोशिश का मामला दर्ज हुआ। मैं 1-2 महीने तक बुड़ैल जेल में रहा। जमानत पर बाहर आया। कुछ दिनों बाद विरोधियों पर गोली चला दी। मैं फिर जेल चला गया। उस दौरान यूनिवर्सिटी कैंपस में कई बार मेरे ग्रुप के दूसरे ग्रुप से झगड़े हुए। मेरे ग्रुप के कई लोग जेल भी गए।' 2012 में मेरी पढ़ाई पूरी हो गई। इसके बाद भी हमारे ऑर्गनाइजेशन की कमान मेरे हाथ में ही रही। इसी दौरान मेरे दोस्त इंदरप्रीत ने मुझे रविंद्र उर्फ काली शूटर से मिलवाया। मैंने अपनी सेफ्टी और झगड़ों की वजह से काली शूटर को अपने साथ रख लिया।

**2013 में पहला मर्डर, गोल्डी बराड़ भी साथ था**

'2013 की बात है। मैंने पंजाब के मुक्तसर में गवर्नमेंट कॉलेज से अपनी पार्टी से प्रेसिडेंट पद का कैंडिडेट उतारा। चुनाव प्रचार में मेरे साथ गोल्डी बराड़ भी था। मैंने, गोल्डी और कुछ दोस्तों के साथ मिलकर विरोधी कैंडिडेट का मर्डर कर दिया। 2014 की शुरुआत में मेरे दोस्त करमबीर का भाई काउंसलर का चुनाव लड़ रहा था। मैंने और गोल्डी बराड़ ने उसके खिलाफ खड़े कैंडिडेट को गोली मार दी। इसके बाद हम फरार हो गए। इस दौरान गैंग की ताकत बढ़ाने के लिए हमने कॉलेज के दोस्तों की मदद ली। तभी मेरी मुलाकात आनंदपाल से हुई। आनंदपाल राजस्थान का बड़ा गैंगस्टर था।

'कुछ दिन जयपुर में रहने के बाद मैं सिरसा आ गया। यहां मैंने शराब तस्करों पर गोलियां चलवाईं। इसके बाद शराब तस्करों से पैसा फिक्स किया और उनसे हिस्सा लेने लगा। कुछ तस्करों से दुश्मनी भी हुई। वे मुझे पैसा नहीं देते थे और मुझे मारने की फिराक में रहते।' 2014 के मई या जून की बात है। मैं दोस्तों के साथ सालासर बालाजी दर्शन करने जा रहा था। तभी एक बस ड्राइवर ने हमें ओवरटेक किया। हमने बस रुकवाकर उसे पीट दिया। पुलिस ने हमें पकड़ने के लिए नाकाबंदी कर दी। हम नाकाबंदी तोड़कर भागे, लेकिन सीकर में पकड़ लिए गए। हमारे ऊपर दो केस दर्ज हुए। मुझे जेल भेज दिया। बाद में मुझे रोपड़ जेल शिफ्ट कर दिया गया।

**जेल में रहकर पहला क्राइम, कैदी को कोर्ट से भगाया**

'2014 में रोपड़ जेल में रहते हुए मेरी दोस्ती राजू उर्फ पहलवान से हुई। मैंने पहलवान को भगाने का प्लान बनाया। इसके लिए जेल के बाहर मौजूद अपने साथी को 30 हजार रुपए भिजवाए। पहलवान कोर्ट में पेशी के लिए गया, तभी मेरे साथी ने उसे भागने में मदद की।' 'गैंग का खर्च चलाने के लिए मैंने जेल से ही रंगदारी मांगनी शुरू कर दी। उसी दौरान मेरी बुआ के बेटे का मर्डर कर दिया गया। मैंने बदला लेने के लिए जेल से भागने का प्लान बनाया। जनवरी, 2015 में कोर्ट में पेशी से लौटते वक्त मैं काली शूटर और गैंग के साथियों की मदद से भाग निकला। इसके बाद मैंने अपने भाई की मौत का बदला लिया और धंधे को फैलाना शुरू किया।' 'हरियाणा, पंजाब, राजस्थान बॉर्डर और आसपास के इलाकों में शराब तस्करों को टारगेट किया। वे मुझे प्रोटेक्शन मनी देने लगे। गैंग के पास पैसा आने लगा।

### दाऊद और लॉरेंस



| दाऊद इब्राहिम | लॉरेंस |
| --- | --- |
| छोटे-मोटे क्राइम, लूटपाट और फर्जीवाड़े से शुरुआत | मारपीट और धमकी देने के मामले से शुरुआत |
| छोटा राजन के साथ मिलकर नेटवर्क बढ़ाया, 500 से ज्यादा गुर्गों की गैंग बनाई | कनाडा में बैठे गोल्डी बराड़ से मिलकर नेटवर्क बढ़ाया, 700 से ज्यादा क्रिमिनल जुड़े |
| फिरौती और वसूली से सबसे ज्यादा फंड जुटाया | फिरौती से ही सबसे ज्यादा कमाई |

## सलमान खान को पहली बार जोधपुर कोर्ट में दी धमकी

'वासुदेव इसरानी मर्डर केस में गिरफ्तार करके मुझे जोधपुर कोर्ट लाया गया था। उसी दिन सलमान खान भी वहीं कोर्ट में था। कोर्ट से बाहर निकलते वक्त मैंने सलमान को जान से मारने की धमकी दी। उसने काले हिरण का शिकार किया था। कोर्ट से उसे सजा नहीं मिल रही थी। मैंने सिर्फ मीडिया में आने के लिए और मेरी कम्युनिटी में नाम के लिए ये सब किया था। सलमान खान को धमकी देने के केस में भी मेरी गिरफ्तारी हुई थी। मुझे जोधपुर जेल भेज दिया गया।'

**थाईलैंड से लॉरेंस गैंग का हिसाब-किताब देखता था राजकुमार**

लॉरेंस गैंग के मेंबर रहे राजकुमार उर्फ राजू बसौदी से दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने 18 मई, 2021 को पूछताछ की थी। राजकुमार ने बताया, 'हरियाणा की भोंडसी जेल में रहते हुए गैंगस्टर दीपक के जरिए लॉरेंस से कॉन्टैक्ट हुआ। मैंने फरारी के वक्त लॉरेंस गैंग के लड़कों को रहने की जगह दी थी। 2018 में लॉरेंस के साथी वीरेंद्र के साथ फर्जी पासपोर्ट पर थाईलैंड चला गया। वहीं से हम लोग गैंग ऑपरेट करते थे। मैं गैंग के फाइनेंशियल सोर्स मैनेज करता था। 2019-20 में मैंने संपत नेहरा, संदीप उर्फ काला जठेड़ी के साथ मिलकर दिल्ली में क्राइम सिंडिकेट खड़ा किया।

2020 में थाईलैंड में पकड़ा गया। मुझे डिपोर्ट करके भारत लाया गया। दिल्ली और हरियाणा की जेल में रहा। जेल में रहते हुए भी मेरी नजर गैंग पर थी।'

# झारखंड में अबतक किसी पार्टी को नहीं मिला पूर्ण बहुमत

## *जोड़तोड़ कर बनती रही हैं सरकारें, 3 बार लग चुका है राष्ट्रपति शासन*




रांची, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। झारखंड बनने के बाद से अब तक विधानसभा के चार आम चुनावों में किसी एक दल को जनता ने पूर्ण बहुमत नहीं मिला। बहुमत के आंकड़े किसी भी एक दल के लिए दूर की कौड़ी रही। इस कारण झारखंड में हमेशा गठबंधन की ही सरकार बनती गई। ऐसा भी मौका आया कि दलों के बीच दल-दल (मनमुटाव) के कारण मिल कर भी सरकार बनाने की स्थिति नहीं बनी। इस कारण झारखंड में तीन बार राष्ट्रपति शासन लगाना पड़ा।

2024 के विधानसभा चुनाव को लेकर अब तक जो स्थिति बन रही है, उसमें फिर इतिहास दोहराए जाने की संभावना है। इंडिया और एनडीए गठबंधन में शामिल किसी एक दल को पूर्ण बहुमत का आंकड़ा मिलता नहीं दिख रहा है। 81 सदस्यीय विधानसभा में किसी एक दल को बहुमत के लिए 41 सीटों का आंकड़ा प्राप्त करना अनिवार्य है। राज्य के दोनों प्रमुख गठबंधनों के प्रमुख दलों की स्थिति कुछ यही कह रही है। भाजपा 68 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। भाजपा के रणनीतिकार स्वीकार करते हैं कि अकेले पार्टी को 68 में 41 सीटें मिलने की उम्मीद नहीं दिखती है। उसी तरह इंडिया गठबंधन की प्रमुख पार्टी झामुमो पिछली बार 41 सीटों पर ही चुनाव लड़ा था। इस बार इसमें एक-दो सीटें और कम होने की संभावना है। इस स्थिति में झामुमो 40-41 सीटों पर ही चुनाव लड़ने जा रही है, फिर उसे बहुमत के लिए जरूरी 41 सीटों का आंकड़ा मिलना संभव नहीं है।

**2014 में भाजपा को मिली थी 37 सीटें और 2019 में झामुमो को 30**

झारखंड में अब तक विधानसभा के चार आम चुनाव हो चुके हैं। 2005 के पहले आम चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 30 सीटें जीतकर सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी थी। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) को 17, कांग्रेस को नौ और आजसू को दो सीटें मिली थी। 2009 के चुनाव में भाजपा मात्र 18 सीटों पर सिमट गई।

झामुमो को 18, कांग्रेस को 14 एवं आजसू को पांच सीटें मिली। 2014 के चुनाव में भाजपा को सबसे अधिक 37 सीटें मिली। झामुमो को 19, कांग्रेस को 6 और आजसू को पांच सीटें मिली। 2019 के विधानसभा चुनाव में झामुमो सबसे अधिक 30 सीटें मिली थी। भाजपा 25, कांग्रेस 16 एवं आजसू को मात्र दो सीटें मिलीं।

## तूफान 'दाना' का असर...छत्तीसगढ़ से गुजरने वाली 14 ट्रेनें कैंसिल

रायपुर, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। चक्रवाती तूफान 'दाना' 24 अक्टूबर को ओडिशा और पश्चिम बंगाल के तटों से टकरा सकता है, इसके चलते रेलवे ने छत्तीसगढ़ से गुजरने वाली 14 ट्रेनों को आज (बुधवार) से 26 अक्टूबर (शनिवार) तक कैंसिल कर दिया है, इससे पुरी जाने वाले ज्यादातर यात्री प्रभावित होंगे। छत्तीसगढ़ में तूफान 'दाना' के चलते मौसम बदला रहेगा। मौसम विभाग के मुताबिक रायपुर और बस्तर संभाग के जिलों में 25 और 26 अक्टूबर को हल्की बारिश हो सकती है और प्रदेश के कई स्थानों में मौसम बदला रहेगा। मंगलवार को गंगालूर में 20 मिमी और भैरमगढ़ में 10 मिमी बारिश हुई।

# 3 घोटालों के आरोपियों को अलग-अलग रखने का आदेश

**कौन से आरोपी कहां शिफ्ट होंगे**




रायपुर, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के अलग-अलग घोटालों के आरोपियों को अब अलग-अलग जेल में शिफ्ट किया जाएगा। रायपुर में ईडी की स्पेशल कोर्ट ने यह आदेश दिया है। इसमें आबकारी, कोयला और कस्टम मिलिंग घोटाला के आरोपी शामिल हैं।

आदेश 3 घोटालों के आरोपियों के लिए जारी हुआ है। इसमें आबकारी घोटाले में 3 आरोपी कारोबारी अनवर ढेबर को अंबिकापुर, पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा को कांकेर और एपी त्रिपाठी को जगदलपुर जेल में शिफ्ट किया जाएगा। वहीं कस्टम मिलिंग के आरोपी मार्कफेड के पूर्व एमडी मनोज सोनी को दंतेवाड़ा और कोयला घोटाले के मुख्य सरगना सूर्यकांत तिवारी को जगदलपुर जेल में शिफ्ट किया जाएगा।

**आदेश को हाईकोर्ट में चैलेंज करेंगे**

अनवर ढेबर के वकील अमीन खान ने इस मामले पर कहा कि जेल प्रबंधन की ओर से कोर्ट में कौन सा आवेदन लगाया गया था इसकी जानकारी नहीं है। हमें किसी आदेश की जानकारी नहीं दी गई, ना ही किसी आवेदन पर कोर्ट ने हमें सुना है। न्याय प्रणाली में अभियुक्त को बिना सुने हुए इस तरह के आदेश नहीं होते हैं। अगर न्यायालय ने कोई आदेश किया है तो वह किस आधार पर किया है यह आदेश पढ़ने के बाद समझ आएगा। अगर जेल शिफ्टिंग जैसा आदेश है तो हम इसे हाईकोर्ट में चैलेंज करेंगे।

ईडी ने कस्टम मिलिंग स्कैम में मार्कफेड के पूर्व एमडी मनोज सोनी सहित 5 पर एफआईआर दर्ज कराई है। आरोप है कि 140 करोड़ रुपए की अवैध वसूली की गई। इसमें अफसरों से लेकर मिलर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी तक शामिल हैं।

# झामुमो ने रांची विधानसभा सीट से राज्यसभा सांसद महुआ माजी को बनाया प्रत्याशी



रांची, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। झारखंड मुक्ति मोर्चा ने विधानसभा चुनाव के लिए अब तक 36 प्रत्याशियों के नाम घोषित कर दिए हैं। बुधवार को पार्टी ने दूसरी सूची जारी की, जिसमें एकमात्र नाम महुआ माजी का है। वह रांची सीट से उम्मीदवार हैं। महुआ माजी फिलहाल राज्यसभा की सांसद हैं और उनका कार्यकाल करीब तीन साल बचा हुआ है। वह 2014 और 2019 में भी रांची विधानसभा सीट से झारखंड मुक्ति मोर्चा की प्रत्याशी रही हैं। वर्ष 2019 के चुनाव में वह भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार सीपी सिंह से करीब पांच हजार मतों से पराजित हुई थीं। पार्टी ने मंगलवार देर रात 35 सीटों पर प्रत्याशियों की पहली सूची जारी की थी। हेमंत सोरेन अपनी परंपरागत सीट बरहेट से चुनाव मैदान में उतरेंगे, जबकि उनकी पत्नी कल्पना सोरेन गिरिडीह जिले की गांडेय सीट से उम्मीदवार होंगी।

## कलेक्टर का एक्शन : महासमुंद में बदले जाएंगे लंबे समय से धान खरीदी केंद्रों में जमे ऑपरेटर-प्रबंधक

महासमुंद, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। प्रति वर्ष महासमुंद जिले में समर्थन मूल्य में होने वाली धान खरीदी में करोड़ों की गड़बड़ियां सामने आती है। कूटरचना कर सरकार को करोड़ों का चपत लगाई जाती है। खरीदी केंद्रों में होने वाली गड़बड़ी को रोकने के लिए इस बार जिले के कलेक्टर विनय कुमार लंगेह एक्शन में हैं।

उन्होंने जिले के अलग-अलग धान खरीदी केंद्रों में आई अनियमितता को लेकर सख्ती बरतने की बात कही है। उनका कहना है कि जिन धान खरीदी केंद्रों में गड़बड़ियां सामने आई है, उनमें प्रबंधक और ऑपरेटर के अलावा अधिकारियों की मिलीभगत रहती है। जिसे देखते हुए इस बार धान खरीदी की अनियमितता को रोकने के लिए खरीदी केंद्रों में लंबे समय से जमें ऑपरेटर और प्रबंधकों को बदला जाएगा।

# गैंगस्टर अमन साहू लड़ेगा बड़कागांव से चुनाव!




रामगढ़, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। कुख्यात गैंगस्टर और लॉरेंस बिश्नोई गैंग से कनेक्शन का आरोपी अमन साहू झारखंड विधानसभा चुनाव लड़ेगा। बड़कागांव से कांग्रेस की प्रत्याशी अंबा प्रसाद के खिलाफ अमन साहू चुनाव लड़ेगा। अमन साहू इन दिनों छत्तीसगढ़ पुलिस की गिरफ्त में है और वो जेल से ही चुनाव लड़ने की तैयारी में हैं। रांची के एक छोटे से गांव मलबे के रहने वाले अमन साहू के खिलाफ 100 से अधिक मामले दर्ज हैं। जानकारों का कहना है कि अमन पहले एक हार्डकोर माओवादी था। बाद में उसने 2013 में अपना खुद का गैंग बनाया था। करीब ढाई साल पहले कोरबा में अमन साहू के गैंग के सदस्यों ने बर्बरीक ग्रुप पर फायरिंग की थी।

# झारखंड में जेएमएम की पहली लिस्ट में 35 कैंडिडेट्स

## सीएम हेमंत बरहेट और पत्नी कल्पना गांडेय से चुनाव लड़ेंगी, बसंत सोरेन को दुमका से टिकट



रांची, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर जेएमएम ने देर रात अपनी पहली लिस्ट जारी कर दी है। इसमें 35 उम्मीदवारों के नाम का ऐलान किया गया है। इस लिस्ट में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी पत्नी कल्पना सोरेन का नाम शामिल है। पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एक बार फिर से बरहेट विधानसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे, जबकि कल्पना सोरेन गांडेय विधानसभा सीट से चुनाव मैदान में उतरेंगीं। इस साल लोकसभा के साथ गांडेय उपचुनाव में कल्पना सोरेन ने जीत हासिल की थी। वहीं हेमंत सोरेन ने बरहेट सीट से 2014 और 2019 में जीत हासिल की। दुमका विधानसभा सीट से हेमंत सोरेन के छोटे भाई बसंत सोरेन फिर से चुनाव मैदान में होंगे। साल 2019 में भी बरहेट के साथ दुमका सीट से हेमंत सोरेन ने जीत हासिल की थी, लेकिन बाद में उन्होंने बरहेट सीट को रखने का फैसला लिया और दुमका से इस्तीफा दे दिया। जिसके बाद 2020 में हुए उपचुनाव में बसंत सोरेन को पहली बार जीत मिली। 2019 में जीतने वाले ज्यादातर विधायकों को फिर से उम्मीदवार बनाया गया है। पार्टी ने गिरिडीह से सुदिव्य कुमार सोनू, मझगांव से निरल पूर्ति, चाईबासा से दीपक बिरुआ, गुमला से भूषण तिर्की, सिसई से जिगा सुसारण होरो और मधुपुर से हफीजुल अंसारी को उम्मीदवार बनाया गया है। नाला से रबींद्रनाथ महतो, तमाड़ से विकास मुंडा, टुंडी से मथुरा महतो, गढ़वा से मिथिलेश ठाकुर और लातेहार से बैद्यनाथ राम को फिर से उम्मीदवार बनाया गया है।

## रायपुर दक्षिण उपचुनाव के लिए अब तक 10 अभ्यर्थियों ने दाखिल किया नामांकन

रायपुर, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव को लेकर चुनावी बिगुल बज चुका है। भाजपा और कांग्रेस दोनों ही पार्टियों ने उम्मीदवारों का ऐलान कर दिया है। वहीं इस सीट में के लिए 10 निर्दलीय उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। इसमें से एक राइट टू रिकाल पार्टी से अपना नाम निर्देशन पत्र जमा किया।

हालांकि इस सीट में सीधा मुकाबला कांग्रेस और बीजेपी के बीच होने वाला है। अब तक किसी निर्दलीय उम्मीदवार ने या न किसी तीसरे पार्टी ने दमखम के साथ कदम रख पाया है। रायपुर नगर दक्षिण उप निर्वाचन-2024 अंतर्गत अभी तक दस उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं।

# मौलिक अधिकार से कोसों दूर छात्र

## जान हथेली पर रखकर आते हैं स्कूल, न खेल का मैदान; शिकायत पर भी जवाब नहीं




भाटापारा, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। शासकीय प्राथमिक शाला नवीन मतादेवालाय भाटापारा के 80 छात्र-छात्राएं जान हथेली पर रखकर स्कूल में पढ़ाई करते हैं। स्कूल में न खेल का मैदान है और न ही स्कूल के बाहर छात्र-छात्राएं खेल सकते हैं। वहीं मौलिक अधिकारों से छात्र छात्राएं कोसो दूर हैं। शिक्षकों के द्वारा उच्च अधिकारियों को लिखित शिकायत करने पर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। प्रशासन रसूखदारों पर मेहरबान है।

भाटापारा में 52 वर्ष पूर्व सन 1972 में स्थापित हुआ था। शासकीय प्राथमिक शाला नवीन मतादेवालाय भाटापारा का ,न जाने कितने छात्र छात्राए इस स्कूल से शिक्षा ग्रहण कर उच्च स्थानों पर पदस्थ हैं। लेकिन अब यह स्कूल नाम मात्र का हो गया है, क्योंकि इस स्कूल के छात्र-छात्राएं अपने मौलिक अधिकारों से कोसो दूर हैं। इस स्कूल में 80 छात्र छात्राओं को न खेलने का मैदान नसीब हैं, न स्कूल के बाहर खेल सकते हैं, क्योंकि स्कूल के बाहर खुले बिजली ट्रांसफार्मर जमीन से कुछ ही दूरी पर लगे हैं। स्कूल के सामने कचरे का अम्बार लगा हुआ रहता है। स्कूल के सामने दरवाजे पर नाली बनी हुई है। जो खुली है, अगर इन सब से बच गया तो स्कूल के सामने मुख्य सड़क है। सब परेशानियों से बचकर छात्र-छात्राएं स्कूल के चारों और दीवारों में सिमट कर अपने भविष्य गढ़ने को मजबूर हैं। शिक्षकों का कहना है कि लगातार समस्याओं का लिखित शिकायत की जाती हैं, लेकिन अधिकारी केवल अश्वासन देते हैं। शिक्षको का कहना है कि रसूखदारों ने स्कूल के सामने जब ट्रांसफार्मर लगाया तो तत्कालीन विधायक, एस डी एम, से शिकायत की गई। लेकिन रसूखदारों के सामने किसी की नहीं चली।

**राजनीति की गलियारों में आरोप**

जब इस संबंध में भाजपा पार्षद पुरसुत्तम यदु से बात की गई तो उन्होंने कहा इस वॉर्ड के सम्बन्धित पार्षद कांग्रेसी हैं जो सफाई के लिए ध्यान नहीं देते हैं। मैं दूसरे वॉर्ड का पार्षद होने के बाद भी छात्र-छात्राओं को गन्दगी से दूर रखने के लिए सफाई करवाता हूं। जब इस सम्बंध में वॉर्ड के सम्बंधित कांग्रेस पार्षद सुशील सबलानी से सम्पर्क करने की कोशिश की गई लेकिन सम्पर्क नहीं हो पाया।

# अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव : 1.5 करोड़ लोगों ने की एडवांस वोटिंग

*मस्क का ऑफर-चुनाव से पहले वोटिंग पर रोज एक व्यक्ति को 8 करोड़ दूंगा*



वॉशिंगटन, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में करीब 1.50 करोड़ से ज्यादा लोगों ने वोट डाल दिया है। अमेरिका में चुनाव से पहले वोटिंग को एडवांस पोलिंग या प्री पोल वोटिंग कहा जाता है।

अमेरिका में 6 नवंबर (भारतीय समय के मुताबिक) को वोटिंग होनी है। इससे पहले अमेरिका के कई हिस्सों में शुरुआती मतदान जारी है। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक मंगलवार तक करीब 1.50 करोड़ से ज्यादा अमेरिकी वोट डाल चुके हैं। यह वोटिंग 47 से ज्यादा राज्यों में मेल (डाक) के जरिए हुई है।

चुनाव से पहले ही वोट देने की इस प्रक्रिया को एडवांस पोलिंग या प्री पोल वोटिंग कहा जाता है। अमेरिकी चुनावों में पहले भी एडवांस पोलिंग होती रही है। हालांकि, पहले के चुनावों में प्री पोल वोटिंग में डेमोक्रेट्स का दबदबा रहा था, लेकिन इस बार कुछ प्रमुख राज्यों में रिपब्लिकन ने बढ़त बनानी शुरू कर दी है। राष्ट्रपति की रेस में शामिल उपराष्ट्रपति कमला हैरिस और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प भी शुरुआती मतदान के रुझानों के आधार डेमोक्रेट और रिपब्लिकन समर्थकों को लुभाने में जुटे हैं, ताकि उन्हें वोट करने के लिए भेजा जा सके। अमेरिकी चुनाव में ट्रम्प का खुलकर समर्थन कर रहे इलॉन मस्क ने कहा है वो राष्ट्रपति चुनाव की तारीख तक हर रोज चुने गए किसी एक वोटर को 1 मिलियन डॉलर यानी लगभग 8.40 करोड़ रुपए देंगे। दिलचस्प बात ये है कि यह स्कीम सिर्फ 7 स्विंग स्टेट्स के लिए लागू है।

**कोरोना की वजह से 2020 में ज्यादा लोगों ने चुनाव से पहले वोटिंग की**

अमेरिका में एडवांस वोटिंग अलग-अलग तरीके से होती है। ज्यादातर राज्यों में मेल-इन वोटिंग की सुविधा है। इसमें लोग डाक के जरिए वोटिंग करते हैं। कई राज्यों में वोटर्स चुनाव से पहले ही पोलिंग सेंटर पर जाकर खुद वोट कर सकते हैं। अलग-अलग राज्यों में वोटिंग की तारीख अलग-अलग हो सकती है। जैसे वर्जीनिया में चुनाव 20 सितंबर से ही शुरू है। वही विस्कॉन्सिन में अभी तक चुनाव शुरू नहीं हुए हैं। 2020 में कोरोना के डर के कारण 6.5 करोड़ लोगों ने डाक से और 3.58 करोड़ लोगों ने भीड़ से बचने के लिए शुरुआती वोट डाले थे। ये आंकड़ा लगभग 64.4% है। वही, साल 2022 के मिडटर्म चुनाव में करीब 50% लोगों ने चुनाव से पहले वोटिंग की थी। इस बार भी जैसे-जैसे चुनाव के दिन नजदीक आ रहे हैं, एडवांस पोलिंग बढ़ती जा रही है। न्यूजवीक की एक रिपोर्ट के मुताबिक जॉर्जिया और नॉर्थ कैरोलिना राज्यों में 15 अक्टूबर को प्रारंभिक मतदान शुरू हुआ। सिर्फ 1 दिन में दोनों जगहों को मिलाकर 7.5 लाख से ज्यादा लोगों ने वोटिंग की।

## इस बार चुनाव से पहले 70% लोग कर सकते हैं वोटिंग

1988 से पहले सिर्फ 6 ऐसे राज्य थे जहां पर शुरुआती वोटिंग का चलन था। 1992 से चुनाव से पहले शुरुआती वोटिंग का चलन बढ़ता चला गया। 1992 के चुनाव में 7% लोगों ने वोट किया था। एनबीसी के मुताबिक इस साल 14.5 मिलियन लोग चुनाव से पहले वोटिंग कर सकते हैं। यह करीब 70% है। एमआईटी इलेक्शन डेटा एंड साइंस लैब के मुताबिक 2020 में लगभग 60% डेमोक्रेट और 32% रिपब्लिकन वोटर्स ने मेल के जरिए वोटिंग की थी। जाहिर है कि पिछले चुनाव में भी बाइडेन को इसका फायदा मिला था।यही वजह है कि पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प कई बार एडवांस पोलिंग के खिलाफ बयान दे चुके हैं। उनका कहना है कि मेल के जरिए वोटिंग करने में धोखाधड़ी होती है। इसके बावजूद रिपब्लिकन पार्टी इस बार के चुनाव में जल्दी वोटिंग करने को लेकर वोटर्स को जागरूक कर रही है।

# उत्तर कोरिया बढ़ाएगा परमाणु और युद्ध प्रतिरोधक क्षमता



सियोल, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। उत्तर कोरिया के तानाशाह ने एक बार फिर अपने जंगी साजो सामान में बढ़ोतरी का फैसला किया है । तानाशाह किम जोंग-उन ने देश की परमाणु क्षमता और युद्ध प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने की बात कही है। यह जानकारी उत्तर कोरिया की सरकारी मीडिया ने बुधवार को दी।

राज्य मीडिया ने बुधवार को कहा कि उन ने अमेरिका की ओर से बढ़ते परमाणु खतरों का जिक्र करते हुए अपना संकल्प दोहराया। कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) ने अंग्रेजी भाषा में एक संदेश जारी कर बताया कि रणनीतिक मिसाइल ठिकानों के निरीक्षण के दौरान किम जोंग-उन ने यह टिप्पणी की। समाचार एजेंसी योनहाप के मुताबिक इस रिपोर्ट में निरीक्षण का स्थान या तारीख नहीं बताई गई है। इस संदेश के मुताबिक, जैसा कि हाल ही में कई अवसरों पर जोर दिया गया है, अमेरिकी सामरिक परमाणु हथियार डेमोक्रेटिक पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ कोरिया (उत्तर कोरिया का आधिकारिक नाम) की सुरक्षा के लिए लगातार खतरे पैदा कर रहे हैं।

इन गंभीर खतरों को देखते हुए तत्काल आवश्यकता है कि डीपीआरके अपनी युद्ध प्रतिरोधक क्षमता को और अधिक मजबूत करे तथा परमाणु शक्तियों के प्रति गहन और सख्त प्रतिक्रियात्मक रुख अपनाए। केसीएनए ने आगे बताया, निरीक्षण के दौरान किम ने मिसाइल ठिकानों के प्रक्षेपण सुविधाओं का जायजा लेने के साथ सामरिक मिसाइल इकाइयों के परिचालन की तत्परता को भी परखा। रिपोर्ट में कहा गया है कि किम ने मिसाइल ठिकानों को और अधिक आधुनिक बनाने तथा सुदृढ़ करने के महत्व पर भी जोर दिया, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सभी सुविधाएं मजबूत जवाबी कार्रवाई के लिए पूरी तरह तैयार हों।

# अमेरिका में मैकडॉनल्ड से बैक्टीरिया संक्रमण फैला, एक की मौत



वाशिंगटन, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। अमेरिका में मैकडॉनल्ड बर्गर से बैक्टीरिया संक्रमण (ई कोली) फैला है। मैकडॉनल्ड्स के क्वार्टर पाउंडर हैम्बर्गर खाने से एक शख्स की मौत हो गई। 49 लोग बीमार हैं, जिनमें से 10 हॉस्पिटल में एडमिट हैं। यूएस सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन (सीडीसी) के मुताबिक, सितंबर के अंत में शुरू हुआ यह ई कोली वायरस अब तक 10 पश्चिमी राज्यों में फैल चुका हुआ है, जिसमें से ज्यादातर मामले कोलोराडो और नेब्रास्का में सामने आए। बर्गर खाने से बीमार पड़ने की खबर सामने आने के बाद मैकडॉनल्ड ने क्वार्टर पाउंडर हैमबर्गर से कटी प्याज और बीफ पैटीज को हटा दिया है। फिलहाल जांच जारी है। मैकडॉनल्ड्स (अमेरिका) के अध्यक्ष जो एर्लिंगर ने एक वीडियो मैसेज में कहा, हमारी लिए खाद्य पदार्थों की सुरक्षा सबसे महत्वपूर्ण है। जिन इलाकों में बर्गर में शिकायत मिली है, वहां के रेस्टोरेंट से क्वार्टर पाउंडर हैम्बर्गर को अस्थायी रूप से हटाने का डिसीजन लिया है। उन्होंने कहा कि अधिकांश राज्य प्रभावित नहीं हैं। कंपनी ने माना कि जिन रेस्टोरेंट में शिकायत मिली है, वहां एक ही कंपनी से प्याज सप्लाई हो रही थी।

**ई कोली बैक्टीरिया हमारी आंतों में भी होता है, कुछ स्ट्रेन घातक होते हैं**

ई कोली एक प्रकार का बैक्टीरिया है जो आपके पाचन तंत्र को स्वस्थ रखने में भी मदद करते हैं। अगर आप दूषित भोजन खाते हैं या प्रदूषित पानी पीते हैं तो इसके कुछ स्ट्रेन दस्त का कारण बन सकते हैं। ई कोली का O157:H7 स्ट्रेन गंभीर बीमारी का कारण बन सकता है। 31 साल पहले यानी 1993 में भी वायरस से कई मौतें हुईं थीं। तब जैक इन द बॉक्स रेस्टोरेंट में अधपके हैम्बर्गर खाने से चार बच्चों की मौत हो गई थी।

# यूक्रेन के कब्जे वाले गांव में रूस के साथ उत्तर कोरियाई झंडा

*दक्षिण कोरिया की जवाबी कार्रवाई की धमकी, क्या तीसरे विश्व युद्ध की आहट?*

मॉस्को, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। उत्तर कोरिया की ओर से यूक्रेन के खिलाफ लड़ने के लिए रूस में अपने सैनिक भेजने के दावे के बीच एक नई रिपोर्ट सामने आई है। इसने तीसरी विश्व युद्ध की आशंका को जन्म दे दिया है।

आयरिश स्टार की रिपोर्ट के अनुसार, डोनबास में एक कब्जे वाले यूक्रेनी गांव में कथित तौर पर उत्तर कोरियाई झंडा लहराते देखा गया है। इस पर दक्षिण कोरिया ने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए यूक्रेन की मदद का ऐलान कर दिया है। इससे संघर्ष के बढ़ने का अंदेशा पैदा हो गया है।

दक्षिण कोरिया की राष्ट्रीय खुफिया सेवा (एनआईएस) का दावा है कि उत्तर कोरिया रूस में 12,000 सैनिकों को भेजने की योजना बना रहा है। इनमें से 1,500 उत्तर कोरियाई पहले ही चोंगजिन, हमहंग और मुसुदन के पास के क्षेत्रों से जहाजों से व्लादिवोस्तोक ले जाए जा चुके हैं। एक वीडियो फुटेज में उत्तर कोरियाई




सेना को रूस के सुदूर पूर्व में एक सैन्य अड्डे पर ट्रेनिंग करते हुए भी दिखाया गया था। अब एक नई तस्वीर सामने आई है, इस तस्वीर में पोक्रोवस्क क्षेत्र के कब्जे वाले गांव त्सुकुरिन में रूसी झंडे के साथ उत्तर कोरियाई झंडा भी दिखाया गया है।

**यूक्रेनी सेना के लिहाज से अहम जगह पर कोरियाई झंडा!**

रिपोर्ट के मुताबिक, जिस गांव में उत्तर कोरिया का झंडा दिखा है, वह पोक्रोवस्क 60 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में है। ये यूक्रेन की सेना के लिए एक महत्वपूर्ण परिवहन और रसद केंद्र है। रूसी सेना इस शहर की ओर तेजी से आगे बढ़ रही है, जिसका लक्ष्य सर्दियों के आने से पहले यहां खुद को मजबूत करना है। दक्षिण कोरिया ने रूस में उत्तर कोरियाई सैनिकों कीतैनाती पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए जवाबी कार्रवाई की बात कही है। इसमें यूक्रेन की सेना को गोला-बारूद और 155 मिमी आर्टिलरी गोले उपलब्ध कराना शामिल है। अभी तक दक्षिण कोरिया ने यूक्रेन को केवल गैर-घातक सहायता प्रदान की है, जिसमें डी-माइनिंग उपकरण शामिल हैं। उत्तर कोरिया ने रूस की ओर से यूक्रेन संघर्ष में अपनी भागीदारी के दावों का खंडन किया है।

संयुक्त राष्ट्र महासभा में प्योंगयांग के एक प्रतिनिधि ने जोर देकर कहा कि रूस के साथ तथाकथित सैन्य सहयोग जैसी अफवाहों पर टिप्पणी करने की मुझे आवश्यकता भी महसूस नहीं होती है। रूस ने भी यूक्रेन में उत्तर कोरियाई सैनिकों की रिपोर्टों को 'फर्जी खबर' बताकर खारिज किया है।

# दक्षिण कोरिया का दावा : उत्तर कोरिया ने 1500 अतिरिक्त जवान रूस भेजे, दिसंबर तक 10 हजार भेजने की योजना

सियोल, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। दक्षिण कोरिया की खुफिया एजेंसी के प्रमुख ने बताया है कि उत्तर कोरिया ने अपने 1500 अतिरिक्त जवानों को रूस भेजा है। उत्तर कोरिया के ये जवान यूक्रेन मोर्चे पर रूस की मदद के लिए लड़ रहे हैं।

इससे पहले बीते हफ्ते भी दक्षिण कोरिया ने उत्तर कोरियाई जवानों के यूक्रेन के मोर्चे पर लड़ने की बात कही थी। बुधवार को दक्षिण कोरिया की खुफिया एजेंसी के प्रमुख चो ते यंग ने संसदीय समिति को इसकी जानकारी दी। बैठक के बाद दक्षिण कोरिया के सांसदों ने भी इसकी पुष्टि की।

**जून में दोनों देशों में हुआ था अहम सैन्य समझौता**

दक्षिण कोरियाई खुफिया विभाग के



प्रमुख चो ते यंग ने बताया कि दिसंबर तक उत्तर कोरिया अपने 10 हजार जवानों को रूस भेजने की तैयारी कर रहा है। बीते दिनों यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने भी दावा किया था कि उनके पास ऐसी सूचना है कि उत्तर कोरिया के 10 हजार जवान रूस की तरफ से युद्ध लड़ने के लिए तैयार हो रहे हैं। बीते दो वर्षों में रूस और उत्तर कोरिया के संबंध बेहद मजबूत हुए हैं। जून में दोनों देशों ने एक अहम रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किए थे, जिसके तहत दोनों देश किसी भी देश पर हमले की सूरत में एक दूसरे को तुरंत सैन्य सहायता देंगे।

**दक्षिण कोरिया को इस बात का है डर**

दक्षिण कोरिया की खुफिया एजेंसी के प्रमुख का ये भी दावा है कि उत्तर कोरिया ने अगस्त 2023 के बाद से करीब 13 हजार कंटेनर आर्टिलरी, मिसाइलें और अन्य हथियार रूस भेजे हैं। दक्षिण कोरिया को आशंका है कि यूक्रेन युद्ध में मदद के बदले रूस उत्तर कोरिया को अहम हथियार और तकनीक दे सकता है। साथ ही उन्हें आशंका है कि रूस, उत्तर कोरिया के परमाणु और मिसाइल कार्यक्रम को भी मदद दे सकता है। हालांकि अभी तक अमेरिका और नाटो देशों ने उत्तर कोरिया द्वारा अपने सैनिकों को यूक्रेन मोर्चे पर भेजने की पुष्टि नहीं की है।

## जर्मनी में एमपॉक्स के नए वेरिएंट का पहला केस मिला

बर्लिन, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। जर्मनी में एमपॉक्स वायरस के नए वेरिएंट क्लेड 1बी का पहला मामला सामने आया है। हालांकि इससे संबंधित किसी मौत की खबर नहीं है। देश के प्रमुख सार्वजनिक स्वास्थ्य प्राधिकरण रॉबर्ट कोच इंस्टीट्यूट (आरकेआई) ने यह जानकारी दी। रॉबर्ट कोच इंस्टीट्यूट (आरकेआई) ने अपनी वेबसाइट बयान जारी किया। जिसमें कहा, आरकेआई का वर्तमान आकलन है कि जर्मनी में आम लोगों के लिए इससे ग्रसित होने का जोखिम कम है।

## वॉलमार्ट के ओवन में मृत मिली पंजाब की महिला, कुछ समय पहले ही गई थी कनाडा

ओटावा, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। कनाडा के वॉलमार्ट में एक वॉक-इन ओवन के अंदर सिख महिला मृत पाई गई है। 19 वर्षीय सिख महिला की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। घटना कनाडा के हेलिफैक्स शहर में स्थित वॉलमार्ट की है। हेलीफैक्स पुलिस ने बताया कि उन्हें शनिवार रात करीब साढ़े नौ बजे वॉलमार्ट में महिला की मौत की सूचना मिली। पुलिस ने बताया कि महिला स्टोर में काम करती थी और अभी तक उसकी पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने वॉक इन ओवन से ही महिला का शव बरामद किया। मैरीटाइम सिख सोसाइटी ने पुष्टि की है कि वह उनके समुदाय की सदस्य थी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, मैरीटाइम सिख सोसाइटी के अनमोलप्रीत सिंह ने कहा, 'यह हमारे लिए और मृतका के परिजनों के लिए बहुत दुखद है, क्योंकि वह बेहतर भविष्य की तलाश में आई थी और यहां उसने अपनी जान गंवा दी।' मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, महिला हाल ही में भारत से कनाडा आई थी। जांच जारी रहने के दौरान शनिवार रात से स्टोर बंद है।

महिला की मौत का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है, लेकिन उसकी मौत को लेकर सोशल मीडिया पर कई तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं। इस पर पुलिस ने कहा है कि उन्हें ऑनलाइन लगाई जा रहीं अटकलों की जानकारी है। पुलिस ने लोगों से जांच को लेकर धैर्य बनाए रखने की अपील की। वॉक-इन ओवन, जिन्हें कैबिनेट या बैच ओवन भी कहा जाता है, यह एक पहिएदार रैक होता है, जिसमें बड़ी संख्या में चीजों को सुखाया, पकाया जाता है।

## तुर्की ने कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी के तीन सदस्यों को हिरासत में लिया

अंकारा, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। तुर्की के राष्ट्रीय खुफिया संगठन ने प्रतिबंधित कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी (पीकेके) के तीन सदस्यों को हिरासत में लिया है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने अर्द्ध-सरकारी अनादोलु एजेंसी के हवाले से बताया कि यूरोपीय समूह के प्रमुख सदस्यों ज़ेनेप तस्कीरन और ज़ुबेदे तस्कीरन को इस्तांबुल में हिरासत में लिया गया, जबकि पीकेके के तीसरे सदस्य हतिन साहबाज को उत्तर-पश्चिमी बालिकेसिर प्रांत में गिरफ्तार किया गया। इसमें कहा गया है कि तीनों को तुर्की खुफिया विभाग और पुलिस द्वारा चलाए गए संयुक्त अभियान में हिरासत में लिया गया, हालांकि अभियान की समय-सीमा के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई। ज़ेनेप तस्कीरन ने तुर्की विरोधी प्रदर्शनों और पीकेके की फ्रांस शाखा द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में भाग लिया था।

## युगांडा ने नए संक्रमणों से निपटने के लिए हेपेटाइटिस बी के टीके की पांच लाख खुराकें खरीदीं

कंपाला, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। सार्वजनिक स्वास्थ्य वितरण एजेंसी ने कहा कि युगांडा ने हेपेटाइटिस बी के टीके की 500,000 खुराकें खरीदी हैं, जिन्हें जन्म के समय बच्चों और वयस्कों को नए संक्रमणों से लड़ने और उन्हें रोकने के लिए दिया जाएगा। युगांडा नेशनल मेडिकल स्टोर्स (एनएमएस) ने एक्स पोस्ट में बताया कि हेपेटाइटिस बी के टीके वायरस के प्रकोप को कम करने के लिए पूरे पूर्वी अफ्रीकी देश में सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं में वितरित किए जाएंगे।


युगांडा में सरकारी स्वामित्व वाली स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए दवाओं और चिकित्सा आपूर्ति की खरीद, भंडारण और वितरण के लिए अधिकृत सरकारी एजेंसी एनएमएस ने कहा, देश भर में स्वास्थ्य सुविधाओं में वितरण के लिए तैयारियां पहले से ही चल रही हैं। एनएमएस में प्रमुख जनसंपर्क अधिकारी शीला नदुहुकिरे ने कहा कि हेपेटाइटिस बी के टीकों की लंबे समय से कमी है, जिससे टीकाकरण अभियान प्रभावित हुआ है। प्रेस के साथ साझा की गई एक वॉयस रिकॉर्डिंग संदेश में नदुहुकिरे ने कहा, निर्माता सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया द्वारा बताई गई लंबी वैश्विक कमी के बाद हेपेटाइटिस बी के टीके प्राप्त हुए हैं और एनएमएस में फिर से स्टॉक किए गए हैं। समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने बताया, "विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, 2022 में अनुमानित 1,250 युगांडावासी इस बीमारी से मर गए, और युगांडा की लगभग 6 प्रतिशत आबादी, या 2.7 मिलियन लोग इससे संक्रमित हैं।" युगांडा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने डब्ल्यूएचओ के तकनीकी सहयोग से हेपेटाइटिस बी को नियंत्रित करने के लिए एक रणनीति विकसित की है।

## ट्रक-कार की टक्कर में छह लोगों की मौत, तीन घायल

ट्यूनिस, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। ट्यूनीशिया के कैरौअन प्रांत में एक ट्रक और कार के बीच जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में छह लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए पास के अस्पताल पहुंचाया गया है। कैरौअन में नागरिक सुरक्षा के क्षेत्रीय निदेशक कर्नल हमदी लुसिफ ने बताया, चेबिका और कैरौअन शहर को जोड़ने वाले हाईवे पर आज एक ट्रक और अंतरप्रांतीय परिवहन टैक्सी के बीच टक्कर हो गई।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने निजी रेडियो स्टेशन मोसाइक एफएम के हवाले से बताया कि लुसिफ के अनुसार, जिस सड़क पर दुर्घटना हुई है, उसे क्षेत्र की सबसे खतरनाक सड़कों में से एक माना जाता है।

# 5 में से 1 आस्ट्रेलियाई टॉयलेट का इस्तेमाल करने के बाद नहीं धोते हैं अपने हाथ



**रिपोर्ट में आया सामने**

नई दिल्ली, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। हम में से अधिकांश लोग हर बार टॉयलेट का इस्तेमाल करने के बाद अपने हाथ धोते हैं ? खाना खाने से पहले भी हाथ धोते हैं? पर ऑस्ट्रेलिया में ऐसा नहीं है। एक लेटेस्ट रिपोर्ट के मुताबिक,19 प्रतिशत ऑस्ट्रेलियाई लोग हर बार टॉयलेट का इस्तेमाल करने पर अपने हाथ नहीं धोते हैं। ऑस्ट्रेलिया की खाद्य सुरक्षा सूचना परिषद ने देश में हाथ धोने की आदतों पर लेटेस्ट रिपोर्ट कार्ड जारी किया है। इसमें पाया गया कि 19 प्रतिशत ऑस्ट्रेलियाई लोग हर बार शौचालय का उपयोग करने पर अपने हाथ नहीं धोते हैं। करीब आधे (42 प्रतिशत) ने स्वीकार किया कि वो खाना खाने से पहले हमेशा हाथ नहीं धोते हैं। आइये जानते हैं इस रिपोर्ट में क्या पाया गया?

55 प्रतिशत पुरुष खाना खाने से पहले अपने हाथ धोते हैं

इस रिपोर्ट में 1229 लोगों का सर्वे किया गया। टॉयलेट का इस्तेमाल करने के बाद अपने हाथ धोने में महिलाएं पुरुषों से बेहतर हैं। 80 प्रतिशत पुरुषों का कहना है कि वे हर बार ऐसा करते हैं, जबकि 83 प्रतिशत महिलाओं का कहना है कि वो टॉयलेट का इस्तेमाल करने पर हर बार हैंडवॉश करती हैं। वहीं, केवल 55 प्रतिशत पुरुष खाना खाने से पहले अपने हाथ धोते हैं जबकि 62 प्रतिशत महिलाएं ऐसा करती हैं। इस पर उम्र का भी फर्क पड़ता है।

34 साल से कम उम्र के 69 प्रतिशत लोग हर बार शौचालय का इस्तेमाल करने के बाद अपने हाथ धोते हैं। 65 साल से अधिक उम्र के लोगों में यह आंकड़ा बढ़कर 86 प्रतिशत हो गया।

## भारत में कैसी हैं बच्चों की हैंडवॉश की आदतें

भारत में किए गए एक अध्ययन में स्कूली बच्चों से हाथ धोने में आने वाली बाधाओं के बारे में पूछा गया। अधिकांश (91 प्रतिशत) बच्चों के मुताब्क, उन्हें शौचालय जाने के बाद हाथ न धोने से बीमार होने का जोखिम नहीं लगता।

दिलचस्प बात यह है कि 46 प्रतिशत बच्चों ने अपनी आंखों से कीटाणुओं को न देख पाने को सबसे बड़ी बाधा बताया। वहीं, 72 प्रतिशत बच्चों ने कहा कि अगर उनके दोस्त हाथ धोएंगे तो वे भी हाथ धोएंगे। ऐसे में यह अनुमान लगाना दिलचस्प होगा कि ये कारण अन्य आयु समूहों पर भी लागू हो सकते हैं, लेकिन फिलहाल इसके लिए पर्याप्त शोध नहीं किया है।



# भजनलाल सरकार ने प्रमोशन के नियमों में किया संशोधन

## कार्मिकों की अब नहीं रुकेगी पदोन्नति



जयपुर, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। राजस्थान सरकार ने परिनिंदा से दंडित कार्मिकों का प्रमोशन नहीं रोकने का फैसला लिया है। सरकार ने नियमों में संशोधन कर कर्मचारियों को बड़ी राहत दी है। हालांकि नियमों में संशोधन होने के बाद भी कर्मचारियों की पूर्व में हुई पदोन्नति के मामलों को फिर से नहीं खोला जाएगा, लेकिन जिन पदों के लिए अभी तक पदोन्नति बैठकें नहीं हो पाई हैं उनमें नए नियमों के अनुसार डीपीसी होगी।

कर्मचारियों के खराब आचरण के लिए कई प्रकार की सजा का प्रावधान था। इनमें से एक सजा परिनिंदा का दंड भी था। इसके तहत कर्मचारियों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई या फिर जुर्माना लगाया जाता था। इसके बाद उस कर्मचारियों की पदोन्नति रोक दी जाती थी।

इस परिपत्र में ये भी स्पष्ट किया गया है कि यदि किसी विभाग में किन्हीं पदों की वर्ष 24-25 की डीपीसी अभी तक आयोजित नहीं की गई है, तो ये डीपीसी इस परिपत्र के नवीन निर्देशों के अनुसार की जाएगी। लेकिन पूर्व वर्षों की डीपीसी/ रिव्यू डीपीसी यदि इस परिपत्र के जारी होने के बाद होती है, तो उसमें पूर्व की व्यवस्था ही लागू होगी।

## राहुल गांधी को जान से मारने की धमकी

# एनएसयूआई ने बुद्धादित्य मोहंती के खिलाफ दर्ज कराई शिकायत

अजमेर, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी को जान से मारने की धमकी देने वाले फेसबुक यूजर बुद्धादित्य मोहंती के खिलाफ अजमेर में एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने शहर के क्लॉक टावर थाने में शिकायत दर्ज कराई। थानाधिकारी दिनेश कुमार चौधरी से मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। एनएसयूआई सदस्य अंकित घारू ने बताया कि बुद्धादित्य मोहंती की एक फेसबुक पोस्ट में उन्होंने राहुल गांधी को जान से मारने की धमकी दी है। शिकायत में उन्होंने लिखा कि जर्मनी के पास गेस्टापो था, इज़राइल के पास मोसाद है, अमेरिका के पास सीआईए है, अब भारत के पास लॉरेंस बिश्नोई है। इस सूची में अगला नाम ओवैसी और राहुल गांधी का होना चाहिए। यह पोस्ट जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का भी महिमामंडन करता है और हिंसा भड़काता है। इस तरह की धमकियां सार्वजनिक सुरक्षा और राहुल गांधी की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा पैदा करती हैं। पिछली घटनाओं से पता चलता है कि ऑनलाइन धमकियां वास्तविक हिंसा में बदल गई हैं और राजनीतिक नेताओं को निशाना बनाया गया है। उन्होंने कहा कि बुद्धादित्य मोहंती के खिलाफ तत्काल कार्रवाई और एफआईआर दर्ज की जाए। वहीं, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव सुनील लारा ने कहा कि खुलेआम गैंगस्टर के लोग हमारे प्रिय नेता राहुल गांधी को सोशल मीडिया पर धमकी दे रहे हैं। आज हमने क्लॉक टावर पुलिस थाने मे थानाधिकारी दिनेश कुमार चौधरी को शिकायत दी कि ऐसे लोगों पर कार्रवाई करें, जो पूरे राजस्थान में, देश में भय का माहौल पैदा कर रहे हैं।

# रविन्द्र सिंह भाटी के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी

## महामारी एवं आपदा प्रबंधन अधिनियम मामले में बढ़ी मुसीबतें



उदयपुर, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। महामारी एवं आपदा प्रबंधन अधिनियम के मामले में लगातार पेशियों पर गैर हाजिर चल रहे बाड़मेर जिले के शिव विधानसभा सीट के निर्दलीय विधायक रविन्द्र सिंह भाटी के खिलाफ कोर्ट ने गिरफ्तारी वारंट जारी है। 16 अगस्त 2021 को शिव विधायक रविन्द्र सिंह भाटी, अरविन्द सिंह पावटा व देवेन्द्र सिंह ने कोरोना काल के दौरान करीब दो सौ से ढाई सौ छात्रों के साथ जिला कलक्ट्रेट पर धरना-प्रदर्शन कर धारा 144 का उल्लंघन किया था।

भूपालपुरा थाने में महामारी व आपदा प्रबंधन के तहत मामला दर्ज किया गया था। इस मामले में विधायक भाटी लगातार कोर्ट में पेशियों पर गैर हाजिर चल रहे थे। पूर्व पेशी पर भी कोर्ट ने एक हजार की कोस्ट पर अवसर प्रदान किया, लेकिन उसके बावजूद कोर्ट में पेशी पर उपस्थित नहीं हुए।

न्यायिक मजिस्ट्रेट क्रम 2 शहर दक्षिण की पीठासीन अधिकारी शर्मा निर्मला जगमोहन ने विधायक रविन्द्र सिंह भाटी के जमानत मुचलके जब्त कर सीआरपीसी की धारा 446 की कार्यवाही करने के निर्देश दिए। विधायक भाटी के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी कर 14 नवम्बर तक न्यायालय में पेश करने के आदेश दिए।

## ‘मेरे भाई ने मेरे साथ धोखा कर दिया’

# सांसद हरीश मीना पर नमोनारायण ने लगाया आरोप



जयपुर, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। राजस्थान में उपचुनाव को लेकर सियासी पारा बढ़ने लगा है। भाजपा ने 7 विधानसभा सीटों में 6 पर उम्मीदवारों का एलान कर दिया है। वहीं, कांग्रेस किसी भी वक्त अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर सकती है। ऐसे में टिकट वितरण से पहले ही कांग्रेस में बगावती सुर उठने शुरु हो गए है। सांसद हरीश मीना के बड़े भाई नमोनारायण मीना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर लगातार वायरल हो रहा है। इस वीडियो वे कहते हुए नजर आ रहे है कि ‘मेरे भाई ने मेरे साथ धोखा कर दिया... ‘।

वायरल वीडियो में नमोनारायण मीना ने अपने भाई हरीश मीना पर टिकट नहीं मिलने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि ‘मेरे भाई ने मेरे साथ कर दिया, मेरे को चांस मिलता तो मैं इस बार जीत जाता’। यह बात उन्होंने कांग्रेस से बागी होने के नक्शे कदम पर चलते नजर आ रहे नरेश मीना के सामने कही।

यूपीए सरकार में वित्त राज्य मंत्री रहे कांग्रेस के वरिष्ठ नेता नमोनारायण मीना ने विधानसभा चुनाव 2023 में बामनवास विधानसभा सीट से टिकट की मांग की थी। लेकिन कांग्रेस ने उनकी मांग को दरकिनार करते हुए इंदिरा मीना को टिकट दिया और उन्होंने जीत भी दर्ज की।

दपूर्ववर्ती गहलोत सरकार के समय हरीश मीना पुलिस महानिदेशक पद से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेकर भाजपा में शामिल हुए थे। भाजपा ने उन्हें लोकसभा चुनाव-2014 में दौसा सीट से टिकट देकर उनके बड़े भाई नमोनारायण मीना के खिलाफ चुनावी मैदान में उतारा। जिसमें हरीश मीना ने किरोड़ी लाल मीना और नमोनारायण मीना को हराकर जीत दर्ज की।

नमो नारायण मीणा भारत सरकार में वित्त राज्य मंत्री रहे। कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार के रूप में टोंक-सवाई माधोपुर से सांसद चुने गए थे। 2004 से 2005 तक पर्यावरण और वन मंत्रालय में केंद्रीय राज्य मंत्री के रूप में कैबिनेट में रहे।

# नेताओं के बिगड़े बोल पर नेता प्रतिपक्ष का हमला

## बोले- मंत्री सत्तामद में उड़ा रहे जनता का मखौल



जयपुर, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। राजस्थान विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि राज्य की भाजपा सरकार के मंत्रियों के बिगड़े बोल का सिलसिला लगातार बढ़ता ही जा रहा है। पानी अब सिर से गुजरता जा रहा है। मंत्रियों को यह नहीं भूलना चाहिए कि वे लोक सेवक हैं, लेकिन भाजपा सरकार के मंत्री सत्तामद में मदहोश हो गए हैं। जनता का अनादर करना और मखौल उड़ाना भजनलाल सरकार की आदत बन गई है, लेकिन इन सभी मंत्रियों को आगामी सत्र में प्रतिपक्ष राजस्थान विधानसभा के सदन में घेरेगा और जनता की ताकत का अहसास कराएगा।

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि अलवर में भाजपा के एक दलित पार्षद कैलाश कोली ने जब वन राज्य मंत्री संजय शर्मा से फोन पर बस्तियों में पानी के संकट की गुहार लगाई तो वन राज्य मंत्री ने उसे धरना देने के लिए कहा। साथ ही यह भी कहा कि यह ऑडियो रिकार्डिंग वायरल कर देना।


जूली ने कहा कि राज्य की भाजपा सरकार के मंत्री सत्तामद में बेलगाम हो गये हैं। जनता इन्हें इस उपचुनाव में करारा सबक सिखाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य में पेयजल संकट पर कभी जलदाय मंत्री तो कभी वन राज्य मंत्री अनर्गल बयान देते हैं। शिक्षा मंत्री के बेतुके बयानों पर तो भा ज पा वि धा य क सुरेश धाकड़ ने सार्वजनिक रूप से पीड़ा जाहिर की है।

जूली ने कहा कि जब भाजपा के कुराज में सत्तारूढ़ दल के विधायक और पार्षद की सुनवाई नहीं हो रही है। उन्हें मंत्री बेतुके जवाब दे रहे हैं, तो जाहिर है कि आम जनता की कहीं कोई सुनवाई नहीं है। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि लोकतंत्र की एक गरिमा और मर्यादा होती है, लेकिन सत्तामद में चूर भाजपा सरकार के मंत्री इसे भूल गए हैं।

जूली ने कहा कि अलवर में पानी की भारी किल्लत बनी हुई है, जिसके समाधान की बजाय मंत्री स्थानीय जन प्रतिनिधि को धरना देने का उपदेश दे रहे हैं। जूली ने कहा कि इस बार प्रदेश में बहुत अच्छी बारिश हुई लेकिन सरकार ने पेयजल के लिए कोई सुचारु प्रबंधन नहीं किया। इसलिए प्रदेश के बांध लबालब होने के बाद काफी पानी व्यर्थ बहकर चला गया। इस सरकार के पास सुचारू पेयजल प्रबंधन का कोई सोच नहीं है। सुशासन शब्द ही सरकार की कार्यप्रणाली से गायब हो गया है और यह सरकार अनर्गल बयानों की सरकार बन कर रह गयी है।

# पुलिस को मिली बड़ी सफलता

## 50,000 की इनामी दो महिला अरेस्ट, 3 साल से थी फरार



जोधपुर, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। जोधपुर। रीट परीक्षा 2021 पेपर लीक प्रकरण में जोधपुर रेंज की साइक्लोनर टीम को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने रीट परीक्षा घोटाले में शामिल दो वांटेड महिलाओं को गिरफ्तार किया है। इन महिलाओं पर 50,000 रुपए का इनाम था और ये लंबे समय से फरार चल रही थीं। इनकी गिरफ्तारी के बाद पूछताछ में रीट परीक्षा में फर्जी अभ्यर्थियों को बिठाने और बड़े स्तर पर धांधली करने के एक बड़े घोटाले का पर्दाफाश हुआ है।

पुलिस के मुताबिक संगीता को सांचौर-जोधपुर की सीमा से गिरफ्तार किया गया है। यह दूसरे राज्य में भागने की फिराक में थी। वहीं, भंवरी को महाराष्ट्र के पुणे से अरेस्ट किया गया है। वह काफी दिनों से पुणे में फरारी काट रही थी।

इन दोनों ही महिलाओं पर 25—25 हजार रुपए का इनाम घोषित था। बता दें कि एसआई भर्ती परीक्षा 2021 पेपर लीक प्रकरण में तकरीबन 3 महीने पहले छम्मी विश्नोई की गिरफ्तारी हुई थी। छम्मी से हुई पूछताछ के आधार पर भंवरी और संगीता तक पुलिस पहुंची। पुलिस की गिरफ्त में आई दोनों म हिलाएं करीब 3 साल से फरार चल रही थी।

**जांच में हुआ चौंकाने वाला खुलासा**

जोधपुर रेंज आईजी विकास कुमार ने बताया कि पुलिस ने लंबे समय से इन दोनों आरोपियों की तलाश में ऑपरेशन चलाया हुआ था। जांच में सामने आया कि इन महिलाओं ने रीट परीक्षा में फर्जी उम्मीदवारों को बैठाकर धांधली करने की योजना बनाई थी। पुलिस के अनुसार, इस घोटाले में कई और लोग शामिल थे और इनके तार बालोतरा से जुड़े थे, जहां इस पूरे घोटाले की शुरुआत हुई थी।

इन महिलाओं ने फर्जी कैंडिडेट्स को परीक्षा में बैठाकर परिणामों में धांधली करने की कोशिश की थी। बालोतरा में यह मामला उजागर हुआ था, जिसके बाद पुलिस ने अनुसंधान किया और घोटाले में शामिल कई अन्य लोगों के नाम भी सामने आए। पुलिस का कहना है कि इस मामले में आगे भी जांच जारी रहेगी और जो भी इसमें शामिल होगा, उसे कानून के सामने लाया जाएगा।

**और भी आरोपियों की गिरफ्तारी संभव**

राजस्थान पुलिस आईजीपी विकास कुमार (आईपीएस)ने इस कामयाबी के बाद स्पष्ट संदेश दिया है कि जो भी युवा पीढ़ी के भविष्य के साथ खिलवाड़ करेगा, उसे बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस ने यह भी आश्वासन दिया कि वे ऐसे अपराधियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई करते रहेंगे और उन्हें पाताल से भी पकड़कर सामने लाएंगे। इस घोटाले में शामिल अन्य आरोपियों पर भी कड़ी नजर रखी जा रही है, और उन्हें भी जल्द गिरफ्तार किया जा सकता है।

# जयपुर-दिल्ली नेशनल हाइवे पर भीषण हादसा

## सत्संग में जा रहे 3 की मौत, 45 घायल, अधिकतर बुजुर्ग थे



जयपुर, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। जयपुर-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर बुधवार सुबह एक दुखद हादसा हुआ, जब एक बस ट्रॉले से टकरा गई। इस दुर्घटना में बस ड्राइवर सहित तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जिनमें दो महिलाएं शामिल हैं। हादसा कोटपूतली के कंवरपुरा स्टैंड के पास सुबह लगभग 5 बजे हुआ। जानकारी के अनुसार, स्लीपर बस अजमेर से दिल्ली जा रही थी। जिसमें यात्री सत्संग में शामिल होने के लिए यात्रा कर रहे थे। कोटपूतली थाना अधिकारी राजेश शर्मा के अनुसार, बस ने आगे चल रहे ट्रॉले से टकरा कर यह भयानक हादसा किया। घटना के बाद बस के सभी घायल यात्रियों को राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से गंभीर रूप से घायल 17 यात्रियों को जयपुर रेफर किया गया।

मृतकों की पहचान अलवर निवासी माया, ब्यावर निवासी सुनीता साहू और बस के ड्राइवर जयपुर निवासी विशाल शर्मा के रूप में हुई है। कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने बताया कि बस में सवार अधिकांश यात्री अजमेर के आसपास के थे। सत्संग के लिए तीन-चार बसें एक साथ रवाना हुई थीं, जिनमें से एक बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

हादसे के बाद ट्रॉले का ड्राइवर मौके से फरार हो गया, जिसके चलते पुलिस ने नाकाबंदी कर दी है। कलेक्टर और अन्य प्रशासनिक अधिकारी घटना स्थल और अस्पताल पहुंचे, जहां उन्होंने घायलों की स्थिति की जानकारी ली। घायलों में कई की उम्र 60 वर्ष से अधिक है। जो कि गंभीर रूप से जख्मी हैं। घटना ने सभी को गहरा सदमा दिया है और प्रशासन ने जल्द से जल्द ट्रॉले के चालक को पकड़ने के लिए प्रयास शुरू कर दिए हैं। इस दुर्घटना ने सड़क सुरक्षा की आवश्यकता को फिर से उजागर किया है। जिससे सभी को सावधानी बरतने की प्रेरणा मिलती है।

## रॉन्ग साइड से आया

# युवक को कुचला और रोडवेज बस लेकर फरार हो गया चालक

जयपुर, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। राजस्थान की राजधानी जयुपर में एक रोडवेज बस के चालक ने युवक को कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। यह दर्दनाक हादसा आगरा रोड स्थित प्रेमनगर चौराहे पर हुआ। हादसे के बाद चालक बस लेकर मौके से फरार हो गया। इस हादसे का सीसीटीवी वीडियो सामने आया है, जिसमें देखा जा सकता है कि चालक ने युवक को टक्कर मारने के बाद भी बस नहीं रोकी और सवारियों से भरी बस को लेकर फरार हो गया। इतनी ही चालक के रॉन्ग साइड बस चलाने के कारण यह हादसा हुआ। जानकारी के अनुसार घटना आगरा रोड स्थित प्रेमनगर चौराहे की है। 32 साल का अनिल कुमार सवाई मान सिंह अस्पताल में कर्मचारी थे, वह प्रेमनगर चौराहे के पास रोड क्रॉस कर रहे थे। उसी समय राजस्थान रोडवेज की तेज रफ्तार बस ने उन्हें चपेट में ले लिया। सीसीटीवी फुटेज में साफ देखा जा सकता है कि बस का चालक युवक को कुचलने के बाद तेज रफ्तार में बस को भगा ले जाता है। स्थानीय लोगों ने गंभीर रूप से घायल युवक को अस्पताल पहुंचाया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।घटना के बाद आरोपी चालक कुछ दूरी पर बस छोड़कर फरार हो गया। खोह नागौरियान थानाधिकारी सुरेश यादव ने बताया कि मृतक की पहचान पालड़ी मीणा निवासी अनिल कुमार के रूप में हुई है।

# एक को बचाने में दो की और गई जान

## फतेहपुर शेखावाटी में सीवेज साफ करते तीन मजदूरों की मौत

सीकर, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। सीकर जिले के फतेहपुर शेखावाटी के सरदारपुरा इलाके में एलएनटी कंपनी द्वारा एक मजदूर को बिना किसी प्रोटोकॉल और सुरक्षा के सीवरेज टैंक साफ करने के लिए नीचे उतारा गया। मजदूर सफाई का काम कर रहा था, तभी जहरीली गैस के प्रभाव से वह बेहोश हो गया। उसे बेहोश देखकर बाहर खड़े दो और मजदूर भी उसे बचाने के लिए टैंक में उतरे, लेकिन वे भी बेहोश होकर गिर गए।

घटना के बाद बाहर खड़े लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद तीनों बेहोश मजदूरों को बाहर निकाला और फतेहपुर शेखावाटी के धानुका अस्पताल लेकर गए, जहां चिकित्सकों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। इस हादसे में वाल्मीकि समाज के सज्जन, महेंद्र और मुकेश की मौत हो गई। एक साथ तीन मजदूरों की मौत की सूचना के बाद बड़ी संख्या में लोग अस्पताल पहुंचे, और पुलिस व प्रशासन के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे।

वाल्मीकि समाज के लोगों ने परिजनों के साथ दिया धरना

बिना किसी सुरक्षा उपकरण के मजदूरों को सीवरेज टैंक में उतारने का आरोप लगाते हुए, मृतकों के परिजनों के साथ बड़ी संख्या में वाल्मीकि समाज और स्थानीय लोग देर शाम को धानुका अस्पताल के बाहर धरने पर बैठ गए। धरने पर बैठे लोगों ने तीनों मृतकों के परिजनों को मुआवजा राशि देने और नौकरी दिए जाने की मांग की। घटना के बाद पुलिस और प्रशासन के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। साथ ही, फतेहपुर शेखावाटी के विधायक हाकम अली भी वहां मौजूद थे। इस हादसे के बाद स्थानीय लोगों में भी खासा आक्रोश है।

# शॉट-सर्किट से चलती मारुति वैन में लगी आग, जलकर खाक



राजसमंद, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। देवगढ़ के राष्ट्रीय राजमार्ग पर दिवेर थाना क्षेत्र के छापली घाटे में दिवेर से छापली जा रही एक मारुति वेन में शॉट-सर्किट के कारण अचानक आग लग गई, जिससे पूरा वाहन जलकर खाक हो गया। घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। आग पर देवगढ़ नगर पालिका के अग्निशमन वाहन ने एक घंटे की मशक्कत से काबू पाया।

दिवेर पुलिस के अनुसार खीमाखेड़ा छापली निवासी नारायण लाल पुत्र चतरलाल मारुति वेन लेकर दिवेर से छापली जा रहा था। इस दौरान अचानक वाहन में आग लग गई इस पर वह तत्काल वाहन से नीचे उतर गया। इधर, आग लगते ही हाइवे पर अफरा-तफरी मच गई और दोनों तरफ ट्रैफिक जाम हो गया। सूचना पर दिवेर थानाधिकारी भवानी शंकर, हेड कॉन्स्टेबल रघुवीर सिंह सौदा मय जाप्ता मौके पर पहुंचे और देवगढ़ फायर स्टेशन पर सूचना दी। सूचना पर फायर अधिकारी राकेश यादव के निर्देशन में अग्निशमन दल मौके पर पहुंचा और आग बुझाने के प्रयास शुरू किए और करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया तब तक हाईवे पर जाम की स्थिति बन गई। आग पर काबू पाए जाने तक वाहन पूरी तरह जल चुका था। इसके बाद पुलिस ने यातायात सुचारू करवाया और मारुति को बीच सड़क से एकतरफ करवाया।

# रामगढ़ उपचुनाव का लेकर प्रशासन अलर्ट

## हरियाणा बॉर्डर पर लगाए जाएंगे चेकपोस्ट

अलवर, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। अलवर में रामगढ़ उपचुनाव को लेकर पुलिस पूरी तरह से तैयार है। हरियाणा बॉर्डर पर चेकपोस्ट लगाए जाएंगे, ताकि कोई अवांछित तत्व आकर चुनाव को प्रभावित न कर सके। अलवर मिनी सचिवालय में पुलिस महानिरीक्षक ने चुनाव की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए जिला स्तरीय पुलिस अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की, जिसमें कई दिशा-निर्देश दिए गए।

मीडिया से बातचीत में बताया गया कि रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव को लेकर सभी विभाग अपने स्तर पर पूरी तैयारी में लगे हुए हैं। जिला पुलिस प्रशासन की ओर से भी चाक-चौबंद इंतजाम किए गए हैं। बैठक में चुनाव को लेकर चर्चा की गई, जिसमें चुनाव को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष कराने के लिए सभी को निर्देशित किया गया। इसमें विशेष ध्यान रखा जाएगा कि कोई भी ताकत चुनाव पर प्रभाव न डाल सके, चाहे वह बाहुबल हो या पैसों की ताकत। सभी जगह पुलिस द्वारा कड़ी निगरानी रखी जाएगी। रामगढ़ क्षेत्र हरियाणा और मेवात से सटा हुआ है, इसलिए खास ध्यान दिया जाएगा।

हरियाणा और अन्य संबंधित क्षेत्रों के पुलिस अधिकारियों से भी इस मामले में बातचीत की जा रही है। भविष्य में उनकी आवश्यकता होने पर सहयोग लिया जाएगा। हर एक क्रॉसिंग और रामगढ़ को जोड़ने वाले पॉइंट्स पर स्थायी और अस्थायी चेकपोस्ट लगाए गए हैं। मुख्य रूप से एएसटी, एफएसटी और पुलिस सहायक टीमें पूरे क्षेत्र पर निगरानी रख रही हैं और लगातार गश्त कर रही हैं।

# दीपावली पर बदलेगा माउंट आबू का नजारा

## पर्यटकों को फील गुड करवाने की कवायद में जुटा प्रशासन

सिरोही, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। दीपावली पर्व पर माउंटआबू आने वाले पर्यटकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और उन्हें ‘‘फील गुड’’ का अनुभव हो, इस उद्देश्य से प्रशासन तैयारियों में जुट गया है। इसी संदर्भ में एसडीएम गौरव रविंद्र सालुखे की अध्यक्षता में विभिन्न अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। इसमें दीपावली सीजन के दौरान व्यवस्थाओं और की जा रही तैयारियों पर चर्चा की गई।

बैठक में एसडीएम गौरव रविंद्र सालुखे ने बताया कि दीपावली से लाभपंचमी तक चलने वाले सीजन में माउंटआबू में 25 से 30 हजार पर्यटक आते हैं। सीमित व्यवस्थाओं के कारण माउंटआबू में पार्किंग और भारी यातायात जाम की समस्याएं सामने आती हैं। इस बार पार्किंग की अतिरिक्त व्यवस्थाएं की जा रही हैं। यातायात जाम की समस्या को देखते हुए भारी वाहनों के शहर में प्रवेश पर रोक लगाई जाएगी। मुख्य मार्गों पर वन-वे ट्रैफिक व्यवस्था लागू की जाएगी। शहर में सफाई, बिजली और पानी की व्यवस्थाओं को लेकर संबंधित अधिकारियों से जानकारी लेकर आवश्यक प्रबंध किए जा रहे हैं। बैठक में माउंटआबू नगरपालिका आयुक्त शिवपालसिंह राजपुरोहित और थाना अधिकारी सुरेश चौधरी समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

दीपावली सीजन के दौरान माउंटआबू के प्रवेश द्वार, यात्री कर नाका, चाचा म्यूजियम चौराहा, नक्की लेक, अंबेडकर सर्किल और पोलोग्राउंड सहित सभी पर्यटक स्थलों और सड़कों को आकर्षक सजावट से सजाया जाएगा। इसको लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

# धान खरीद पर कैबिनेट उप-समिति अपनी रिपोर्ट के साथ तैयार : उत्तम

## मुख्यमंत्री को आज रिपोर्ट सौंपने की संभावना




हैदराबाद, 23 अक्टूबर(स्वतंत्र वार्ता)। धान खरीद पर कैबिनेट उप-समिति गुरुवार को मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी को अपनी रिपोर्ट सौंपने वाली है। रिपोर्ट, जिसमें 2024-25 के खरीफ सीजन के लिए धान खरीद से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर सिफारिशें शामिल हैं, पर 26 अक्टूबर को होने वाली कैबिनेट बैठक में चर्चा की जाएगी।

यह घोषणा नागरिक आपूर्ति और सिंचाई मंत्री एन उत्तम कुमार रेड्डी ने बुधवार को नागरिक आपूर्ति भवन में संयुक्त निजामाबाद जिले के जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की अध्यक्षता करने के बाद की। बैठक में उद्योग मंत्री और कैबिनेट उप-समिति के सदस्य डी श्रीधर बाबू, सरकारी सचेतक लक्ष्मण कुमार, सरकार के सलाहकार पोचाराम श्रीनिवास रेड्डी और मोहम्मद अली शब्बीर, एमएलसी और टीपीसीसी अध्यक्ष बी महेश कुमार गौड़, विधायक बी सुदर्शन रेड्डी और लक्ष्मीकांत राव, एमएलसी बालमूरी वेंकट, प्रमुख सचिव और नागरिक आपूर्ति आयुक्त डीएस चौहान, नागरिक आपूर्ति निदेशक प्रसाद और अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। सभा को संबोधित करते हुए उत्तम कुमार रेड्डी ने कहा कि उपमुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क की अध्यक्षता वाली कैबिनेट उप-समिति को धान खरीद से जुड़े कई मुद्दों पर अध्ययन कर सिफारिशें करने का काम सौंपा गया है, जिसमें मिल मालिकों से बैंक गारंटी या सुरक्षा जमा, मिलिंग शुल्क, एमडीएम, छात्रावास और आईसीडीएस जैसी योजनाओं के तहत वितरण के लिए सन्नाबियाम (10% टूटा हुआ चावल) को अपग्रेड करने की लागत, सन्नाराकम धान खरीद में कृषि विभाग की भूमिका, एसडब्ल्यूसी/एएमसी के मध्यस्थ गोदामों में 10 एलएमटी धान का भंडारण और धान भंडारण के दौरान होने वाला सूखा नुकसान शामिल हैं।

समिति ने हितधारकों के साथ कई बैठकें की हैं और अपनी सिफारिशों को अंतिम रूप दे रही है। बैठक के दौरान बैंक गारंटी, मिलिंग शुल्क और निजामाबाद जिले में भंडारण क्षमता सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई।


उत्तम कुमार रेड्डी के अनुसार, विभिन्न जिलों से प्राप्त कार्ययोजना से पता चलता है कि 60.73 लाख एकड़ भूमि पर धान की खेती की गई है, जिसमें 146.70 लाख मीट्रिक टन धान का उत्पादन होने का अनुमान है। अपेक्षित खरीद मात्रा 80 लाख मीट्रिक टन है, जिसमें 30 लाख मीट्रिक टन मोटे धान और 50 लाख मीट्रिक टन 'सन्नारकम' धान शामिल हैं।इस सीजन में, 'सन्नारकम' धान के लिए 500 रुपये प्रति क्विंटल का अतिरिक्त लाभ प्रदान करने वाली राज्य सरकार की प्रमुख पहल को लागू किया जाएगा।

'डोड्डुराकम' किस्म से 'सन्नारकम' धान के स्टॉक की पहचान, खरीद और अलग रखरखाव के लिए जिलों को प्रारंभिक निर्देश पहले ही जारी किए जा चुके हैं। अतिरिक्त 500 रुपये वित्त विभाग के ई-कुबेर प्लेटफॉर्म के माध्यम से पीपीसी में 'सन्नारकम' धान बेचने वाले किसानों के खातों में सीधे जमा किए जाएंगे।

## बिजली लाइन इंस्पेक्टर रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

कोत्तागुडेम, 23 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। एसीबी के अधिकारियों ने बुधवार को जिले के पलोंचा कस्बे में एक व्यक्ति से रिश्वत लेते हुए बिजली विभाग के लाइन इंस्पेक्टर को रंगे हाथों पकड़ लिया। एसीबी डीएसपी वाई रमेश के अनुसार आरोपी जिनुगु नागराजू ने शिकायतकर्ता गुगुलोथ नागराजू से 65,000 रुपये की रिश्वत मांगी थी। उसने शिकायतकर्ता के खिलाफ मामला दर्ज न करने के लिए पैसे मांगे थे, जिस पर आरोप था कि उसने पलोंचा मंडल के करकावागु में अपने घर के निर्माण के लिए अपने चाचा के घर से अवैध रूप से बिजली खींची थी। सौदेबाजी के बाद लाइन इंस्पेक्टर ने शिकायतकर्ता के खिलाफ मामला दर्ज न करने के लिए 26,000 रुपये की रिश्वत स्वीकार कर ली। रिश्वत लेने से पहले लाइन इंस्पेक्टर ने एसीबी द्वारा संभावित गिरफ्तारी से बचने के लिए दो जगहें बदलीं, लेकिन आखिरकार शहर के एक बाजार में पकड़ा गया। रमेश ने बताया कि रिश्वत की राशि जब्त कर ली गई है, लाइन इंस्पेक्टर को गिरफ्तार कर लिया गया है और उसे एसीबी मामलों के लिए अदालत में पेश किया जाएगा।

# तेलंगाना के विकास के लिए सरकार अथक प्रयास कर रही है : जुपल्ली



हैदराबाद, 23 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। पर्यटन मंत्री जुपल्ली कृष्णाराव ने कहा कि सरकार राज्य के कल्याण और विकास के लिए अथक प्रयास कर रही है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि तेलंगाना में हाशिए पर पड़े समुदायों, खासकर महिलाओं, युवाओं और दलित-बहुजन समूहों के उत्थान के उद्देश्य से क्रांतिकारी योजनाएं लागू की जा रही हैं। मंत्री ने ये टिप्पणियां तेलंगाना भाषा और सांस्कृतिक विभाग और तेलंगाना सांस्कृतिक संघ द्वारा संकलित 80 गीतों के संग्रह "प्रगति पथमलो प्रजा पालना" नामक पुस्तक के विमोचन के दौरान कीं। कार्यक्रम के दौरान मंत्री जुपल्ली कृष्णाराव ने कहा कि तेलंगाना सांस्कृतिक संघ के कलाकारों द्वारा रचित ये गीत सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। उन्होंने गृह लक्ष्मी, गृह ज्योति, मुफ्त बस सेवा, रैतु भरोसा, किसानों के लिए ऋण माफी और प्रतियोगी परीक्षाओं के कुशल संचालन के माध्यम से युवाओं के लिए रोजगार के अवसर जैसी योजनाओं का विशेष रूप से उल्लेख किया।

जुपल्ली ने जोर देकर कहा कि ये पहल समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित करने और समग्र विकास सुनिश्चित करने के लिए बनाई गई हैं। मंत्री ने तेलंगाना की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और पर्यटन में इसके महत्व का भी उल्लेख किया, स्थानीय भाषा में लोक-प्रेरित गीतों के माध्यम से अच्छी जीवनशैली प्रथाओं के बारे में जागरूकता की आवश्यकता पर बल दिया।

उन्होंने तेलंगाना भर के कवियों, कलाकारों, साहित्यकारों और लेखकों से जागरूकता फैलाकर सरकार की कल्याणकारी गतिविधियों का समर्थन करने का आग्रह किया। इस कार्यक्रम में भाषा और सांस्कृतिक विभाग के निदेशक ममीदी हरिकृष्णा और तेलंगाना सांस्कृतिक संघ के कलाकार जैसे यशपाल, जलजा, देवता सुधाकर और विजय कुमार सहित कई उल्लेखनीय हस्तियों ने भाग लिया।



मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने वायनाड में प्रियंका गांधी के नामांकन कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

## कांग्रेस विधायकों ने केटीआर पर मूसी पुनरुद्धार पर झूठ फैलाने का आरोप लगाया

हैदराबाद, 23 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। कांग्रेस विधायकों ने बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामा राव की कड़ी आलोचना की है और उन पर मुसी पुनरुद्धार परियोजना के बारे में गलत सूचना फैलाने का आरोप लगाया है। बुधवार को यहां कांग्रेस विधायक दल (सीएलपी) के मीडिया कॉन्फ्रेंस हॉल में मीडिया से बात करते हुए कांग्रेस विधायक कुंभम अनिल कुमार रेड्डी और वेमुला वीरेशम ने सवाल उठाया कि 2014 से पहले हैदराबाद में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) होने के बावजूद बीआरएस सरकार के दशक भर के कार्यकाल के दौरान मुसी सफाई पर कोई प्रगति क्यों नहीं हुई। इस अवसर पर, कांग्रेस विधायक कुंभम अनिल कुमार रेड्डी ने अविभाजित नलगोंडा जिले में आंदोलन की योजना की घोषणा की और 26 अक्टूबर को मूसी नदी के किनारे भोनगिरी निर्वाचन क्षेत्र के पिल्लयापल्ली गांव में आयोजित होने वाले एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का विवरण साझा किया। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से इस मुद्दे के लिए एकजुट होने का आग्रह किया, बीआरएस पर जिम्मेदारी से काम नहीं करने और भाजपा पर इस मुद्दे का राजनीतिकरण करने का आरोप लगाया। एक अन्य कांग्रेस विधायक वेमुला वीरेशम ने लोगों की आशावादिता पर प्रकाश डाला, जो मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी को बेहतर दिनों की आशा की किरण के रूप में देखते हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री मूसी नदी की सफाई पर काम कर रहे हैं, जबकि बीआरएस इस मुद्दे का समर्थन करने के बजाय अराजकता पैदा कर रहा है। वीरेशम ने केटीआर को मूसी नदी का एक गिलास पानी पीने और बिना मास्क के इसके किनारे चलने की चुनौती भी दी। कांग्रेस विधायक ने पूर्व मंत्री जगदीश रेड्डी से मूसी पुनरुद्धार परियोजना पर अपना रुख स्पष्ट करने का आग्रह किया।

## घटना के जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी : श्रीधर बाबू



हैदराबाद, 23 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। जगित्याल में कांग्रेस नेता गंगा रेड्डी की हत्या पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए, आईटी और उद्योग मंत्री दुदिल्ला श्रीधर बाबू ने स्पष्ट किया है कि मामले की गहन जांच की जाएगी और इसमें शामिल किसी भी व्यक्ति को, चाहे वह प्रत्यक्ष हो या अप्रत्यक्ष, बख्शा नहीं जाएगा। बुधवार को यहां गांधी भवन में मीडिया से बात करते हुए, श्रीधर बाबू ने उल्लेख किया कि उन्होंने त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए पहले ही जिला एसपी से बात की थी। "इसके अलावा, तेलंगाना पीसीसी प्रमुख स्थिति के बारे में वरिष्ठ कांग्रेस नेता जीवन रेड्डी के संपर्क में हैं। मैं उनसे भी बात करने की योजना बना रहा हूं।

पार्टी के भीतर जीवन रेड्डी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए मंत्री ने कहा, "जीवन रेड्डी हमारे सबसे वरिष्ठ नेताओं में से एक हैं और हम उनके योगदान को बहुत महत्व देते हैं।

हम उनके अनुभव और नेतृत्व से लाभान्वित होते रहेंगे।" उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि पार्टी मृतक के शोक संतप्त परिवार के साथ मजबूती से खड़ी है। श्रीधर बाबू ने राजनीति में हिंसा के इस्तेमाल की निंदा करते हुए कहा, "लोकतंत्र में हत्या की राजनीति के लिए कोई जगह नहीं है।

# 9वें आयुर्वेद दिवस समारोह के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित



हैदराबाद, 23 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता) केंद्रीय आयुर्वेदिक विज्ञान अनुसंधान परिषद, आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के अधीनस्थ हैदराबाद स्थित राष्ट्रीय भारतीय चिकित्सा संपदा संस्थान ने 9वें आयुर्वेद दिवस समारोह के तहत युवा अकादमी, दिलसुखनगर, हैदराबाद के छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों के लिए एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इसका उद्देश्य उन्हें इस वर्ष की थीम, "वैश्विक स्वास्थ्य के लिए आयुर्वेद नवाचार" के बारे में सूचित करना और 29 अक्टूबर 2024 को मुख्य समारोह में सार्वजनिक भागीदारी को प्रोत्साहित करना था । कार्यक्रम संस्थान के प्रभारी सहायक निदेशक डॉ. जी.पी. प्रसाद के विशेष मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में एनआईआईएमएच, आयुष मंत्रालय और केंद्रीय आयुर्वेदिक विज्ञान अनुसंधान परिषद की उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी गई। डॉ. सिंधु, वरिष्ठ अनुसंधान कर्ता (आयुर्वेद) ने तनाव प्रबंधन और माइंडफुलनेस, ध्यान और योग के माध्यम से कार्यस्थल पर सामंजस्य बनाए रखने पर व्याख्यान दिया। डॉ. के. भार्गवी, वरिष्ठ अनुसंधान कर्ता (आयुर्वेद) ने महिलाओं के स्वास्थ्य में आयुर्वेद के महत्व पर चर्चा की। कार्यक्रम के दौरान, श्री के. श्रीनिवास राव, एलआईएजी ने सूचनात्मक और शैक्षिक सामग्री का वितरण किया। छात्रों द्वारा उठाए गए प्रश्नों का समाधान किया गया। श्रीमती शारदा, श्रीमती शिरीषा और युवा अकादमी, दिलसुखनगर, हैदराबाद के कर्मचारियों द्वारा विशेष सहयोग प्रदान किया गया। इस जागरूकता अभियान से कुल 50 छात्र और 7 शिक्षक लाभान्वित हुए।

# शेरकोट्टी पेंट वॉल प्राइमर एमल्शन मार्केट में उतारा




हैदराबाद, 23 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता) हिंदुस्तान में अपनी पहचान बनाने वाली चारमीनार ग्रुप आफ इंडस्ट्रीज हैदराबाद ने हाल ही में शेरकोट्टी पेंट वॉल प्राइमर एमल्शन मार्केट में उतारा है जो कि हिंदुस्तान के मार्केट में जबरदस्त छाया हुआ है। देश के बड़े व्यापारियों का कहना है कि यह कंपनी क्वालिटी और क्वांटिटी में कोई कंप्रोमाइज नहीं करती। इससे पहले स्प्रे पेंट मार्केट में धूम मचा चुकी चारमीनार कंपनी का रोलर ब्रश हार्डवेयर का बहुत बड़ा कारोबार है।

आपको बता दे कि चारमीनार रोलर ब्रश की सबसे बड़ी देशी कंपनी है। हिंदुस्तान में टॉप क्वालिटी का रोलर और ब्रश सबसे कम रेट पर मिलता है। चारमीनार ग्रुप ऑफ़ इंडस्ट्रीज का सिर्फ रोलर ब्रश में ही कारोबर नहीं है चारमीनार एग्री फूड्स फ्रोजन पीज्जा, मटर फ्रेंच फ्राइज़ स्वीट कॉर्न, चारमीनार पोल्ट्री अंडे और मछली चारमीनार फिलामेंट हिंदुस्तान की सबसे बड़ी ब्रश फिलामेंट की मैन्युफैक्चरिंग कंपनी है। 70% ब्रश कंपनियों को फिलामेंट चारमीनार कंपनी से पूरे देश में जाता है। आज के समय में चारमीनार ग्रुप ऑफ की कंपनियों का हिंदुस्तान में कोई मुकाबला नहीं है । कंपनी दिन प्रतिदिन तरक्की कर रही है।

# कुख्यात अपराधी मोहम्मद अयूब खान उर्फ पहलवान पहुंचा सलाखों के पीछे

## हत्या के 14 मामलों समेत 72 वारदातों का आरोप



हैदराबाद, 23 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। कमिश्नर टास्क फोर्स, साउथ जोन टीम के अधिकारियों ने कमाटीपुरा पुलिस के साथ मिलकर शाह अलीबंडा थाने के एक कुख्यात बदमाश मोहम्मद अयूब खान उर्फ अयूब पहलवान उर्फ पठान को गिरफ्तार किया है। वह कई आपराधिक मामलों में शामिल था और लंबे समय से फरार था। कुम्मारवाड़ी, फतेह दरवाजा, हैदराबाद का निवासी आरोपी मोहम्मद अयूब खान उर्फ अयूब उर्फ पठान शाह अलीबंडा पुलिस स्टेशन का कुख्यात बदमाश है। वह विभिन्न पुलिस स्टेशनों में (72) आपराधिक मामलों में शामिल है। जिनमें से (14) हत्या के मामले, (14) हत्या के प्रयास के मामले, डकैती, जबरन वसूली, शस्त्र अधिनियम और भूमि हड़पने के मामले आदि हैदराबाद, साइबराबाद और राचकोंडा पुलिस आयुक्तालय की सीमाओं के अंतर्गत शामिल हैं। इसके अलावा, वह लंबे समय से ट्रायल मामलों में अदालत में उपस्थित नहीं हो रहा है। इसलिए, सीएमएम कोर्ट, नामपल्ली ने सीआरपीसी में एनबीडब्ल्यू जारी किया था। उसकी गिरफ्तारी के लिए कमाटीपुरा पुलिस स्टेशन के मुकदमा 179/2023, धारा 384,506 के तहत, आईपीसी की 34 के तहत, सीसी संख्या 5487/2024 के तहत मामला दर्ज किया गया है और उसके खिलाफ (04) मामले विचाराधीन हैं।

विश्वसनीय सूचना पर, कमिश्नर की टास्क फोर्स साउथ जोन टीम ने कमाठीपुरा पुलिस के साथ मिलकर आरोपी मोहम्मद अयूब खान उर्फ अयूब पहलवान उर्फ पठान को पकड़ लिया और आगे की कार्रवाई के लिए कमाटीपुरा थाने के एसएचओ को सौंप दिया। इसके बाद, कमाटीपुरा पुलिस ने उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

# भाजपा लोकसभा सांसद का सम्मान समारोह आयोजित



क्षेत्र में हवाई अड्डा व प्रवासियों के साथ न्याय के लिए अपील करते हुए प्रवासी बन्धुओं से अह्वाहन किया कि संघठन में रहेंगे तो सुरक्षित रहेंगे। अवसर पर बत्तौर मुख्यअतिथि बोलते हुए सांसद नें कार्यक्रम में पधारे छत्तीस कोम प्रवासी बन्धुओं द्वारा दिये गये सम्मान के लिए तहदिल से आभार प्रकट करते हुए भरोसा दिलाया कि प्रवासी बन्धुओं की जायज मांगों को पूरा कराने का वे हर सम्भव प्रयास करेंगे। देश में मोदी के नेतृत्व में किये जा रहे विकासशील कार्यो से अवगत कराते हुए बताया कि भाजपा सरकार ही देश में चहुमुखी विकास कर सकती है। भोजन की व्यवस्था कार्यक्रम स्थल पर की गयी। कार्यक्रम के सफल आयोजन में जालोर-सिरोही छत्तीस कोम प्रवासी समाज बन्धुओं का विशेष सहयोग रहा। मंच का संचालन हनुमान सेन ने किया। रामसिंह चौहान के धन्यवाद ज्ञापन से कार्यक्रम का समापन्न हुआ।

हैदराबाद, 23 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। कुतबुलापुर सुचित्रा रोड़ स्थित टी.एन.आर. गार्डन में जालोर सिरोही प्रवासी संघ हैदराबाद-सिकंदराबाद तेलंगाना छत्तीस कोम प्रवासी समाज बन्धुओं के सानिध्य में मंगलवार 22 अक्टुबर रात्रि 8.15 बजे से सांसद लुम्बाराम चौधरी व अतिथियों का सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जारी प्रेस विज्ञप्ति में प्रवासी संघ के रामसिंह चौहान ने बताया कि जालोर-सिरोही सांसद बनने के पश्चात् पहली बार नगर पधारे लुम्बाराम चौधरी व अतिथियों का सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयोजकों द्वारा सांसद लुम्बाराम चौधरी, गोदावरी होम्स अध्यक्ष सुमेरसिंह, भाजपा प्रवासी प्रकोष्ट जालोर अध्यक्ष रामसिंह चौहान, भाजपा नेता भबूतसिंह राजपुरोहित, प्रवासी सेल राज्य संयोजक सुभाष अग्रवाल, समाज सेवी प्रवीण भंडारी, मुकेश चौहान को मंच पर आमंत्रितकर राजस्थानी साफे व शॉल से विशेष सम्मान किया गया। सम्मानित अतिथि बोलते हुए रामसिंह चौहान ने

सांसद लुम्बाराम चौधरी को प्रवासी बन्धुओं की समस्यों से अवगत कराते हुए हैदराबाद से बीकानेर प्रतिदिन रैल सेवा, सांसद



बंजारा हिल्स के के.बी.आर. पार्क स्थित इच्छा पूर्ति गणेश मंदिर में भगवान की पूजा करते हुए राजेंद्र कुमार अग्रवाल, विमला अग्रवाल, मोहन मित्तल, गोपाल बल्देवा, राहुल सिंहल, राजेंद्र प्रसाद, शंकरलाल अग्रवाल, सी.ए. सुरेश कुमार अग्रवाल, विठ्ठल दास अग्रवाल, पी.सी. जैन, विजय तुंबी, अशोक लाखोटिया, प्रमोद सरायवाला, अशोक सरायवाला, मगन सरायवाला, विजय कुमार अग्रवाल, विनोद टिकमानी, राजेंद्र इनानी, डॉ. राधा कृष्ण आदि।

## भाजपा के सुभाष ने केटीआर द्वारा बंडी संजय को दिए गए कानूनी नोटिस का उपहास उड़ाया

हैदराबाद, 23 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। भाजपा के आधिकारिक प्रवक्ता और तेलंगाना के मीडिया प्रभारी एन. वी. सुभाष ने बुधवार को कहा कि बेरोजगार केटीआर मनगढ़ंत झूठ और कहानियों में लिप्त हैं। विधानसभा और संसद चुनावों में करारी हार मिलने के बाद, के टी रामाराव ने एक बार फिर गृह राज्य मंत्री बंडी संजय पर अपने तुच्छ और फिल्मी आरोपों के साथ झूठ और मनगढ़ंत कहानियों का पुलिंदा खोल दिया और तथाकथित कानूनी नोटिस में जबरदस्ती का शिकार कार्ड खेला। लगाए गए आरोपों का तथाकथित दावा सत्य नहीं है। महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि वे पहले से ही हैदराबाद में बीआरएस शासन के दौरान फोन टैपिंग मामले, ड्रग्स मामले, भूमि अधिग्रहण मामले के संबंध में सार्वजनिक डोमेन में हैं और विधायक भी नाव से कूदने के लिए तैयार हैं, महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में कोई प्रगति नहीं हुई - जिससे उनकी परेशानी और बढ़ गई है।

# नशीली दवाओं के दुरुपयोग विरोधी कार्यक्रम आयोजित

## 26 अक्टूबर तक चलाया जाएगा अभियान

## 4511 प्रहरी क्लबों का अब तक किया जा चुका है गठन

हैदराबाद, 23 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना मादक पदार्थ निरोधक ब्यूरो (टीजीएएनबी) ने बुधवार को तीन दिवसीय मादक पदार्थ दुरुपयोग निरोधक अभियान की शुरुआत की। नशा विरोधी अभियान 26 अक्टूबर तक चलाया जाएगा, जिसका मुख्य उद्देश्य तेलंगाना से नशीली दवाओं के दुरुपयोग को समाप्त करना, युवाओं के पुनर्वास और इसे नशा मुक्त राज्य बनाना है।

इस पहल के एक भाग के रूप में, सभी उच्च विद्यालयों में प्रहरी क्लबों और सभी शैक्षणिक संस्थानों में नशा विरोधी समितियों (एडीसी) का गठन किया जा रहा है, ताकि बच्चों को नशीली दवाओं के दुरुपयोग से दूर रखा जा सके और समयबद्ध तरीके से समन्वित कार्रवाई के माध्यम से स्कूलों, शिक्षा और बाल देखभाल संस्थानों के आसपास के क्षेत्रों में नशीली दवाओं की बिक्री को रोका जा सके।

अब तक विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में 4511 प्रहरी क्लबों का गठन किया जा चुका है। नशीली दवाओं की समस्या से व्यापक रूप से निपटने के लिए पुलिस और अन्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों के प्रयास पर्याप्त नहीं हैं, बल्कि छात्रों और शैक्षणिक संस्थानों सहित अन्य हितधारकों का सहयोग भी आवश्यक है। टीजीएएनबी के अनुसार, एनडीपीएस अधिनियम के तहत सजा की दर बहुत कम है, जबकि तेलंगाना निषेध और आबकारी विभाग द्वारा पता लगाए गए 4 प्रतिशत मामलों में सजा हो पाती है, जबकि पुलिस द्वारा पता लगाए गए केवल 11 प्रतिशत मामलों में ही सजा हो पाती है। सजा की दर बढ़ाने के लिए जांच अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

मरीचेन्ना रेड्डी एचआरडी संस्थान में छात्रों को संबोधित करते हुए टीजीएएनबी के निदेशक संदीप शांडिल्य ने कहा कि इस जागरूकता अभियान का प्राथमिक उद्देश्य छात्रों, युवाओं, शिक्षकों, ग्रामीणों, तेलंगाना के नागरिकों को नशीली दवाओं के दुष्प्रभावों के बारे में पूरी तरह से जागरूक बनाना है। उन्हें नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ लड़ाई में नशीली दवाओं के विरोधी सैनिक (जो कभी हार नहीं मानते) के रूप में भर्ती होने के लिए भी प्रेरित किया जाता है।

स्वतंत्र वार्ता
Email :
svaarttha2006@gmail.com
svaarttha@rediffmail.com
svaarttha2006@yahoo.com
Epaper :
epaper.swatantravaartha.com
For Advertisement :
swadds1@gmail.com

## ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए सामने आया टीम इंडिया का बड़ा अपडेट

# युवा बल्लेबाजों को मिल सकता है मौका



नई दिल्ली, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम इस वक्त न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज खेल रही है। इसके बाद टीम इंडिया बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के लिए ऑस्ट्रेलिया दौरे पर रवाना होगी। दोनों टीमों के बीच आगामी 22 नवंबर से 5 मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जाएगी। सीरीज का पहला मुकाबला पर्थ क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। इसी बीच टीम इंडिया की नई अपडेट सामने आई हैं। इसमें टीम के ऑस्ट्रेलिया दौरे पर निकलने से लेकर किन खिलाड़ियों को मौका मिल सकता है इसकी जानकारी दी गई है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, टीम इंडिया आगामी बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में हिस्सा लेने के लिए 10 नवंबर को ऑस्ट्रेलिया रवाना हो सकती है। ऐसा इसलिए भी क्योंकि इस सीरीज के पहले सिनियर टीम और भारत की जूनियर टीम के बीच इंट्रा स्क्वाड मैच का आयोजन होना है। इसी बीच एक बड़ा सवाल यह भी है कि ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भारत की स्क्वाड में किन खिलाड़ियों को मौका दिया जाएगा। रिपोर्ट्स की माने तो न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के बाद टीम के चयनकर्ता आगामी बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के लिए मीटिंग करने वाले हैं।

बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में नितीश को मिल सकता है टीम में मौका अब अगर बात करें कि भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच आगामी टेस्ट सीरीज में किन खिलाड़ियों को मौका मिल सकता है तो इसमें सबसे ऊपर नाम आता है नितीश कुमार रेड्डी का। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, टीम इंडिया ऑस्ट्रेलिया दौरे पर खूब सारे गेंदबाजों के साथ भेजने की तैयारी कर रही है। ऐसे में नितीश के अच्छा विक्लप साबित हो सकते हैं क्योंकि बल्लेबाज होने के साथ-साथ वह एक अच्छे गेंदबाज भी हैं। उन्होंने फर्स्ट क्लास क्रिकेट के 21 मैचों में 55 विकेट अपने नाम किए हैं। याद दिला दें, हाल ही में बांग्लादेश के खिलाफ उन्होंने अपना इंटरनेशनल डेब्यू किया था जिसमें उन्होंने मेहमान टीम के खिलाफ 74 रनों की शानदार अर्धशतकीय पारी खेल सबको हैरत में डाल दिया था।

शार्दुल भी हो सकते हैं टीम इंडिया में शामिल नितीश के अलावा टीम इंडिया के स्क्वाड में शार्दुल ठाकुर की भी एंट्री की चर्चा हो रही है। जानकारी के लिए बता दें, शार्दुल ने टीम के लिए 2022 में गाबा में हुए मैच में कुल 7 विकेट लिए और 67 रन की पारी खेली थी। इसी के साथ उन्होंने भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। इसके अलावा शार्दुल ने रणजी में भी काफी शानदार खेल का प्रदर्शन किया था।

# टूर्नामेंट में इंडिया-ए ने दर्ज की लगातार दूसरी जीत

## अभिषेक और रसिख ने उखाड़े यूएई के परखच्चे



ओमान, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। टी-20 इमर्जिंग एशिया कप 2024 में टीम इंडिया ने लगातार दूसरी जीत दर्ज कर ली है। अल अमीरात क्रिकेट ग्राउंड, ओमान में टूर्नामेंट के आठवें मुकाबले मे इंडिया-और संयुक्त अरब अमीरात आमने सामने थी। मुकाबले में तिलक वर्मा की कप्तानी वाली टीम इंडिया ने यूएई को 7 विकेट से मात दी। मुकाबले में यूएई ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया था। इस दौरान उन्होंने 16.5 ओवरों में अपने सभी विकेट खोकर भारत के सामने 108 रनों का टारगेट दिया था। लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीम इंडिया ने महज 10.5 ओवरों में 3 विकेट खोकर मुकाबले में जीत हासिल कर ली।

टूर्नामेंट के आठवें मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी यूएई की शुरुआत काफी खराब रही थी। यूएई की ओर से पारी की शुरुआत विकेटकीपर बल्लेबाज आर्यांश शर्मा (1) और सलामी बल्लेबाज मयंक राजेश कुमार (10) ने की थी। दोनों सलामी बल्लेबाज महज 11 रनों पर पवेलियन रवाना हो गए थे। इसके बाद टीम ने अपना तीसरा और चौथा विकेट 35 रनों पर निलंश केसवानी (5) और विष्णु सुकुमारन (0) का खोया था। इस दौरान बल्लेबाज राहुल चोपड़ा ने टीम के लिए सबसे ज्यादा 50 रन बनाए। राहुल की इस अर्धशतकीय पारी के बदौलत टीम ने 107 रनों का स्कोर खड़ा किया।

इसके बाद लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम की ओर से विकेटकीपर बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह और सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने पारी की आगाज की थी। इस दौरान प्रभसिमरन सिंह केवल 8 रन बनाकर आउट हो गए थे। इसके बाद कप्तान तिलक वर्मा (21) मैदान में उतरे और अभिषेक शर्मा (58) के साथ मोर्चा संभाला। दोनों बल्लेबाजों ने मिलकर दूसरे विकेट के लिए 72 रनों की शानदार पार्टनशिप की और टीम की जीत सुनिश्चित की।

दोनों टीमों के बीच खेले गए मुकाबले में भारतीय गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया। टीम इंडिया के गेंदबाजों के सामने यूएई के बल्लेबाजों को रन बनाने में काफी जूझना पड़ा था। इस दौरान भारतीय गेंदबाज रशिक सलाम ने 3 विकेट चटकाए थे। इस शानदार गेंदबाजी के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच के अवॉर्ड से भी नवाजा गया था। वहीं, अंशुल कामभोज, वैभव अरोड़ा, अभिषेक शर्मा और नेहाल वड़ेरा ने क्रमशः 1-1 विकेट लिए थे। इसके अलावा रमनदीप सिंह ने 2 विकेट चटकाए थे।

# पुणे टेस्ट से पहले संजय मांजरेकर ने पेश की सलाह

## कहा- दूसरे टेस्ट में राहुल को आराम देना चाहिए



नई दिल्ली, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारत और न्यूजीलैंड के बीच इन दिनों तीन मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जा रही है। सीरीज का पहला मुकाबला बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला गया था। इस मुकाबले में कीवी टीम ने भारत को 8 विकेट से मात दी थी। इसी के साथ न्यूजीलैंड ने सीरीज में 1-0 से बढ़त हासिल कर ली है। अब दोनों टीमों के बीच सीरीज का अगला मुकाबला 24 अक्टूबर से पुणे में खेला जाएगा। इस मुकाबले से पहले पूर्व भारतीय खिलाड़ी और कमेंटेटर संजय मांजरेकर ने टीम के प्लेइंग इलेवन को लेकर अपनी सलाह पेश की है।

दरअसल, भारत और न्यूजीलैंड के बीच सीरीज के अगले मैच में शुभमन गिल की वापसी पर केएल राहुल को टीम से बाहर करने की सलाह दी है। बेंगलुरु टेस्ट में राहुल का प्रदर्शन बेहद खराब रहा था। पहली पारी में वह शून्य, वहीं दूसरी पारी में 12 रन बनाकर पवेलियन लौट गए थे। बता दें, गिल अपने गर्दन की परेशानी की वजह से बेंगलुरु टेस्ट में टीम का हिस्सा नहीं बन सके थे। अब दूसरे टेस्ट में गिल की वापसी की खबर सामने आई है। ऐसे में मांजरेकर का मानना है कि केएल राहुल को दूसरे टेस्ट के आराम देना चाहिए।

ईएसपीएनक्रिकइंफो से बात-चीत करते हुए पूर्व खिलाड़ी संजय मांजरेकर ने कहा कि अगर सीरीज के दूसरे मुकाबले के लिए शुभमन गिल फिट हैं तो मैनेजमेंट को राहुल को आराम देना चाहिए। और अगर गिल पुणे टेस्ट के लिए उपलब्ध नहीं होते हैं तो ऐसे में भारतीय स्टार खिलाड़ी विराट कोहली को तीसरे के बजाय चौथे नंबर पर खेलना चाहिए। इसके पीछे की वजह उन्होंने बताते हुए कहा कि टीम के तुफानी बल्लेबाज को उस जगह खिलाना जहां वह ज्यादा स्कोर नहीं बना सकते हों यह ठीक नहीं होगा।

उनकी जगह तीसरे स्थान पर केएल राहुल को मौका देना चाहिए। क्योंकि बेंगलुरु टेस्ट में मिडिल ऑर्डर में राहुल कुछ खास नहीं कर पाए थे। ऐसे में अगर उन्हें पहले मौका दिया जाए तो शायद वह कुछ कमाल दिखा सके। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि अगर गिल फिट नहीं होते हैं तो टीम मैनेजमेंट यह फैसला ले सकता है। विराट जैसे खिलाड़ी को तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए भेजना थोड़ा अनुचित है। राहुल मध्यक्रम में बहुत प्रभावी नहीं लग रहे हैं, शायद उन्हें तीसरे नंबर पर भेजा जाए। ऐसे में विराट को चौथे नंबर पर खेलने दिया जाना चाहिए।

# रणजी ट्रॉफी से बाहर निकाले गए स्टार ओपनर का छलका दर्द!

## 4 शब्दों में शेयर की पोस्ट




मुंबई, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारत में घरेलू क्रिकेट का सीजन शुरू हो चुका है। जिसमें कई सीनियर खिलाड़ियों से लेकर युवा खिलाड़ी धमाल मचाते हुए दिखाई दे रहे हैं। वहीं कुछ खिलाड़ी ऐसे हैं जो घरेलू क्रिकेट में भी फ्लॉप साबित हो रहे हैं। वहीं उनमे से एक मुंबई का खिलाड़ी भी है। जिसको दो मैचों के बाद टीम से ड्रॉप कर दिया गया है। वहीं अब टीम से ड्रॉप होने के बाद इस स्टार खिलाड़ी का दर्द छलका है। जिसके बाद सोशल मीडिया पर इस खिलाड़ी की पोस्ट काफी वायरल हो रही है।

पृथ्वी शॉ का छलका दर्द!

लंबे समय से टीम इंडिया से बाहर चल रहे सलामी युवा बल्लेबाज पृथ्वी शॉ खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं। फिलहाल रणजी ट्रॉफी में पृथ्वी मुंबई के लिए खेल रहे हैं। पहले दो मैचों में उनका प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा था। जिसके बाद तीसरे मैच से उनको ड्रॉप कर दिया गया।

टीम से ड्रॉप करने का कारण उनकी खराब फिटनेस को बताया गया है। वहीं अब टीम से ड्रॉप होने के बाद सोशल मीडिया पर पृथ्वी की एक पोस्ट काफी तेजी से वायरल हो रही है। अपनी 4 शब्द की स्टोरी में सलामी बल्लेबाज का दर्द थोड़ा छलका है। पृथ्वी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट की स्टोरी पर लिखा कि, "एक ब्रेक की जरूरत थी, धन्यवाद।"

रणजी ट्रॉफी में अजिंक्य रहाणे मुंबई टीम की कप्तानी कर रहे हैं। अब कई मीडिया रिपोर्ट में दावा किया जा रहा है कि तीसरे मैच के लिए पृथ्वी शॉ के चयन के खिलाफ खुद कप्तान अजिंक्य रहाणे थे। जिसके बाद ही शॉ ने सोशल मीडिया पर ये पोस्ट शेयर की थी। दूसरी तरफ से भी सुनने में आ रहा है कि अपनी अनुशासनहीनता के कारण महाराष्ट्र क्रिकेट संघ और इसकी चयन समिति को नाराज कर चुके हैं। क्योंकि पृथ्वी लगातार नेट सेशन में प्रैक्टिस के लिए भी नहीं पहुंच रहे हैं।

# भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने लगाई जीत की हैट्रिक, मेजबान मलेशिया को हराया



नई दिल्ली, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। तीन बार के चैंपियन भारत ने सुल्तान जोहोर कप जूनियर पुरुष हॉकी टूर्नामेंट में मेजबान मलयेशिया को 4-2 से हराकर अपना अजेय क्रम जारी रखा। भारत की यह लगातार तीसरी जीत है। भारत नौ अंकों के साथ तालिका में शीर्ष स्थान पर है, जबकि न्यूजीलैंड पांच अंकों के साथ दूसरे और ऑस्ट्रेलिया चार अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है।

भारत के लिए शारदा नंद तिवारी (11वें ), अर्शदीप सिंह (13वें), तालेम प्रियाव्रत (39वें) और रोहित (40वें मिनट) ने गोल किए, जबकि मलयेशिया के लिए मुहम्मद दानिश ऐमन (8वां मिनट) और हैरिस उस्मान (9वां मिनट) ने गोल किए। मलयेशिया ने इस मुकाबले में जोरदार शुरुआत कर भारत को बैकफुट पर धकेल दिया था। घरेलू टीम ने कप्तान मुहम्मद अदी जाजमी जमलुस के बनाए मौके पर मुहम्मद दानिश ऐमन के मैदानी गोल से बढ़त हासिल कर ली। उस्मान हैरिस ने पेनल्टी कॉर्नर पर किए गए गोल से टीम ने एक मिनट बाद अपनी बढ़त दोगुनी कर ली।

भारत की अग्रिम पंक्ति ने हालांकि आक्रामक खेल जारी रखते हुए दबाव को हावी नहीं होने दिया। शानदार लय में चल रहे ड्रैग फ्लिकर शारदा नंद सिंह ने 11वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदल कर मुकाबले में भारत की वापसी कराई। इसके दो मिनट के बाद मनमीत सिंह की मदद से अर्शदीप ने मैदानी गोल कर स्कोर को बराबर कर दिया। मैच के शुरुआती क्वार्टर में चार गोल हुए, लेकिन दूसरा क्वार्टर गोलरहित रहा।

हॉफ टाइम के बाद तीसरे क्वार्टर के खेल में दोनों टीमों ने बढ़त लेने के लिए पूरी जोरआजमाईश की लेकिन सफलता भारत को मिली। प्रियव्रत ने सर्कल के किनारे से गोल कर मैच के 39वें मिनट में भारत ने 3-2 की बढ़त दिला दी। इसके बाद रोहित ने बेहतरीन पेनाल्टी कॉर्नर स्ट्राइक से भारत की बढ़त को दोगुना कर दिया। मलयेशिया ने चौथे क्वार्टर की शुरुआत में पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया लेकिन टीम इसे गोल में बदलने में विफल रही। इसके बाद दोनों टीमें गोल करने के मौके को भुनाने में नाकाम रही और भारत ने 4-2 से जीत दर्ज की।

# न्यूजीलैंड बनाम भारत सीरीज के बीच कीवी बल्लेबाज ने रचा इतिहास

## ठोका सबसे तेज दोहरा शतक




खेल डेस्क, , 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। न्यूजीलैंड की टीम इन दिनों भारत के दौरे पर है। जहां दोनों टीमों के बीच तीन मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जा रही है। सीरीज का पहला मैच जीतकर कीवी टीम 1-0 से आगे है। वहीं दूसरी तरफ लिस्ट ए क्रिकेट में न्यूजीलैंड के बल्लेबाज का कोहराम देखने को मिला है। कीवी बल्लेबाज ने भारत और ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजों को पीछे छोड़ते हुए के नया इतिहास रच दिया है। अब ये कीवी बल्लेबाज लिस्ट ए क्रिकेट में सबसे तेज दोहरा शतक लगाने वाला खिलाड़ी बन गया है। न्यूजीलैंड में इन दिनों वनडे टूर्नामेंट फोर्ड ट्रॉफी खेली जा रही है। जिसके छठे मैच में कैंटबरी की तरफ से शानदार बल्लेबाजी करते हुए चाड बोवेस ने सबसे तेज दोहरा शतक लगाकर इतिहास रच दिया है। अभी तक ये रिकॉर्ड भारत के नारायण जगदीसन और ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड के नाम था। इन दोनों ने संयुक्त रूप से लिस्ट ए क्रिकेट में सबसे तेज दोहरा शतक लगाने का कारनामा किया था। अब चाड बोवेस ने इन दोनों खिलाड़ियों को पीछे छोड़ दिया है। नारायण जगदीसन और ट्रेविस हेड दोनों ने 114-114 गेंदों पर दोहरा शतक लगाया था। इस मैच में टॉस जीतकर ओटागो ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था। जिसके बाद पहले बल्लेबाजी करने का मौका कैंटबरी को मिला। हालांकि कैंटबरी के कुछ विकेट जल्दी गिर गए थे लेकिन फिर क्रीज पर आए चाड बोवेस ने ओटागो के गेंदबाजी की पिटाई करना शुरू किया। बोवेस ने इस मैच में अपना अर्धशतक 26 गेंदों पर पूरा किया, इसके बाद शतक पूरा करने के लिए चाड को 53 गेंद लगी, वहीं 77 गेंदों पर चाड 150 रन पूरे कर चुके थे। इसके बाद महज 103 गेंदों पर चाड बोवेस ने दोहरा शतक लगाकर इतिहास रच दिया।

# जर्मन डिफेंस के आगे घुटनों पर भारतीय टीम

## नहीं दाग सकी एक भी गोल, बुरी तरह हारी



नई दिल्ली, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। नई दिल्ली के मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में दो टेस्ट मैचों की द्विपक्षीय सीरीज के पहले मैच में भारतीय पुरुष हॉकी टीम को जर्मनी से हार का सामना करना पड़ा है। जर्मन टीम ने भारतीय खेमे को पूरे मैच में बांधे रखा और एक भी गोल दागने में कामयाब नहीं होने दिया। जर्मनी टीम के लिए विंडफेडर और मर्टगेंस ने एक-एक गोल दागा। जर्मन डिफेंस ने भारतीय आक्रामण का बखूबी सामना किया। सीरीज का दूसरा मैच कल खेला जाएगा। बता दें कि जर्मनी ने पेरिस ओलंपिक में भारतीय टीम को सेमीफाइनल में हराया था। उसके बाद वे दोनों पहली बार आमने-सामने थे।

दो टेस्ट मैचों की द्विपक्षीय सीरीज के पहले मैच में भारतीय पुरुष हॉकी टीम को जर्मनी ने 2-0 से हरा दिया है। नई दिल्ली के मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में जर्मन टीम ने भारतीय टीम को एक भी गोल दागने नहीं दिया। जर्मनी टीम ने विंडफेडर और मर्टगेंस ने गोल दम पर मैदान मार लिया। भारतीय टीम वापसी ही नहीं कर पा रही है। तीन क्वार्टर तक जर्मनी लगातार 2-0 से आगे चल रही है। अब आखिरी 15 मिनट का खेल बचा है। अगर ऐसा ही चलता रहा तो ओलंपिक मेडल जीतकर भारत पहुंचने के बाद अपने पहले ही मैच में हरमनप्रीत सिंह एंड कंपनी को हार का मुंह देखना पड़ेगा।

# विधु विनोद चोपड़ा के बेटे अग्नि चोपड़ा ने खेल के मैदान में मचाई तबाही

## आईपीएल के इन टीमों में हो सकती है एंट्री



नई दिल्ली, 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। बॉलीवुड में अपनी फिल्मों के जरिए मशहूर डायरेक्टर विधु विनोद चोपड़ा जैसे धमाल मचाते हैं वैसे ही उनके बेटे ने खेल के मैदान में धूम मचा दी है। पीके, 12वीं फेल और संजू जैसी फिल्मों का निर्देशन कर चुके विधु विनोद चोपड़ा के बेटे अग्नि चोपड़ा ने रणजी ट्रॉफी में मेघालय की ओर से बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में शतक, वहीं दूसरी पारी में दोहरा शतक जड़ इतिहास रच दिया है। बता दें, अग्नि पहले ऐसे बल्लेबाज बन गए हैं जिन्होंने अपने पहले चार फर्स्ट क्लास मैचों में चार शतक जड़े हो।

रणजी ट्रॉफी 2024-25 में अरुणाचल के खिलाफ मिजोरम की ओर से बल्लेबाजी करने उतरे अग्नि ने पहली पारी में 110 रन बनाए। वहीं, दूसरी पारी के दौरान 209 गेंदों का सामना करते हुए 33 चौके और 5 छक्कों के साथ 238 रन बना दिए। अग्नि के इस शानदार पारी को देखते हुए फैंस के मन में सवाल खड़े हो रहे हैं कि, क्या वह आगामी आईपीएल 2025 में हिस्सा लेंगे? अगर हां तो मेगा ऑक्शन में कौन-कौन सी टीमें उनमें दिलचस्पी दिखाएंगी? तो चलिए जानते हैं 3 संभावित टीमों के बारे में जो आगामी मेगा ऑक्शन में अग्नि के लिए बोली लगा सकती है।

मुंबई इंडियंस आईपीएल 2025 के मेगा ऑक्शन में मिजोरम के बल्लेबाज अग्नि चोपड़ा की बोली लगाने में सबसे ज्यादा संभावनाएं टूर्नामेंट की सफल टीमों में से एक मुंबई इंडियंस से है। क्योंकि, मिजोरम के लिए डोमेस्टिक क्रिकेट खेलने से पहले अग्नि जूनियर लेवल पर मुंबई के लिए खेलते थे। ऐसे में माना जा रहा है कि मुंबई इंडियंस अग्नि को अपने पाले में लाना चाहेगी। लेकिन यह देखना काफी दिलचस्प होगा कि क्या मुंबई मेगा ऑक्शन में अग्नि पर बोली लगाएगी?

रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु इसी साल रणजी ट्रॉफी में डेब्यू करने वाले अग्नी ने अपने पहले मुकाबले में ही शतक जड़ दिया था। आपको बता दें, 91.13 की औसत और 98.55 की स्ट्राइक रेट से बल्लबाजी करने वाले अग्नि ने अब तक अपने 8 फर्स्ट क्लास मैचों में 7 शतक और 4 अर्धशतक लगा चुके हैं। जानकारी के मुताबिक रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु को इस समय मिडिल ऑर्डर बल्लेबाज की तलाश है। ऐसे में अग्नि उनके लिए एक अच्छा ऑप्शन साबित हो सकते हैं।

पंजाब किंग्स आईपीएल के पिछले सीजन में पंजाब किंग्स का मिडिल ऑर्डर काफी कमजोर रहा था। हालांकि, इस दौरान आशुतोष शर्मा और शशांक सिंह जैसे युवा खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया था लेकिन ओवरऑल देखा जाए तो टीम को मिडिल ऑर्डर में बदलाव की काफी जरूरत है। ऐसे में माना जा रहा है कि पंजाब किंग्स भी अग्नि के लिए बोली लगा सकती है।

# क्रिस गेल के देश में मचा हड़कंप

## मैच के दौरान पांच लोगों की गोली मारकर की गई हत्या, कई घायल



किंग्स्टन, , 23 अक्टूबर (एजेंसियां)। फुटबॉल जगत से जुड़ी एक बड़ी खबर सामने आई है. जमैका में एक फ्रेंडली फुटबॉल मैच के दौरान दिल दहला देने वाली घटना घटी है. मैदान में कई बार फैंस अपने टीम को सपोर्ट करने के लिए आपस में भिड़ जाते हैं, ऐसी घटना कई बार देखने को मिली है. लेकिन किंग्स्टन के रॉकफोर्ट स्थित प्लीजेंट हाइट्स में एक फुटबॉल मैच के दौरान धना धन गोलियां चलाई गईं. इस दौरान मौके पर ही 5 लोगों की मौत हो गई. वहीं, कई लोग घायल भी बताए जा रहे हैं.

स्थानीय पुलिस के मुताबिक, किंग्स्टन के रॉकफोर्ट स्थित प्लीजेंट हाइट्स में एक फुटबॉल मैच के दौरान हुए हमले में पांच लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई. किंग्स्टन ईस्टर्न पुलिस के प्रमुख अधीक्षक टॉमिली चेम्बर्स ने बताया कि गोलीबारी की घटना रात 8 बजे घटी. जमैका कांस्टेबुलरी फोर्स की सूचना शाखा, कांस्टेबुलरी कम्युनिकेशन यूनिट ने भी घटना की पुष्टि की है. वहीं, इस घटना में कितने लोग घायल हुए हैं, इसकी जानकारी पुलिस की ओर से नहीं दी गई है.

प्लीजंट हाइट्स को पहले वारेका हिल्स के नाम से जाना जाता था. इस जगह का अतीत हिंसक रहा है, विशेष रूप से घातक गिरोह झगड़ों के कारण, ये जगह बदनाम है. किंग्स्टन ईस्टर्न डिवीजन के अधीक्षक टॉमीली चैंबर्स ने जमैका ऑब्जर्वर ऑनलाइन के हवाले से कहा, 'सात लोगों को गोली मारी गई और पांच लोगों की मौत हो गई.' रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि पुलिस ने गोली मारकर मारे गए पांच लोगों में से चार की पहचान कर ली है. इसके अलावा पुलिस ने इस घटना के बाद इलाके में 48 घंटे का कर्फ्यू लगा दिया है.

### पुलिस को गैंगवार की आशंका

अधीक्षक चैंबर्स ने कहा कि यह निर्धारित करना जल्दबाजी होगी कि यह ताजा घटना किसी गैंगवार से जुड़ी है या नहीं. लेकिन उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अपराध और हिंसा को कम करने के लिए प्रगति की जा रही है. उन्होंने कहा, 'रॉकफोर्ट समुदाय में दो सालों से अधिक समय से शांति बनी हुई है.' बता दें, वेस्टइंडीज के दिग्गज क्रिकेटर क्रीस गेल का जन्म भी जमैका के किंगस्टन में ही हुआ था. क्रिकेट की दुनिया में जमैका क्रीस गेल की वजह से ही जाना जाता है.

# चोरी और खोए 800 मोबाइल फोन बरामद

## बरामद मोबाइल फोन का मूल्य 2.40 करोड़



हैदराबाद, 23 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। डीसीपी क्राइम के. नरसिम्हा, आईपीएस के नेतृत्व में साइबराबाद पुलिस की सीसीएस, आईटी सेल और सोशल मीडिया टीमों ने पिछले 35 दिनों में 800 चोरी हुए और खोए हुए मोबाइल फोन सफलतापूर्वक बरामद किए हैं। सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर ( सीईआईआर) पोर्टल का उपयोग करते हुए, बरामद किए गए फोनों की कीमत 2.40 करोड़ है। मंगलवार को साइबराबाद कमिश्नरेट मेन कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित एक औपचारिक कार्यक्रम में मोबाइल फोन उनके असली मालिकों को सौंप दिये गये। डीसीपी क्राइम के. नरसिम्हा ने कहा, "पिछले 35 दिनों में, साइबराबाद पुलिस ने 800 मोबाइल फोन बरामद किए है। इनमें से 135 माधापुर सीसीएस द्वारा, 140 बालानगर सीसीएस द्वारा, 101 मेडचल सीसीएस द्वारा, 133 राजेंद्रनगर सीसीएस द्वारा, 72 शमशाबाद सीसीएस द्वारा, 105 मेडचल ज़ोन द्वारा और 101 आईटी सेल द्वारा बरामद किए गए।" डीसीपी ने चोरी की वस्तुओं की खरीद या बिक्री से बचने के महत्व पर जोर दिया, क्योंकि यह एक दंडनीय अपराध है। उन्होंने सलाह दी, "अपनी संपत्ति की रक्षा करें और लापरवाही से बचें। साइबर अपराध बढ़ रहे हैं, और धोखेबाज व्यक्तियों को ब्लैकमेल करने के लिए अनुचित वीडियो कॉल करने जैसी रणनीति का उपयोग कर रहे हैं।" उन्होंने आगे लोगों को यूपीआई धोखाधड़ी के बारे में चेतावनी दी और मोबाइल उपकरणों को संभालते समय सावधानी बरतने का आग्रह किया, खासकर संदिग्ध लिंक से बचने का। उन्होंने कहा, "मोबाइल फोन हमारे दैनिक जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जिनमें संवेदनशील जानकारी और व्यक्तिगत यादें होती हैं। चोर लगातार आते रहते हैं, और इन फोन को बरामद करने में समान रूप से सतर्क रहना हमारी जिम्मेदारी है। उच्च स्तर की शिक्षा के बावजूद, बहुत से लोग अभी भी इस बात से अनजान हैं कि चोरी हुए मोबाइल फोन का दुरुपयोग होने से कैसे रोका जाए।" डीसीपी ने लोगों को अपने नजदीकी पुलिस स्टेशन में या सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से खोए या चोरी हुए मोबाइल फोन की रिपोर्ट करने के लिए प्रोत्साहित किया, जो सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में उपलब्ध है। उन्होंने जोर देकर कहा कि सीईआईआर पोर्टल का उपयोग चोरी हुए फोन के दुरुपयोग को रोक सकता है और तेजी से रिकवरी सुनिश्चित कर सकता है। साइबर अपराधों के लिए, उन्होंने नागरिकों से 1930 डायल करने या cybercrime.gov.in पर जाने और चोरी के बाद जितनी जल्दी हो सके शिकायत दर्ज करने का आग्रह किया। बरामद किए गए फोन के कई प्राप्तकर्ताओं ने अपनी कहानियाँ साझा कीं और अपने उपकरणों को बरामद करने में उनकी त्वरित कार्रवाई के लिए साइबराबाद पुलिस के प्रति आभार व्यक्त किया। डीसीपी क्राइम के. नरसिम्हा ने सीसीआरबी, एसीपी क्राइम कलिंग राव, सीसीएस एसीपी के. शशांक रेड्डी, आईटी सेल इंस्पेक्टर जगदीश्वर, राजेंद्रनगर सीसीएस इंस्पेक्टर संजय कुमार, शमशाबाद सीसीएस इंस्पेक्टर पवन, बालानगर सीसीएस इंस्पेक्टर राजू, मेडचल सीसीएस इंस्पेक्टर नरसिम्हा, मेडचल डीआई वेंकट रेड्डी, साथ ही एएसआई, हेड कांस्टेबल, महिला पुलिस कांस्टेबल और आईटी सेल, सीसीएस टीमों को रिकवरी ऑपरेशन में उनके उत्कृष्ट प्रयासों के लिए सराहना की।

# केंद्रीय मंत्री बंडी संजय को कानूनी नोटिस

## अपमानजनक टिप्पणी का मामला





हैदराबाद, 23 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामाराव ने बुधवार को केंद्रीय मंत्री और भाजपा सांसद बंडी संजय को उनके खिलाफ निराधार और अपमानजनक टिप्पणी करने के लिए कानूनी नोटिस जारी किया। उन्होंने बंडी संजय से मांग की कि वह तुरंत अपने बयान वापस लें और एक सप्ताह के भीतर बिना शर्त सार्वजनिक माफी मांगें, अन्यथा उनके खिलाफ आपराधिक मानहानि का मुकदमा शुरू किया जाएगा।

यह विवाद बंडी संजय की मीडिया में हाल ही में की गई टिप्पणियों से उपजा है, जिसमें उन्होंने रामाराव पर पिछली बीआरएस सरकार के दौरान नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध फोन टैपिंग में शामिल होने का आरोप लगाया था। संजय ने यह भी आरोप लगाया कि कानूनी नतीजों से बचने के लिए रामाराव ने मुख्यमंत्री ए.रेवंत रेड्डी के साथ गुप्त समझौता किया था। रामाराव ने अपने नोटिस में कहा कि ये आरोप झूठे और अपमानजनक हैं और इनका उद्देश्य मेरी प्रतिष्ठा और राजनीतिक छवि को धूमिल करना है। उन्होंने इस मामले में संजय पर अपने पिता और पूर्व मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव का नाम अनावश्यक रूप से घसीटने का भी आरोप लगाया। इसके अलावा, बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष ने जोर देकर कहा कि आरोपों से व्यापक नुकसान हुआ है, खासकर इसलिए क्योंकि मीडिया और सोशल मीडिया दोनों ने उन्हें बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया, जिससे लोगों को गुमराह किया गया और गलतफहमी पैदा हुई। उन्होंने सभी आरोपों का जोरदार खंडन किया और कहा कि ये आरोप जानबूझकर लगाए गए हैं, जिसका उद्देश्य उन्हें और उनके परिवार को बदनाम करना है।

### कानूनी नोटिस से मैं डरने वाला नहीं : बंडी

हैदराबाद, 23 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। केंद्रीय मंत्री बंडी संजय ने स्पष्ट किया कि वे कानूनी नोटिस से डरे नहीं हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वे केटीआर के कानूनी नोटिस का जवाब देंगे। संजय ने एक बयान में कहा कि अगर केटीआर उन्हें कानूनी नोटिस से डराना चाहते हैं, तो इससे डरने वाला कोई नहीं है। उन्होंने कहा, "यह देखकर दुख होता है कि केटीआर ने राजनीतिक रूप से उनका सामना करने की हिम्मत दिखाए बिना कानूनी नोटिस दिया है। मैं ऐसे नोटिस से नहीं डरता।" संजय ने दावा किया कि यह केटीआर ही थे, जिन्होंने सबसे पहले उनके खिलाफ व्यक्तिगत आरोप लगाए और उनका अपमान किया और कहा कि उन्होंने केवल आरोपों का जवाब दिया।

## फ्लाईओवर कार्यों को युद्ध स्तर पर पूरा करें : आयुक्त

हैदराबाद, 23 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम (जीएचएमसी) के आयुक्त के. इलमबरिथी ने अधिकारियों को रणनीतिक सड़क विकास योजना (एसआरडीपी) के हिस्से के रूप में शुरू किए गए फ्लाईओवर कार्यों को युद्ध स्तर पर पूरा करने का निर्देश दिया। जीएचएमसी आयुक्त ने हैदराबाद महानगर विकास प्राधिकरण (एचएमडीए) आयुक्त सरफराज अहमद के साथ शिल्पा लेआउट चरण 2 फ्लाईओवर और आरामगढ़-चिड़ियाघर पार्क फ्लाईओवर के कार्यों का निरीक्षण किया।

# पुलिस की वजह से खुश हुआ सीनियर सिटीजन

### साइबर धोखाधड़ी में गए 53 लाख मिले वापस

हैदराबाद, 23 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद पुलिस की साइबर अपराध इकाई ने हाल ही में एक वरिष्ठ नागरिक को 53 लाख रुपये वापस दिलाए, जिन्होंने साइबर धोखाधड़ी में यह राशि खो दी थी। साइबर जालसाजों ने सीबीआई के अधिकारी बनकर 84 वर्षीय पीड़ित से संपर्क किया और पीड़ित को धमकाते हुए कहा कि वह 68 करोड़ रुपये के वित्तीय धोखाधड़ी मामले में शामिल है। शिकायतकर्ता को डर था कि उसे जेल हो जाएगी। कॉल के बाद पीड़ित ने जालसाजों द्वारा बताए गए बैंक खाते में 2 करोड़ 88 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। शिकायत के आधार पर साइबर क्राइम यूनिट ने मामला दर्ज कर बैंकों को नोटिस भेजा, धोखाधड़ी की गई रकम जब्त की और शिकायतकर्ता को कोर्ट में याचिका दायर करने के लिए निर्देशित किया।



तेलंगाना राज्य विश्वविद्यालयों के नवनियुक्त कुलपतियों ने मंगलवार को राजभवन, हैदराबाद में राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा से मुलाकात की।

# दलित संगठनों ने अंबेडकर की प्रतिमा की दीवार गिराई

## टैंक बंड पर बढ़ा तनाव

हैदराबाद, 23 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। दलित संगठनों द्वारा मंगलवार रात डॉ. बीआर अंबेडकर प्रतिमा के चारों ओर नवनिर्मित दीवार को गिरा दिए जाने के बाद टैंक बंड में तनाव व्याप्त हो गया हैं। बाबा साहब अंबेडकर जिंदाबाद के नारे लगाते हुए दलित संगठन के सदस्यों ने प्रतिमा के चारों ओर पैरापेट दीवार की ऊंचाई बढ़ाने के कदम की निंदा की। राजनीतिक दलों और संगठनों से इतर, समाज के विभिन्न वर्गों के लोग स्वतंत्रता सेनानी और भारतीय संविधान के निर्माता को उनकी जयंती और पुण्यतिथि के दौरान श्रद्धांजलि देने के लिए बीआर अंबेडकर की प्रतिमा पर इकट्ठा होते हैं। पैरापेट दीवार की ऊंचाई बढ़ाने का कदम कुछ दलित संगठनों को पसंद नहीं आया है।



जैसे ही सदस्यों ने नई दीवार को गिराया, पुलिस मौके पर पहुंच गई और कुछ लोगों को हिरासत में ले लिया। बीआरएस ने प्रतिमा के चारों ओर नई दीवार बनाने के कदम का विरोध किया।

ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम (जीएचएमसी) ने देर रात एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि शहर में प्रमुख जंक्शनों को बेहतर बनाने के प्रयासों के तहत पैरापेट दीवार का निर्माण किया गया था। इसमें संसद भवन की प्रतिकृति भी शामिल हैं, जो भारत के संविधान और संसदीय लोकतंत्र में अंबेडकर के अपार योगदान का प्रतीक है।

# गोशामहल में बडा हादसा टला, ढह गया नाला



हैदराबाद, 23 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता) गोशामहल में आज तडके एक बडा हादसा टल गया। दरअसल सुबह-सुबह जब सडक पर यातायात नहीं था, तब दारूसलाम से चाकनावाडी जाने वाली सडक पर बना बडा सीवरेज का नाला भर भराकर ढह गया। गनीमत रही कि कोई हताहत नहीं हुआ। इस नाले पर कई प्लाईवुड की दुकानें भी हैं, जिन्हें खास नुकसान नही हुआ। गौरतलब है कि इससे पहले भी इसी नाले से 200 मीटर दूरी पर ऐसी ही एक दुर्घटना दिनदहाडे घटी थी, जिसके कारण कई वाहन क्षतिग्रस्त हो गये थे। पिछली सरकार ने इस क्षेत्र की नाले की समस्या का स्थाई हल ढूँढने का प्रयास किया था, किन्तु दारूसलाम के ऊपरी क्षेत्रों से आने वाले बरसाती पानी को रोक पाना मुमकीन नहीं लग रहा है। खैर, बडा हादसा टल जाने से लोगों ने राहत की साँस ली है।

स्टेट बैंक आफ इण्डिया, क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय-04, बिदर-585401

निविदा आमंत्रण सूचना

पट्टे या लीज पर परिसर चाहिए

क्षेत्रीय प्रबंधक, स्टेट बैंक आफ इण्डिया, क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय, डेप्युटी कमीशनर्स आफिस के पास, शिवाजी चौक, बिदर-585401 द्वारा एसबीआई, एसबीआई क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय, बिदर(63892) शाखा के लिए, वाणिज्यिक/कार्यालयीन उपयोग हेतु लगभग 4000 स्के.फीट से 5000 स्के.फीट युक्त निर्मित क्षेत्र, परिसर पट्टे या लीज, किराया आधार पर लेने हेतु, संपत्ति जायदाद मालिकों/पावर आफ अटार्नी धारकों से, निविदाएं आमंत्रित हैं तथा तत्संबंधित निर्मित क्षेत्र परिसर, जो मौजूदा एसबीआई बैंक, एसबीआई क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय, बिदर(63892) से तत्संबंधित एसबीआई शाखा के मेन रोड पर, 1 किमी की परिधि में स्थित होना चाहिए।

उपरोक्त परिसर में सभी सुविधाएं जैसे पर्याप्त पावर लोड, पानी की आपूर्ति, पार्किंग स्थल, जनरेटर व्यवस्था, ई-लाबी तथा वी-सैट, गुड फ्रन्टेज( निःशुल्क) आदि होनी चाहिए। तत्संबंधित संपूर्ण परिसर जो एक ही तल (सिंगल फ्लूर) पर अर्थात् भू तल (ग्राउण्ड फ्लूर) पर स्थित होना चाहिए। उपरोक्त परिसर या प्लाट जो दखलकारी(पजेशन) /आधिपत्य (आक्युपेशन) के लिए तैयार होना चाहिए। विस्तृत विवरण, नियम व शर्तों से युक्त तकनीकी बोली तथा मूल्य बोली की प्रस्तुति से जुडे फार्मट को, एसबीआई इन दि न्यूज/प्रोक्यूरमेन्ट न्यूज के तहत दि.24-10-2024 से 07-11-2024 तक, एसबीआई वेबसाइटः www.sbi.co.in से डाउनलोड कर सकते हैं। इस मामले में, सरकारी विभागों के स्वामित्व से जुडे, पब्लिक सेक्टर युनिट्स/बैंकों को ही प्रधानता दी जायेगी। यथावत रूप से संपूर्ण भरे हुए प्रस्तावों या आफर्स को, मुहरबंद लिफाफे में डालकर, दि.07-11-2024 के दोपहर 3.00 बजे तक या इससे पहले, स्टेट बैंक आफ इण्डिया, क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय, डेप्युटी कमीशनर्स आफिस के पास, शिवाजी चौक, बिदर-585401 को प्रस्तुत करना चाहिए। एसबीआई बैंक के पास, कोई भी कारण न देते हुए, किसी भी या सभी प्रस्तावों को स्वीकार या अस्वीकार करने का पूरा अधिकार सुरक्षित रहेगा। इस मामले में दलालों या ब्रोकरों पर कतई विचार नहीं किया जायेगा।

हस्ता./-

क्षेत्रीय प्रबंधक, स्टेट बैंक आफ इण्डिया,

क्षेत्रीय व्यवसाय कार्यालय-04, बिदर

## त्यौहारों पर आरटीसी की चाँदी, 307 करोड अतिरिक्त कमाये

हैदराबाद, 23 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता) तेलंगाना राज्य सडक परिवहन निगम (आरटीसी) ने बतुकम्मा व दशहरा से पहले और बाद में अतिरिक्त बसों को संचालन कर न केवल यात्रियों को सुविधा देकर वाह-वाही बटोरी, बल्कि अच्छा-खासा राजस्व भी बटोरा।

गौरतलब हैं कि इस दौरान आरटीसी ने लोगों से करीब डेढा चार्ज भी वसूला था। अक्टूबर 1 से 15 के बीच आरटीसी ने 10,512 बसें अतिरिक्त चलाई और 307.16 करोड का अतिरिक्त मुनाफा भी हासिल किया।

इससे पूर्व इसी सीजन के दौरान आरटीसी ने अतिरिक्त बसें तो चलाई थी, लेकिन साधारण किराया ही लोगों से लिया था।


आरटीसी के प्रबंध निदेशक सज्जनार ने यह जानकारी देते हुए बताया कि हाल ही में सोशल मीडिया के जरिये संज्ञान में आया कि कुछ क्षेत्रों में भीड ज्यादा और बसें बहुत कम हैं, ऐसे स्थानों पर अतिरिक्त बसों का संचालन किया जाएगा।

# साइबर अपराध में वृद्धि, बैंक कर्मचारियों की भूमिका की होगी जांच

## दिशा-निर्देशों का पालन नहीं कर रहे बैंक बुनियादी सत्यापन को कर दिया जा रहा नजरअंदाज

हैदराबाद, 23 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। लोगों को ठगने के लिए साइबर धोखेबाजों द्वारा 'खच्चर बैंक खातों' का उपयोग करने के मामलों में उल्लेखनीय वृद्धि के साथ, साइबर अपराध अधिकारी अब महत्वपूर्ण साइबर धोखाधड़ी अपराधों में बैंक अधिकारियों की मिलीभगत की पुष्टि कर रहे हैं। पुलिस ने पाया कि शहर और देश के अन्य हिस्सों में विभिन्न बैंकों में चालू बैंक खाते भी खोले गए थे।

बैंक अधिकारियों ने बैंक खाते खोलते समय बुनियादी सत्यापन को नज़रअंदाज़ कर दिया और संदिग्ध बड़े लेन-देन को भी चिह्नित करने में विफल रहे। तेलंगाना पुलिस ने जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए थे और बैंक प्रबंधन को बैंक खातों के सत्यापन में लापरवाही के कारण होने वाली धोखाधड़ी के बारे में लिखा था। हालांकि, बैंक अधिकारी पुलिस की सलाह को नजरअंदाज करते



पाए गए, जिसके कारण आपराधिक मामले सामने आए।

तेलंगाना साइबर सुरक्षा ब्यूरो के एक अधिकारी ने कहा कि हर बड़े मामले में हम बैंक अधिकारियों की मिलीभगत की पुष्टि कर रहे हैं और अब उनके खिलाफ आपराधिक कार्रवाई शुरू कर रहे हैं। पुराने शहर में एक बैंक के दो अधिकारियों को पहले ही एक बड़े वित्तीय धोखाधड़ी में उनकी मिलीभगत के लिए गिरफ्तार किया गया था। जांच से पता चला है कि दलालों का एक समूह कमीशन के बदले में कुछ लोगों के क्रेडेंशियल का उपयोग करके धोखेबाजों के लिए बैंक खाते खोलने की सुविधा प्रदान कर रहा है। अधिकारी ने कहा कि पैसे के हस्तांतरण की सुविधा के लिए खाताधारक को कमीशन का भुगतान किया जाता है। साथ ही, बैंक अधिकारियों को भी इस घटना पर आंख मूंदने के लिए कुछ राशि का भुगतान किए जाने का संदेह है।

राज्य पुलिस ने भारतीय रिजर्व बैंक को पत्र लिखकर बैंक खाता खोलने से पहले विवरणों की जांच करने के लिए एक व्यापक तंत्र बनाए रखने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला था। इस संबंध में स्थानीय बैंक प्रबंधन के साथ बैठकें की गई थीं। अधिकारी ने कहा कि तेलंगाना में हम राज्य के बैंक कर्मचारियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं। अन्य स्थानों पर हम स्थानीय पुलिस और आरबीआई से बैंकों को दिशा-निर्देशों का पालन करने के लिए कह रहे हैं।

# उबर चालक के लिए 5 लाख मुआवजे की मांग



हैदराबाद, 23 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना गिग एंड प्लेटफॉर्म वर्कर्स यूनियन (टीजीपीडब्ल्यूयू) ने मृतक उबर ड्राइवर के लिए 5 लाख रुपये मुआवजे की मांग की और एग्रीगेटर कंपनियों से जवाबदेही लेने को कहा। मृतक जी श्याम सुन्दर की 21 अक्टूबर को काचीगुडा से चादरघाट जाते समय दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। टीजीपीडब्ल्यूयू ने तेलंगाना में ओला, उबर और रैपिडो जैसी एग्रीगेटर कंपनियों द्वारा कैब सेवाओं के रूप में सुरक्षा उपायों की कमी और बाइक टैक्सी सेवाओं के अवैध संचालन पर चिंता जताई।

टीजीपीडब्ल्यूयू ने सुंदर के परिवार के लिए श्रमिक मुआवजा अधिनियम के अनुसार मुआवजे की मांग की है और अवैध बाइक टैक्सी परिचालन को समाप्त करने के लिए परिवहन कानूनों को सख्ती से लागू करने तथा सभी एग्रीगेटर प्लेटफॉर्म से जवाबदेही सुनिश्चित करने की मांग की है। टीजीपीडब्ल्यूयू के अध्यक्ष शेख सलाउद्दीन ने कहा कि यह अस्वीकार्य है कि ये कंपनियां परिवहन नियमों का उल्लंघन करते हुए काम करती हैं जबकि कर्मचारी असुरक्षित है। हम सरकार और इन प्लेटफार्मों से इस त्रासदी की जिम्मेदारी लेने और आगे की घटनाओं को रोकने के लिए तत्काल कार्रवाई की मांग करते हैं।

## शिक्षा आयोग में अल्पसंख्यक प्रतिनिधि क्यों नहीं?

हैदराबाद, 23 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। मजलिस बचाओ तहरीक (एमबीटी) के प्रवक्ता अमजदुल्लाह खान ने बुधवार को तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी से राज्य के शिक्षा आयोग में कोई मुस्लिम प्रतिनिधि नहीं होने पर सवाल उठाया। उन्होंने मुख्यमंत्री पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के एजेंडे को लागू करने का आरोप लगाया और कहा कि रेड्डी ने राज्य में विभिन्न आयोगों के अध्यक्ष के रूप में 40 लोगों को नियुक्त किया है, जिनमें से केवल एफईईडी निगम का अध्यक्ष मुस्लिम है। एमबीटी प्रवक्ता ने मांग की कि अल्पसंख्यकों को भी तेलंगाना शिक्षा आयोग का उपाध्यक्ष या सदस्य नियुक्त किया जाना चाहिए तथा सरकारी आदेश संख्या 18 और 33 में अल्पसंख्यक शब्द को शामिल किया जाना चाहिए।

# अपनों ने जीते-जी श्मशान पहुँचाया

राजन्ना सिरसिल्ला, 23 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता) मरने के बाद तो हर किसी को श्मशान ले जाया जाता हैं, लेकिन क्या आपने सुना है कि किसी को जीते-जी ही उसके अपने सगे-संबंधी सिर्फ इसलिए श्मशान पहुँचा देते हैं कि उसे मरने तक कौन रखेगा? जी हाँ, जिले के तंगल्लपल्ली गाँव की बदनसीब कुकुट्ला राजव्वा(60) के साथ कुछ ऐसा ही हुआ, हालाँकि तहसीलदार और एसआई ने जैसे-तैसे राजव्वा को उसके भाई के बेटे के घर भिजवाया।

हाल ही में राजव्वा के पति की मौत हो गयी थी और बीमार होने के बावजूद राजव्वा अकेले किराये के घर में रह रही थी। पद्मानगर ग्राम पंचायत में सफाईकर्मी राजव्वा के बच्चे नहीं है। पिछले कुछ समय से वह काफी बीमार रहने लगी थी। किडनी में समस्या के कारण परेशान राजव्वा को उसके भाई का बेटा तिरूपति अपने घर ले गया।

इस बीच राजव्वा की बहनें बस्वापुर,मंडेपल्ली निवासी भूमल्ला और ऐलव्वा उसे देखने तंगल्लपल्ली आईं और हालत खराब देख उसे सिरसिल्ला सरकारी अस्पताल में भर्ती करवा दिया। दो दिन बाद डाक्टरों ने हाथ झटक दिया तो बहनों ने राजव्वा को तिरूपति के घर छोड दिया, लेकिन तिरूपति ने यह कहकर रखने से इनकार कर दिया कि राजव्वा को उसकी बहनें अपने घर ले जाए।

तिरूपति का कहना था कि अस्पताल ले जाते समय दोनों बहनों ने कहा था कि वे राजव्वा को अपने घर ले जाएगी। जब कोई राजव्वा को रखने तैयार नहीं हुआ तो उसे जीते-जी श्मशान में ले जाकर रख दिया गया। यह बात जंगल में आग की तरह फैल गई। कोई राजव्वा की बहनों को कोस रहा था तो कोई तिरूपति को, लेकिन राजव्वा का कोई अपना नहीं था। आखिरकार तहसीलदार जयंतकुमार और एसआई राममोहन ने समझा-बुझाकर राजव्वा को तिरूपति के घर भिजवाया।

## एससीआर ने रद्द कीं आठ ट्रेनें

हैदराबाद, 23 अक्टूबर (स्वतंत्र वार्ता)। दक्षिण मध्य रेलवे (एससीआर) ने बुधवार को चक्रवात दाना के मद्देनजर 8 विशेष रेलगाड़ियां रद्द कर दीं। चक्रवात दाना 24 अक्टूबर की रात को ओडिशा में दस्तक दे सकता है।

ट्रेन संख्या 12703 हावड़ा-सिकंदराबाद, 18045 शालीमार-हैदराबाद, 12514 सिलचर-सिकंदराबाद, 12513 सिकंदराबाद-सिलचर, 17016 सिकंदराबाद-भुवनेश्वर, 18046 हैदराबाद-हावड़ा, 12704 सिकंदराबाद-हावड़ा, 03429 सिकंदराबाद-मालदा टाउन रद्द कर दी गई है।




Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.